धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, मंगलवार

21.01.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net

माघ, कृष्ण पक्ष, सप्तमी, संवत् 2081

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 191



12 फिल्म 'छावा' के पोस्टर पर कैटरीना कैफ ने दी प्रतिक्रिया

## न्यूज डायरी

### हेमंत की अध्यक्षता में आज कैबिनेट की बैठक

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड कैबिनेट की बैठक 21 को होगी। बैठक शाम को प्रोजेक्ट भवन में शुरू होगी। इसमें कई अहम निर्णय लिये जायेंगे। यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने सोमवार को दी।

### गुमला में मुठभेड़, एके-47 समेत कई हथियार बरामद

**गुमला।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के देवरागानी जंगल में गत देर रात झंगुर गुट के अपराधियों और पुलिस के बीच लंबी मुठभेड़ हुई। एक अपराधी को गोली लगने की खबर है। पुलिस ने अपराधियों के पास से एक एके-47 समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किये हैं। गुमला एसपी शंभू कुमार सिंह ने बताया कि अपराधियों के जमा होने की गुप्त सूचना पर पुलिस देवरागानी जंगल क्षेत्र में पहुंची। पुलिस टीम ने सर्च अभियान शुरू किया कि फायरिंग शुरू गयी।

### मस्जिद में घुसकर इमाम पर हमला, गिरफ्तार

**धनबाद।** नमाज अदा करने के बाद एक युवक ने इमाम के ऊपर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में इमाम ने किसी तरह अपनी जान बचायी। इस घटना में इमाम की उंगली कट गयी। थोड़ी देर के लिए मस्जिद में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। स्थानीय लोगों ने आरोपी युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। यह घटना भूली ओपी क्षेत्र की है। बाईपास रोड स्थित फैजाने मदीना मस्जिद के इमाम जहांगीर नोमानी पर एक युवक के द्वारा चाकू से हमला किया गया है।

### बलबीर दत्त को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड मिला

**रांची।** द टाइम्स ऑफ इंडिया ने झारखंड में 'टाइम्स बिजनेस अवार्ड्स 2025' के पहले संस्करण के तहत वरिष्ठ पत्रकार और पद्मश्री बलबीर दत्त को पत्रकारिता में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया है। राजधानी रांची के होटल रेडिशन ब्लू में 'टाइम्स बिजनेस अवार्ड्स 2025' के पहले संस्करण का आयोजन किया। समारोह के मुख्य अतिथि बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद के हाथों बलबीर दत्त को यह सम्मान मिला।

### बीसीसीएल कर्मी को सीबीआइ ने घूस लेते दबोचा

**धनबाद।** सीबीआई ने 14 हजार रुपए रिश्वत लेते बीसीसीएल के कर्मचारी स्थापना डिपार्टमेंट के क्लर्क प्रणय सरकार को गिरफ्तार कर लिया है। धनबाद के कोयला भवन से उसकी गिरफ्तारी की गयी है। बीसीसीएल के कर्मचारी स्थापना डिपार्टमेंट का क्लर्क प्रणय सरकार पीएफ की राशि ट्रांसफर करने के एवज में रिश्वत की मांग कर रहा था।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 74600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 96000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## स्वास्थ्य सेवा को आधुनिक बनाना सरकार की प्राथमिकता : सीएम

# रिम्स को ऐसा बनायें देश में अलग पहचान हो

## वन क्षेत्र में विकास कार्यों की सभी बाधाएं दूर करें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड के लोगों को बेहतर चिकित्सा मिले इसके लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी के तहत स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का आधुनिकीकरण हमारी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने रिम्स का एक बेहतर मास्टर री-डेवलपमेंट प्लान शीघ्र तैयार करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा, ऐसा रिम्स बनायें कि देश में इसकी अलग पहचान हो। श्री सोरेन सोमवार को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग तथा वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अधिकारियों के साथ की उच्चस्तरीय बैठक में बोल रहे थे।

**रिम्स की व्यवस्था ठोस करें :** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों रिम्स के पुनर्विकास एवं विस्तार से संबंधित प्रस्तावित कार्य योजना की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ऐसी ठोस और आधनिक व्यवस्था करें, जिससे देश में रिम्स की अलग पहचान बने। उन्होंने कहा कि रिम्स के मास्टर प्लान में सभी हॉस्टल्स को एक जगह, सभी रेजिडेंशियल कंपलेक्स को नॉर्थ ब्लॉक में शिफ्ट करने करने की योजना बनायें। रिम्स परिसर के 1600 बेड वाले इनडोर क्षेत्र का रिनोवेशन करें तथा बेसमेंट क्षेत्र को सील करें। बैठक में रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार एवं मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ हीरेंद्र बिरुआ भी उपस्थित थे।

### सीएम ने की कई विभागों की समीक्षा बैठक



### आदिवासी छात्रावास की गुणवत्ता का ख्याल रखें

मुख्यमंत्री ने झारखंड में बन रहे चार आदिवासी कल्याण छात्रावास को समय सीमा के तहत पूरा करने को कहा। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिया कि छात्रावास निर्माण में गुणवत्ता का हर हाल में ख्याल रखें। उन्होंने एसटी-एससी एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अधिकारियों से प्रस्तावित आदिवासी कल्याण हॉस्टल्स के टेंडर प्रक्रिया की जानकारी ली। रांची में दो आदिवासी कल्याण हॉस्टल्स तथा डाल्टनगंज में दो आदिवासी कल्याण हॉस्टल्स का निर्माण होना है। इन चारों की टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। रांची में विमेंस कॉलेज साइंस ब्लॉकद्ध परिसर में 525 एसटी छात्राओं के लिए छात्रावास बनना है। रेड़मा में एसटी वर्ग के लिए 525-525 विद्यार्थियों का दो छात्रावास का निर्माण कार्य किया जाना है।

**वन क्षेत्र के लोगों को सभी सुविधाएं मिले :** सीएम ने वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य के भीतर वन क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों कोई वाधा नहीं हो। इन इलाकों में बसे गांवों में बिजली, पानी, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं मुहैया करायें। उन्होंने मधुबन से पारसनाथ -सिकर हिलटॉप तक जोड़ने वाली सड़क के पुनर्निर्माण की बाधाओं को शीघ्र दूर करने को कहा।

# ट्रंप फिर बने दुनिया के बॉस

### अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में ली शपथ



### उपराष्ट्रपति बने जेडी वेंस

**एजेंसी**

**वाशिंगटन ।** अमेरिका में वो घड़ी आ ही गयी, जिसका डोनाल्ड ट्रंप और उनके समर्थकों को इंतजार था। सोमवार को डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में सपथ ली। रिपब्लिकन नेता डोनाल्ड ट्रंप अपने जीवन में दूसरी बार राष्ट्रपति बन गये। वहीं जेडी वेंस ने उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की ।यूएस कैपिटल बिल्डिंग के अंदर शपथ लेने के बाद नये राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह लोगों का विश्वास जीतेंगे और अमेरिका को महान राष्ट्र बनायेंगे।

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने डोनाल्ड ट्रंप को शपथ दिलायी। ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में दुनियाभर से कई खास मेहमान शामिल थे। इसमें भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। अन्य वैश्विक मेहमानों में चीन के उपराष्ट्रपति, जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री समारोह में शामिल थे। समारोह में पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, जॉर्ज डब्ल्यू बुश और बराक ओबामा भी शामिल थे। इससे पूर्व कैपिटल बिल्डिंग में शपथ लेने पहुंचते ही डोनाल्ड ट्रंप और जेडी वेंस का जोरदार तालियों से स्वागत किया गया। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने उन्हें बधाई दी।

### क्या ली शपथ

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए चुने गए व्यक्ति को अमेरिकी संविधान के के अनुसार उन्हें यह शपथ लेनी होती है। डोनाल्ड ट्रंप ने भी कुछ इस प्रकार शपथ ली - "मैं पूरी निष्ठा से शपथ लेता हू (या पुष्टि करता हूं) कि मैं अमेरिका के राष्ट्रपति के पद का ईमानदारी से पालन करूंगा और अपनी पूरी क्षमता से अमेरिका के संविधान की रक्षा, संरक्षण और बचाव करूंगा।

# डॉक्टर रेप-हत्या मामले में संजय रॉय को उम्रकैद

## मरते दम तक जेल में रहेगा, 50 हजार का जुर्माना भी

### कोलकाता निर्भया कांड

**एजेंसी**

**कोलकाता।** कोलकाता की विशेष आदालत ने सोमवार को सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ रेप-हत्या के मामले में दोषी करार दिये गये संजय रॉय को आजीवन कारावास की सजा सनायी। संजय रॉय को मरते दम तक उम्रकैद की सजा दी गयी है। इसके साथ ही 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास ने फैसला सुनाते हुए कहा कि यह मामला 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर' की श्रेणी में नहीं आता है, इसलिए अपराधी को उम्रकैद की सजा सुनायी। अदालत में, सीबीआइ ने फांसी की सजा की मांग की, लेकिन बचाव पक्ष के वकील ने अनुरोध किया कि मौत की सजा के बजाय जेल की सजा दी जाये। अदालत ने राज्य सरकार को पीड़ित परिवार को 17 लाख रुपये देने का आदेश दिया।

**राज्य सरकार 17 लाख मुआवजा दे :** कोर्ट ने राज्य सरकार को पीड़िता के परिजनों को 17 लाख मुआवजा देने का आदेश दिया है। हालांकि पीड़िता के माता-पिता ने कहा कि उन्हें किसी तरह का मुआवजा नहीं चाहिए। बता दें कि संजय रॉय को बीएनएस की धारा 64, 66 और 103 (1) के तहत के दोषी करार दिया गया था। इन धाराओं के तहत अपराधी को अधिकतम फांसी या उम्रैकद का प्रावधान है, लेकिन जज ने उम्रकैद की सजा दी। महिला डॉक्टर का शव अगस्त 2024 में कोलकाता के अस्पताल परिसर में मिला था। जज अनिर्बान दास ने 18 जनवरी को संजय रॉय को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा- 64 (बलात्कार के लिए सजा), 66 (मृत्यु का कारण बनने के लिए सजा) और 103 (हत्या) के तहत दोषी करार दिया था।

(शेष पेज 11 पर)



### मां बोली शर्मिदा हूं

संजय रॉय को उम्रकैद मिलते ही मां ने खुद को घर में बंद कर लिया। फैसले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने बस इतना कहा- शर्मिंदा हूं, मुझे अकेला छोड़ दो। संजय राय की 75 वर्षीय मां ने मीडियाकर्मियों से कहा कि वे उन्हें अकेला छोड़ दें।

### फांसी मिलती तो चैन मिलता : ममता



सीएम ममता बनर्जी ने कहा, हमने घटना के 44-60 दिनों के भीतर ही फांसी की सजा के बारे में बता दिया था। हम सभी चाहते थे कि आरोपी को फांसी की सजा मिले। यह वाकई आश्चर्यजनक है कि अदालत ने उसे क्यों नहीं दिया। अगर मामला राज्य सरकार के पास होता, तो हम बहुत पहले ही मौत की सजा सुनिश्चित कर देते। अगर आरोपी को मौत की सजा दी जाती, तो मुझे चैन मिलता।

### केरल में 24 साल की युवती को फांसी की सजा

वहीं केरल में तिरुवनंतपुरम की एक अदालत ने बॉयफ्रेंड की हत्या की दोषी युवती को फांसी की सजा सुनायी। उसने अपने बॉयफ्रेंड को धोखे में रख कर जहर देकर मारा डाला था। अदालत ने इसे ये रेयरेस्ट ऑफ रेयर केस माना और फांसी की सजा सुनायी। तिरुवनंतपुरम की डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने सोमवार को 24 साल की एक युवती को फांसी की सजा सुनायी। युवती ने अक्टूबर 2022 में आयुर्वेदिक टॉनिक में जहर मिलाकर अपने बॉयफ्रेंड को पिलाकर उसकी हत्या कर दी थी।

# अमित शाह मामले में राहुल को सुप्रीम राहत

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को कथित तौर पर हत्या का आरोपी कहने के एक पुराने मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ झारखंड की एक निचली अदालत में चल रही मानहानि मुकदमे की कार्यवाही पर सोमवार को अगले आदेश तक रोक लगा दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने लोकसभा में विपक्ष के नेता श्री गांधी की याचिका पर उन्हें यह राहत दी और झारखंड सरकार के साथ शिकायतकर्ता भाजपा कार्यकर्ता नवीन झा को नोटिस जारी किया। पीठ ने आदेश पारित करते हुए कहा, नोटिस जारी करें...अगले आदेश तक ट्रायल कोर्ट के समक्ष सभी कार्यवाहियों पर रोक रहेगी। झारखंड उच्च न्यायालय ने श्री गांधी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 499 और 500 के तहत शुरू की गई कार्यवाही में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद उन्होंने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया।

(शेष पेज 11 पर)

### झारखंड की निचली अदालत में 'मानहानि' कार्यवाही रोकी




# पाकुड़ की आधी आबादी गरीबी रेखा से नीचे

## आज भी गरीबी का दंश झेल रहे झारखंड के पांच जिले

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड अलग राज्य के दो दशक बाद भी कई जिले गरीबी का दंश झेल रहे हैं। पाकुड़ और साहिबगंज जिले की तो आधी आधी आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर करने को मजबूर है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) रिपोर्ट 2023 के अनुसार झारखंड में सबसे खराब स्थिति पाकुड़, साहेबगंज, प>िमी सिंहभूम, लातेहार और दुमका जिले की है। पाकुड़ जिले की 49.8 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर कर रही है। साहेबगंज में 48.45, पश्चिमी सिंहभूम में 47.81, लातेहार में 41.68, दुमका में 37.99 और देवघर की 37.04 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा से नीचे है।



**वंचित श्रेणी में हैं राज्य के 10 जिले :** झारखंड के 10 जिले वंचित श्रेणी में शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार चतरा जिले की 37.0 फीसदी, गोड्डा में 36.36, गढ़वा में 35.84, खूंटी में 33.38, पलामू में 32.34, सिमडेगा में 31.41, गुमला में 30.76, गिरिडीह में 30.29, जामताड़ा में 28.97 और कोडरमा में 28.21 प्रतिशत आबादी विभिन्न मापदंडों के आधार पर वंचित श्रेणी में शामिल है।

**रांची की 15.10 % आबादी गरीबी रेखा से नीचे :** हजारीबाग में 26.10, सरायकेला-खरसावां में 23.16, लोहरदगा में 22.71, रामगढ़ में 18.06, धनबाद में 17.09, रांची में 15.80, बोकारो में 15.28 और पूर्वी सिंहभूम जिले की 15.10 आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर करने के लिए विवश हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### स्वास्थ्य शिक्षा में काफी सुधार

नीति आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2015-16 में झारखंड में कुपोषण की दर 34.39 प्रतिशत थी, जो 2020-21 में घटकर 23.22 प्रतिशत रह गयी है। वहीं, शिशु मृत्यु दर भी 2.74 प्रतिशत से घटकर 1.75 हो गयी है। मातृत्व स्वास्थ्य की स्थिति में भी सुधार हुआ। शिक्षा के क्षेत्र में भी पिछले पांच वर्षों के कार्यकाल में सुधार देखने को मिला है।

## पटना में बोले ओम विरला, सदन की गरिमा बढ़ाने में सब साथ आयें

# लगातार सदन स्थगित करना गंभीर मामला

### पीठासीन अधिकारी सम्मेलन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**पटना।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को यहां कहा कि सदन के वेल में आना, हंगामा करना और सदन की कार्यवाही स्थागित करवाना यह गंभीर मुद्दा है। इस पर गंभीर चर्चा होने की जरूरत है। यह एक गंभीर चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि सभी दल को इसमें सहयोग करना पड़ेगा। लोकसभा स्पीकर ने राज्य विधानसभा बैठकों की घटती संख्या पर भी चिंता जतायी। वह पटना में आयोजित 85वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के उदघाटन समारोह में बोल रहे थे। सम्मेलन में देश के विभिन्न प्रदेशों की विधायिकाओं के पीठासीन अधिकारी मौजूद थे। समारोह में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा, हमें' निजी हित और दलगत भावना से से ऊपर उठना होगा। बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि "सम्मेलन से बिहार को लेकर जो भ्रांतियां हैं, वह दूर होगी।

**'बैठकों की घटती संख्या चिंता का विषय' :** लोकसभा अध्यक्ष ने विधानसभा बैठकों की घटती संख्या पर चिंता जतायी। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने 3 वर्षों तक चर्चा के बाद ऐसा संविधान बनाया है जो न केवल देश की लोकतंत्र की व्यवस्था को मार्गदर्शन कर रहा है, बल्कि दुनिया के लोकतंत्र को मार्गदर्शन दे रहा है। ऐसे में हमें इसे और मजबूत करना है। सभी दलों को इसमें सहयोग करना पड़ेगा। हम लोगों को गंभीर फैसला यहां से लेकर जाना होगा। बिहार के सम्मेलन में जो फैसले लिये जायेंगे इसका पूरे देश में मैसेज जायेगा। हमारी जिम्मेदारी है कि सदनों को संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप चलाये। सदन की बैठकों की कमी और व्यवधान नहीं हों। आजादी से पहले और आजादी के बाद पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में कई निर्णय हुए हैं। लोकतांत्रिक संस्था जनता के नजदीक पहुंची। हमने कई अच्छी परंपराएं लागू की, कई अच्छे कानून बनायें, जिससे लोकतंत्र को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

(शेष पेज 11 पर)



### निजी और पार्टी हित से ऊपर उठना होगा : हरिवंश

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा कि बाबा साहब ने भी संविधान बनने के समय कहा था, लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए देश हित में निजी और दल से ऊपर उठना होगा, तभी हजारों हजार वर्ष तक हम अपने लोकतंत्र को अच्छून्य रख सकेंगे। इस मौके पर ओम बिरला ने एम एल कौल और एसएल. शकधर द्वारा लिखित संसदीय पद्धति और प्रक्रिया पुस्तक के 5वे संस्करण का विमोचन किया।

### सोपोर में मुठभेड़, सेना का एक जवान शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सोपोर में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच रातभर चली मुठभेड़ में सेना की विशिष्ट आतंकवाद विरोधी इकाई के एक जवान शहीद हो गये। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सिपाही पंगाला कार्तिक सोपोर पुलिस जिले के जालोरा गुज्जरपति में आतंकवादियों के एक ठिकाने पर गोलीबारी में घायल हो गये और मुठभेड़ स्थल से बाहर निकाले जाने के दौरान उनकी मौत हो गयी। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में 22 राष्ट्रीय राइफल्स बटालियन जवान सोवर (स्वर) पंगाला कार्तिक ग्रेनेड विस्फोट में गंभीर रूप से घायल हो गये थे।

## खबर एक नजर में

### सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में दाखिला प्रक्रिया शुरू

**रांची।** राज्य में संचालित सभी सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में दाखिले की प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गयी है। 10 फरवरी तक विद्यार्थी अपना नामांकन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में करा सकेंगे। बच्चों के नामांकन के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश भेज दिया गया है।

### रिटायरमेंट बाद राप्रसे के दो अफसरों को प्रोन्नति

**रांची।** राज्य प्रशासनिक सेवा के दो अफसरों को रिटायरमेंट के बाद आइएएस संवर्ग में प्रोन्नति मिली है। इस अफसरों को यह प्रमोशन 2017 की रिक्ति के विरूद्ध दी गई है। जिन अफसरों को प्रोन्नति मिली है, उनमें, दिगेश्वर तिवारी और मुकुंद दास हैं। बताते चलें कि 2017 में राज्य प्रशासनिक सेवा के 17 अफसरों को आइएएस संवर्ग में प्रोन्नति मिली थी। कार्मिक मंत्रालय ने इसका आदेश जारी कर दिया।

### भाजपा सदस्यता अभियान के लिए अपील समिति गठित

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रदेश स्तरीय अपील समिति गठित की है। उन्होंने संगठन महापर्व, सदस्यता अभियान केलिये तीन सदस्यीय अपील समिति का गठन किया है। अपील समिति में विधायक सीपी सिंह, सांसद मनीष जायसवाल एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्याम नारायण दुबे शामिल हैं।

### सरयू राय के मामले में सुनवाई चार फरवरी को

**रांची।** विधायक सरयू राय से जुड़े गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में अगली उपस्थिति की तारीख 4 फरवरी निर्धारित की गई है। मामले में सोमवार को एमपी–एमएलए की विशेष अदालत में सुनवाई की तारीख सूचीबद्ध थी लेकिन, उपस्थिति दर्ज नहीं कराई गई। मामले में सरयू राय के खिलाफ समन जारी है। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 4 फरवरी निर्धारित की है। अदालत ने दाखिल चार्जशीट पर 24 अगस्त को संज्ञान लेते हुये समन जारी किया है।

### जमशेदपुर बार संघ में अनियमितता पर सुनवाई मार्च में

**रांची।** जमशेदपुर जिला बार संघ में वित्तीय अनियमितता के मामले में मार्च में सुनवाई होगी। सोमवार को सरकार की ओर से हाईकोर्ट को बताया गया कि इस मामले में पुलिस ने फाइनल फॉर्म जमा कर दिया है। जिसमें यह बात आयी है कि साक्ष्य के अभवान में केस को बंद किया जा रहा है। इस पर चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने यह बात शपथपत्र के माध्यम से कोर्ट में दाखिल करने का निर्देश देते हुए सुनवाई मार्च में निर्धारित कर दी। बता दें कि जमशेदपुर बार संघ में वित्तीय अनियमितता के मामले पर झारखंड बार कौंसिल ने एसोसिएशन में हुई गड़बड़ी की ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए जमशेदपुर एसएसपी को पत्र लिखा था। इसके बाद मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। वित्तीय गड़बड़ी की जांच के लिए राजेश जायसवाल ने जनहित याचिका दायर की है।

### आलोक रंजन की जमानत पर सुनवाई पूरी

**रांची।** ठेकों में कमीशनखोरी से प्राप्त अवैध कमाई का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद आलोक रंजन की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर सोमवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया है और आदेश 28 जनवरी को सुनायेगी। इससे पूर्व याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह महाराणा ने अदालत से कहा कि आलोक रंजन पर सीधा आरोप नहीं बन रहा है। वहीं, ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार काका ने इसका विरोध किया। उन्होंने कहा कि आरोपी के जमशेदपुर स्थित आवास से ही 2.67 करोड़ रुपये बरामद किया गया था। आलोक रंजन मामले के आरोपी निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम का भाई है। ईडी ने 12 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। उसने जमानत की गुहार लगाते हुये 18 जनवरी को याचिका दाखिल की है।

### भजंत्री की याचिका पर सुनवाई 20 फरवरी को

**रांची।** रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में अब 20 फरवरी को सुनवाई होगी। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस ऋषिकेश रॉय और जस्टिस पंकज मित्तल की अदालत ने सुनवाई की तिथि निर्धारित की। भजंत्री ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की है। उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश को रद्द करने का आग्रह किया है। झारखंड हाईकोर्ट ने 22 सितंबर को मंजूनाथ भजंत्री के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने और उन्हें चुनावी कार्यों से अलग रखने के निर्वाचन आयोग के आदेश को सही बताया था। हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद मंजूनाथ भजंत्री को चुनावी कार्यों से दूर रखा गया था। विधानसभा चुनाव को लेकर लागू आचार संहिता के दौरान उन्हें आनन–फानन में रांची के उपायुक्त के पद से हटाया गया था। उनके स्थान पर वरुण रंजन को रांची का उपायुक्त बनाया गया था। हालांकि, सीएम हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण के बाद राज्य सरकार ने वापस मंजूनाथ भजंत्री को रांची का उपायुक्त नियुक्त कर दिया।


OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
JHARKHAND POLICE HOUSING CORPORATION LIMITED
(An undertaking of Jharkhand Govt.)
House No. 399/B, Road No.-4/C, Ashok Nagar, Ranchi-834002
0651-2214712, Fax:0651-2202400 (CIN: U45200JH2002SGC012154)

Letter No.- CE/3821/70 Date: 20.01.2025

**Very Short Tender**
**Retender**
**e-Procurement Notice No. 17/ 2024-25**

Jharkhand Police Housing Corporation Limited, Ranchi (JPHCL) invites Percentage rate/Item rate/Bid for various Construction/ Repair/ Renovation works in the state of Jharkhand. Bid document with detailed terms and conditions will be available online on e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** from 21.01.2025 at 11:00 AM to 27.01.2025 up to 5:00 PM. Bids must be submitted online only at the e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** on or before 5:00 PM on 27.01.2025. Bids received online will be opened at 17:00 PM on 28.01.2025.

Sd/- Chief Engineer
JPHCL, Ranchi



**नगर पंचायत, डोमचाँच**
**शुद्धि-पत्र**

नगर पंचायत, डोमचाँच अन्तर्गत प्रकाशित ई–निविदा सूचना संख्या–UDD/KODERMA/DNP/07/2024-25, Date-11-01-2025 में अंकित (Date of Publication of Tender on Website) 15.01.2025 (Last Date/Time for Receipt Bid on Online) 21.01.2025 एवं (Date of Opening Tender) 22.01.2025 के स्थान पर (Date of Publication of Tender on Website) 21.01.2025 (Last Date/Time for Receipt Bid on Online) 28.01.2025 एवं (Date of Opening Tender) 29.01.2025 पढ़ा जाय। जिसका PR. No.344110 Urban Development (2024-25):D है।
शेष सभी शर्ते यथावत् रहेंगी।

प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचाँच।

PR.NO.344665 Urban Development(24-25):D



**समाहरणालय, चतरा**
**(राजस्व शाखा)**
**-: आम सूचना :-**

सदस्य सचिव, पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक–701/पि0, दिनांक–03.12.2024 के आलोक में राज्य के नगर निकायों में पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिए जाने की पात्रता निर्धारण के संबंध में डोर–टू–डोर सर्वे का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण के पश्चात् प्रपत्र–01 में प्राप्त सूचना के आधार पर आंकड़ों का प्रारूप जिला के वेवसाइट एवं शहरी स्थानीय निकाय कार्यालयों में दिनांक–20.01.2025 को प्रकाशित किया जाएगा। नगर निकाय स्तर पर प्रशासक, नगर परिषद, चतरा को शिकायत निवारण पदाधिकारी नामित है।

आम सूचना के माध्यम से सभी आम जनों को सूचित किया जाता है कि जिला वेवसाईट (**www.chatra.nic.in**) एवं शहरी स्थानीय निकाय कार्यालयों में प्रकाशित आंकड़ों का प्रारूप पर प्रकाशन की तिथि–20.01.2025 से सात दिनों के अंदर आपत्ति शिकायत निवारण पदाधिकारी के समक्ष दायर कर सकते हैं।

उपायुक्त,
चतरा

PR 344648 Revenue(24-25).D


## जिलों से खनन पट्टों की समीक्षा रिपोर्ट नहीं आने से विभाग नाराज

# निबंधन आइजी ने भेजा रिमाइंडर एक हफ्ते में मांगी समीक्षा रिपोर्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार के निर्देश के बाद भी राज्य के अधिकांश जिलों के डीसी ने खनन पट्टों की समीक्षा कर अपनी रिपोर्ट सरकार को नहीं सौंपी है। न ही डीसी के स्तर पर बकाया निबंधन शुल्क और मुद्रांक शुल्क की वसूली प्रारंभ की गयी है। खनन पट्टों की समीक्षा करने की तय समय-सीमा समाप्त होने के बाद अब तक आदेश का अनुपालन नहीं किए जाने को लेकर राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने गंभीरता से लिया है।



निबंधन आइजी आदित्य कुमार आनंद ने सभी जिलों को फिर से पत्र लिखा है और विगत वर्षो में निबंधित खनन पट्टों पर भारतीय मुद्रांक अधिनियम 1889 के शेड्यूल-1 ए की कंडिका 35 के अंतर्गत चार प्रतिशत मुद्रांक शुल्क एवं झारखंड निबंधन नियमावली 2011 के अंतर्गत टेबल ऑफ फी के अनुसार 3 प्रतिशत निबंधन शुल्क की वसूली की समीक्षा करने को कहा है। इसके क्रम में अवशेष मुद्रांक शुल्क एवं निबंधन शुल्क की वसूली के लिए यथोचित कार्रवाई का निर्देश दिया है।

**एक सप्ताह के अंदर मांगा प्रतिवेदन**

निबंधन विभाग ने एक सप्ताह के अंदर प्रतिवेदन भी मांगा है। बताते चलें कि विभाग ने पहले ही एक प्रारूप तैयार कर जिलों को भेजा था और इस पर सचिव की भी सहमति दी गयी है। राजस्व वसूली को लेकर सरकार ने विभागों को कड़े निर्देश दिए हैं। इसी आलोक में खनन पट्टों के लिए दी गयी जमीन के निबंधन व मुद्रांक शुल्क की समीक्षा की जा रही है। बकाया वसूली कराने का निर्देश सभी जिलों को दिया है। महालेखाकार ने भी इस पर आपति जतायी थी की नियमानुसार वसूली नहीं होने से करोड़ों राजस्व का नुकसान हो रहा है। माइनिंग कंपनियां कम शुल्क का भुगतान करके अपना कार्य करने में सफल हो रही हैं।

# हेमंत सोरेन मामले में नौ की हिरासत अवधि बढ़ी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने सोमवार को बड़गाई अंचल के 8.46 एकड़ जमीन घोटाले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित 12 आरोपियों ने हाजिरी लगायी। जेल में बंद आरोपियों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। जमानत पर चल रहे आरोपियों की ओर से अधिवक्ता एवं सशरीर उपस्थित होकर हाजिरी दी। हेमंत सोरेन जमानत पर चल रहे हैं। उनकी ओर से वकील ने हाजिरी दी। पेशी के बाद अदालत ने हेमंत सोरेनए बड़गाईं अंचल के निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद, अंतु तिर्की, मो सद्दाम, मो अफसर अली, विपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय, इरसाद अख्तर, शेखर कुशवाहा, मो इरशाद, तापस घोष और चौकीदार संजीत कुमार की न्यायिक हिरासत अवधि 4 फरवरी तक बढ़ा दी है। अगली पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ही की जायेगी।

### हेमंत सोरेन मामले में अब 11 फरवरी को होगी सुनवाई

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी समन की अवहेलना मामले में एमपी–एलएलए मामले के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की अदालत ने उपस्थिति की अगली तारीख 11 फरवरी निर्धारित की है। मामले में कोर्ट में उपस्थिति दर्ज कराने को लेकर समन जारी है। सोमवार को मामले में सुनवाई की तारीख सूचीबद्ध थी। उपस्थित नहीं होने पर अगली तारीख निर्धारित की गई है।

## उद्योगों की स्थापना को लेकर संशोधित गाइडलाइन जारी

# रेल लाइन और नदी से 100-200 मीटर की दूरी पर ही लगाये जा सकेंगे इंडस्ट्री

इंडस्ट्री की दूरी उच्चतम बाढ़ स्तर बिंदु से मापी जायेगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में उद्योगों की स्थापना सहमति के लिए झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने संशोधित गाइडलाइन जारी कर दी है। इसमें कहा गया है कि उद्योग को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे किसी भी नाले, नदी, धारा आदि के पानी के प्रवाह को अवरुद्ध या बाधित नहीं करेंगे। साथ ही नदी से प्रस्तावित इकाई की दूरी उच्चतम बाढ़ स्तर बिंदु से मापी जाएगी।

### क्या है मापदंड

फॉस्फेट रिसाइकलिंग आधारित उद्योगों की स्थापना नेशनल और स्टेट हाइवे से 50 मीटर की दूरी पर होनी चाहिए। रेलवे ट्रैक से 100 मीटर की दूरी होनी चाहिए। नदी से 100 मीटर की दूरी होनी चाहिए। 800 की आबादी वाले क्षेत्र से 200 मीटर, वन भूमि से 100 मीटर और वाइल्ड लाइफ सेंचुरी से 500 मीटर की दूरी होनी चाहिए।

### स्क्रैप आधारित उद्योग के लिए क्या है मापदंड

स्क्रैप और स्क्रैप को करतन वाले उद्योगों की स्थापना के लिए नेशनल और स्टेट हाइवे से 50 मीटर की दूरी होनी चाहिए। रेलवे ट्रैक से 100 मीटर की दूरी होनी चाहिए। नदी से 200 मीटर की दूरी होनी चाहिए। 800 की आबादी वाले क्षेत्र से 200 मीटर, वन भूमि से 250 मीटर और वाइल्ड लाइफ सेंचुरी से 1000 मीटर की दूरी होनी चाहिये।

### जियाडा क्षेत्र में औद्योगिक प्रतिष्ठान से होल्डिंग टैक्स की वसूली की जायेगी

**रांची।** राज्य सरकार ने जियाडा क्षेत्र में अवस्थित औद्योगिक प्रतिष्ठान से होल्डिंग टैक्स की वसूली शुरू करने का निर्देश सभी नगर निकायों को दिया है। इस संबंध में नगर विकास विभाग ने निर्देश जारी किया है। विभाग ने कहा है की जियाडा क्षेत्र के औद्योगिक प्रतिष्ठान होलिडंग टैक्स नहीं दे रहे हैं ऐसे में अविलंब वहां से होल्डिंग टैक्स लेने की प्रक्रिया शुरू करें। विभाग ने यह स्पष्ट किया है कि झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार औद्योगिक क्षेत्र के मामलें में जमशेदपुर, जिसे विशेष रूप से औद्योगिक नगरी का दर्जा प्राप्त है, को छोड़कर अन्य औद्योगिक प्रतिष्ठानों को होल्डिंग टैक्स का भुगतान करना है। ऐसे में निकाय के अधिकारी अविलंब इसकी समीक्षा करें और सभी क्षेत्रों से संपति कर की वसूली प्रारंभ करना सुनिशिचत करें।

## केंद्रीय मंत्री से लेकर प्रदेश के नेतागण करेंगे संबोधित

# संविधान गौरव अभियान को लेकर भाजपा सभी जिलों में करेगी गोष्ठी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा की ओर से 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न जिलों में गोष्ठियों का भी आयोजन किया जा रहा। 19 जनवरी से 24 जनवरी तक विभिन्न जिलों में गोष्ठियां आयोजित हैं। इसमें बाबूलाल मरांडी, डॉ रविंद्र कुमार राय, अन्नपूर्णा देवी, संजय सेठ, कमलेश पासवान,एसपी बघेल, रघुवर दास, अर्जुन मुंडा, गुरुप्रकाश पासवान आदि संबोधित करेंगे। सोमवार को दुमका में केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल, हजारीबाग में केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, लातेहार में विधायक नवीन जायसवाल, रामगढ़ में पूर्व विधायक अनंत ओझा और जामताड़ा में पूर्व



विधायक नारायण दास ने गोष्ठी को संबोधित किया। 21 जनवरी को धनबाद ग्रामीण जिला के निरसा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी और लोहरदगा में पूर्व विधायक किशुन दास और अमरदीप यादव संबोधित करेंगे। 22 जनवरी को रांची ग्रामीण जिला की गोष्ठी नामकुम में होगी। इसमे राकेश प्रसाद मुख्यवक्ता होंगे। गुमला जिला की गोष्ठी को डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, सिमडेगा में नीलकंठ सिंह मुंडा, चतरा में डॉ नीरा यादव, पूर्वी सिंहभूम में शशांक राज मुख्यवक्ता होंगे। 23 जनवरी को देवघर जिला की गोष्ठी को बाबूलाल मरांडी संबोधित करेंगे। जबकि केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान धनबाद महानगर जिला की गोष्ठी को झरिया में, पलामू में विधायक सीपी सिंह, सरायकेला खरसावां में मनोज कुमार सिंह संबोधित करेंगे। 24 जनवरी को केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी बोकारो में, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा और राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरुप्रकाश पासवान रांची महानगर, रघुवर दास चाईबासा, खूंटी में समीर उरांव, डॉ रवींद्र राय जमशेदपुर, अभयकांत प्रसाद गोड्डा में, बिरची नारायण साहेबगंज में, विधायक राज सिन्हा पाकुड़ में, कोडरमा में विधायक डॉ मंजू कुमारी गोष्ठी को संबोधित करेंगे। यह जानकारी अभियान के सह संयोजक राकेश भास्कर ने दी।


## मंत्री ने सहकारिता विभाग के अधिकारियों के साथ की मैराथन बैठक

# बांस उत्पाद से जुड़े लोगों के दिन सुधरेंगे बढ़ेगी आत्मनिर्भरता : शिल्पी नेहा तिर्की

- राज्य के लैंप-पैक्स में बहुत जल्द उपलब्ध होंगे कंप्यूटर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में बांस के उत्पाद से जुड़े लोगों के दिन बहुरेंगे। राज्य की सहकारिता विभाग बाजार में बांस उत्पाद की डिमांड का आकलन कर इसे प्रमोट करेगा। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने हेसाग के पशुपालन भवन में सहकारिता विभाग की बैठक में अधिकारियों को यह निर्देश दिया है। सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान एपेक्स सोसाइटी पर चर्चा हुई। मंत्री ने अधिकारियों को पहले चरण में



मार्च माह तक एक्शन मोड में काम करने को कहा है, जबकि अप्रैल से मिशन मोड में काम को अंजाम देने का प्लान तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हरि सब्जियों के लिए रिटेल आउट लेट जरूरी है। ऐसे आउट लेट किसानों की सब्जी के खपत और उचित मूल्य के लिए जरूरी है।

**10 आउट लेट के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी :** अधिकारियों ने मंत्री को बताया कि राज्य में 10 आउट लेट के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी है। इसी तरह वन उपज का बेहतर दाम और बाजार पर फोकस करने को कहा है। वहीं लाह के क्रय-विक्रय के लिए बेहतर प्लान बनाने का निर्देश मंत्री ने दिया है। उन्होंने कहा है कि वन डिस्ट्रिक-वन प्रोग्राम का चयन कर इसको बढ़ावा दिया जाये। इसके लिए अधिकारी जिला में सर्वे कर इसका चयन करें।

**गिरिडीह और सिमडेगा में राइस मिल बनाने की योजना :** धान अधिप्राप्ति के लिए गिरिडीह और सिमडेगा में राइस मिल बनाने की योजना है। गिरिडीह में इसको लेकर प्रक्रिया तेज कर दी गई है। राइस मिल की क्षमता 4 टन प्रति घंटे होगी। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने राज्य के लैंप पैक्स को कंप्यूटराइजेशन करने का लक्ष्य दिया है। इसके लिए 3 से 4 लैंप पैक्स को मिलकर नोडल के रूप में विकसित करने को कहा है, ताकि समय के अनुसार लैंप पैक्स भी अपडेट हो सके। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने खाली पड़े पद को भरने के लिए प्रक्रिया तेज करने का निर्देश दिया है ताकि काम प्रभावित न हो।

# समिति ने आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो को सौंपी मधुबन घटना की रिपोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** धनबाद के मधुबन में वर्चस्व को लेकर हुई फायरिंग और आगजनी की घटना के संबंध में आजसू की छह सदस्यीय समिति ने जांच रिर्पोट पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो को सौंप दी है। समिति के सदस्यों ने प्रभावित परिवारों से 15 जनवरी को मुलाकात कर घटना की पूरी जानकारी ली थी। समिति में मांडू विधायक निर्मल महतो, गोमिया के पूर्व विधायक लंबोदर महतो, पूर्व न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव, पूर्व डीआईजी सुबोध प्रसाद, पार्टी के प्रधान सचिव राजेंद्र मेहता व राधेश्याम गोस्वामी शामिल थे।

**यह है जांच रिर्पोट में**

- बीसीसीएल ने आउटसोर्सिंग कंपनी हिलटॉप को सीमांकन व चहारदीवारी निर्माण के लिए एजेंसी नियुक्त किया है।
- स्थानीय लोगों की अधिग्रहित जमीन का मुआवजा व नियुक्ति से संबंधित मामलों का निराकरण लंबित है।
- भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया भी पूरी नहीं हुई है।
- सांसद का नाम गलत मंशा से एफआइआर में अंकित कर मुद्दे को भटकाने का प्रयास हो रहा है।
- हिलटॉप कंपनी ग्रामीणों व स्थानीय रैयतों की आवाज दबाने के लिए आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों का सहारा ले रही है।

### रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सीएम से मिले

**रांची।** सीएम हेमन्त सोरेन से सोमवार को प्रोजेक्ट भवन में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, एडीजी बिहार एवं झारखंड एनसीसी निदेशालय मेजर जनरल एएस बजाज एवं ब्रिगेडियर आरके सिंह ने मुलाकात की।



### 50 लाख नए सदस्य जोड़ेगा झामुमो

**रांची।** झामुमो ने महाधिवेशन से पहले 50 लाख नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके तहत पूरे राज्य में तेजी से सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य झामुमो की सदस्यता को बढ़ावा देना और पार्टी की स्थिति को मजबूत करना है। रांची जिले में 5 लाख नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। जिला संयोजक मुश्ताक आलम ने बताया कि पूरे राज्य में यह लक्ष्य 50 लाख का है।

## बैठक में गौशालाओं को अनुदान के साथ साथ आत्मनिर्भर बनाने पर भी चर्चा

# गो सेवा आयोग ने झारखंड की पांच गोशालाओं के लिए एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड गो सेवा आयोग ने गौशालाओं को सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए है। आयोग ने राज्य की पांच गौशालाओं के लिए एक करोड़ 25 लाख 75 हजार रुपये की राशि जारी की है। इसके अलावा, आयोग गौशाला संचालकों से सुझाव भी ले रहा है ताकि गौशालाओं को और बेहतर बनाया जा सके। सोमवार को आयोग के हेसाग, रांची सभागार में हुई बैठक के बाद आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने मीडिया को जानकारी दी कि बैठक में गो सेवा और गौशालाओं को सशक्त बनाने के पहलुओं पर भी चर्चा हुई। अभी राज्य की पांच गौ शालाओं के लिए कुल एक करोड़ 25 लाख 75 हजार रुपए रिलीज किये गये। दिसंबर 2023 से अबतक करीब 23 गोशालाओं के लिए 3 करोड़ रुपए से अधिक की राशि अलग अलग मद में जारी की जा चुकी है। वर्तमान सरकार गोशालाओं के सशक्तिकरण के लिए संवेदनशील है। आयोग की तैयारी अनुदान देने के साथ साथ गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी है। मौके पर आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरी, रजिस्ट्रार डॉ मुकेश मिश्रा आदि उपस्थित थे।



### हाई मास्ट लाइट लगाने में भी मदद करेगी आयोग : राजू गिरी

आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरी ने बताया कि गोशालाओं को हाई मास्ट लाइट के लिए भी मदद दी जा सकती है। वे आवेदन करें तो पांच लाख रुपए तक की मदद मिलेगी। इससे अधिक के लिए सरकार से आग्रह होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों ने झारखण्ड की गौशालाओं की जो अनदेखी की है उसे वर्तमान की सरकार पूरा कर रही है, जिसका परिणाम है कि विगत एक वर्ष में तीन करोड़ से भी अधिक की मदद गौशालाओं को दी गयी है।

### गोशालाओं से लिये जायेंगे सुझाव

आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन ने बताया कि आयोग गोशाला संचालकों से आयोग को और बेहतर करने के लिए सुझाव भी ले रहा है। आने वाले दिनों में आयोग की टीम सभी जिलों में जायेगी। स्थानीय प्रशासन और गोशाला संचालकों से महत्वपूर्ण विषयों जमीन, अनुदान भुगतान में विलंब सहित अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा करेगी। उपयोगी सुझाव भी लिये जाएंगे। पलामू में पिछले दिनों गौमुख धाम की स्थापना हुई है। इसके अनुभव अच्छे रहे तो सभी प्रमंडलों में भी इसे शुरू किया जायेगा। राजीव रंजन ने बताया कि अगले महीने बजट सत्र से पहले आयोग रांची में दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला आयोजित करने के प्रयास में है। इसमें देशभर के 400 प्रतिनिधि शामिल होंगे। पारिस्थितिकी संतुलन : गो सेवा के अवसर और चुनौतियों पर प्रख्यात विद्वान अपने अनुभव शेयर करेंगे। झारखंड में गो सेवा को लेकर किये जा रहे प्रयासों पर भी चर्चा होगी। इसमें सीएम हेमंत सोरेन के हाथों उद्घाटन कराये जाने का प्रयास है। राजीव रंजन ने बताया कि इसी प्रकार देशी गो पशुओं की तस्करी के क्रम में प्रशासन द्वारा जब्त गोमाताओं के भरण–पोषण हेतु प्रावधानित राशि के अन्तर्गत कुल चार गोशालाओं को कुल रूपए 82,35,500/– (पारंपरिक गो विज्ञान अनुसंधान केंद्र, पलामू को 5,84,000 रूपए, बैद्यनाथ धाम गौशाला, देवघर को 16,97,250 रूपए, कोडरमा गौशाला को 24,27,250 रूपए तथा कलकता पिंजरापोल हजारीबाग को 35,27,000 रूपए का चेक) राशि का वितरण चेक के माध्यम से किया गया।

## स्पीड न्यूज

### मनीफिट के प्रभजोत कौर ने पास की एफएमइजी की परीक्षा



**जमशेदपुर।** मनीफिट निवासी प्रभजोत कौर सैनी ने एफएमइजी की परीक्षा को पहली बार में ही पास कर लिया। आज देर रात आये रिजल्ट में उन्हें 300 में से 214 अंक प्राप्त हुए, जिससे कि उनके घर पर हर्ष का माहौल है। उनके पिता सरदार अमरजीत सिंह और उनकी माता गुरजीत कौर ने घर पर केक काट और पड़ोसियों को मिठाई खिला ली कर खुशी मनायी। जैसा कि ज्ञात है प्रभजोत कौर ने यूरोप के यूक्रेन से टइइर किया है।

### कदमा बाजार में भाजपा का सदस्यता अभियान



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी कदमा मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह के नेतृत्व में कदमा बाजार में संगठन महापर्व सदस्यता अभियान को गति देने हेतु सदस्यता ग्रहण कैंप लगाया गया। जिसमें लगभग 280 सदस्य को सदस्यता ग्रहण कराया गया। जिसमें पार्टी के प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद शामिल होकर सदस्यता ग्रहण करने वालों को गुलाब देकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। मौके पर मनोज सिंह, दिनेश शर्मा, डीएन सिंह, कमल कुमार, सपन दास, बलवीर पांडे, राजेश सिंह, राहुल दुबे, तापस सरकार, महेश पांडे, कृष्ण कुमार, गांगुली था, महावीर बाग शामिल थे।

### गम्हरिया : स्कूली बच्चों को साइकिल वितरित



**गम्हरिया।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग एवं कल्याण विभाग की ओर से अभ्यास बालिका मध्य विद्यालय, गम्हरिया परिसर में सत्र 2024-25 के अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं के बीच नि:शुल्क साइकिल वितरण किया गया। मौके पर बीइओ सुब्रता महतो ने कुल 209 छात्र-छात्राओं को साइकिल उपलब्ध करायी। है। मौके पर कार्यक्रम में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के कई शिक्षक-शिक्षिकाएं भी मौजूद थे।

### कटे-फटे नोट बदलने के लिए लगा शिविर



**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर जमशेदपुर स्थित बैंक ऑफ बड़ोदा छेत्रीय कार्यालय ने सोमवार को बिष्टुपुर बाजार में कटे फटे नोट बदलने के लिए एक शिविर लगाया। जहां बिष्टुपुर बाजार के व्यापारियों के बीच पुराने नोटों के बदले नये का बदला गया। उप क्षेत्रीय प्रमुख सुनील साहा ने कहा कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्देश पर यह पुराने एवं कटे-फटे नोटों के बदले नये नोट को देने का शिविर लगा था।

### एनआईटी जमशेदपुर में लगी 5 दिनी कार्यशाला



**जमशेदपुर।** सोमवार को एनआईटी जमशेदपुर में 'टैमिंग टबुर्लेंस: एडवांसमेंट इन फ्लो एंड एकॉस्टिक टेक्नोलॉजी' पर पांच दिवसीय कार्यशाला शुरू हुई। जिसका उद्देश्य छात्रों और इंजीनियरों को कम शोर के साथ पवन टर्बाइन और हवाई जहाज के पंखों और इंजनों जैसे एयरो-संरचनाओं के नये डिजाइन विकसित करने के लिए प्रशिक्षित करना है और इसलिए उपयोगी जीवन बढ़ाया है। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि ट्रांसनिग्मा प्राइवेट के संस्थापक और सीईओ डॉ मयंक भसीन उपस्थित थे।

# सूचना तंत्र मजबूत कर पोस्ता की खेती को चिह्नित कर नियमसंगत कार्रवाई करें : कोल्हान आयुक्त

- अफीम की खेती की रोकथाम के निमित्त प्रमंडलीय आयुक्त, कोल्हान की अध्यक्षता में बैठक
- सरायकेला- खरसावां एवं चाईबासा जिले मे अवैध अफीम खेती के विनष्टिकरण कार्य पर जताया संतोष, विभिन्न माध्यम से किसानो को अन्य वैकल्पिक खेती के लिए प्रेरित करने के दिये निर्देश
- मादक पदार्थों के खरीद बिक्री तथा परिचलन मे संलिप्त लोगो पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें : प्रमंडलीय आयुक्त, कोल्हान
- अवैध खेती के लिए किसानो को प्रेरित करने वाले लोगो को चिन्हित कर कडी कार्रवाई करें : जोनल आईजी, रांची
- प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय प्रशासन संबंधित गांव के ग्राम प्रधान एवं मानकी-मुंडा के साथ बैठक कर अवैध मादक पदार्थों के खेती तथा परिचालन में संलिप्ता पर प्रशासनिक कार्रवाई, मादक पदार्थों के सेवन से स्वास्थ्य एवं परिवार, समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव की जानकारी दें- जोनल आईजी, रांची

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चाईबासा।** अवैध अफीम की खेती के विनष्टीकरण एवं रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत आज सोमवार को डाकबंगला पथ प्रमंडल, खरसावां सभागार मे कोल्हान प्रमंडल स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रमंडलीय आयुक्त श्री हरि कुमार केसरी ने की। बैठक में रांची जोनल आईजी अखिलेश झा, कोल्हान डीआईजी मनोज रतन चौथे, उपायुक्त सरायकेला-खरसावां रविशंकर शुक्ला, उपायुक्त पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) कुलदीप चौधरी, सरायकेला-खरसावां एसपी मुकेश लूणायत, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) एसपी आशुतोष शेखर, वन प्रमंडल पदाधिकारी सरायकेला-खरसावां एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी पोड़ाहाट सहित दोनों जिलों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में सरायकेला-खरसावां एवं पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले में अवैध अफीम की खेती को लेकर चलाए जा रहे अभियान की समीक्षा कर मादक पदार्थो के खरीद बिक्री एवं परिचलन मे संलिप्त लोगो पर नियम संगत कार्रवाई करने तथा किसानो को अवैध अफीम की खेती के बजाय अन्य वैकल्पिक खेती के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया गया।



बैठक में शामिल आयुक्त व उपस्थित वरीय अधिकारी।

बैठक के दौरान सरायकेला-खरसावां जिले मे अवैध अफीम की खेती को लेकर की जा रही गतिविधियों के सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए उपायुक्त श्री रवि शंकर शुक्ला नें बताया कि विगत वर्ष की तुलना मे 50% कम खेती हुई है। उन्होंने बताया कि जिले मे अबतक लगभग 214 एकड़ अवैध अफीम की खेती को स्थानीय प्रशासन के द्वारा विनिष्टिकरण किया गया है। उपायुक्त नें कहा कि अभियान के तहत अबतक 13 प्राथमिकी दर्जकर दो लोगो को अरेस्ट भी किया गया है। जिले के विभिन्न क्षेत्र मे अवैध अफीम खेती को चिन्हित किया गया है जिसके विनष्टीकरण हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। उपायुक्त नें कहा कि अभियान के तहत अफीम खेती का विनिष्टीकरण के साथ किसानों को अन्य वैकल्पिक खेती के लिए प्रेरित कर उन्हें बीज भी दिलाया जा रहा है।

उपायुक्त पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) कुलदीप चौधरी नें बताया की जिले मे अवैध अफीम खेती के विनष्टीकरण अभियान के तहत जिले में (2024-25) 122 एकड़ खेती का विनष्टीकरण किया है। अभियान के तहत अबतक 11 प्राथमिकी दर्ज की गई है। उपायुक्त ने कहा कि विभिन्न विभागों के साथ समन्वय से कैलेंडर निर्धारित कर नशा मुक्ति तथा अवैध अफीम खेती के विनष्टीकरण के प्रति लोगों को जागरूक करने को विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर रहा है।

जोनल आईजी अखिलेश झा नें थानावार अवैध अफीम खेती विनिष्टीकरण के कार्य तथा आगामी योजनाओं की जानकारी लेकर दोनों जिले में अवैध खेती के विनष्टीकरण के कार्यों की सराहना की। सभी विभाग के पदाधिकारियों को बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करने को कहा। अवैध खेती की चिन्हितकरण के लिए जरूरत अनुसार ड्रोन का उपयोग करें तथा विनष्टिकरण के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल साथ ले जाये। प्रभावित क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी एवं अंचलधिकारी स्थानीय ग्राम प्रधान एवं मानकी-मुंडा के साथ बैठक कर अवैध अफीम खेती के विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई तथा अफीम, गांजा जैसे अवैध मादक पदार्थों के प्रयोग से स्वास्थ्य, समाज एवं परिवार पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव से अवगत कराकर किसानो को अन्य वैकल्पिक खेती के लिए जागरूक करने मे सहयोग लें।

### लौहनगरी के प्रशांत ने नेशनल बॉडीबिल्डिंग में सिल्वर जीत झारखंड को किया गौरवान्वित

# प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को हरसंभव सरकार से हरसंभव सहयोग मिलना चाहिए : पूर्णिमा

- विधायक पूर्णिमा साहू समेत दिनेश कुमार ने किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी के टेल्को के प्रशांत कुमार सिंह उर्फ गोलू ने कर्नाटक के बेलगावी में 14-16 जनवरी 2025 को आयोजित 16वीं सीनियर नेशनल बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में 100 किलोग्राम वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर झारखंड का नाम राष्ट्रीय मंच पर रौशन किया। प्रशांत टाटा मोटर्स के टाऊन विभाग में कार्यरत हैं। प्रशांत ने बताया कि चैंपियनशिप से पहले कोच के निधन से तैयारी प्रभावित हुई, लेकिन मैं ऐशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने का हरसंभव प्रयास करूंगा। उनकी उपलब्धि पर जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा दास साहू ने सोमवार को उन्हें अपने आवासीय कार्यालय में सम्मानित किया। इस दौरान उन्हें शॉल भेंट कर मिठाई खिलाकर विधायक ने बधाई दिया। पूर्णिमा साहू ने कहा, झारखंड के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सरकार से हरसंभव सहयोग मिलना चाहिए। प्रशांत हमारे युवाओं के लिए प्रेरणा हैं। भाजपा नेता दिनेश कुमार ने भी बॉडी बिल्डिंग में सिल्वर जीतने पर प्रशांत की उपलब्धि को सराहते हुए जिला खेल पदाधिकारी से प्रशांत को सम्मान दिलाने का आग्रह किया। उन्होंने प्रशांत सिंह को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया साथ ही दिनेश कुमार ने शहर के युवाओं से आग्रह किया है आज जरूरत है कुछ करने की नशा पान से दूर रह कर कुछ ऐसा करने की जैसा प्रशांत ने कर दिखाया है, इस दौरान भाजपा नेता राकेश सिंह, अंकित आनंद, आशीष तिवारी एवं अन्य मौजूद थे।



बॉडी बिल्डर प्रशांत को सम्मानित करतीं जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा दास साहू व अन्य।

## एक नजर में

### जलेस की कार्यकारिणी बैठक संपन्न



**जमशेदपुर।** भोजपुरी भवन गोलमुरी में जलेस सिंहभूम की कार्यकारिणी बैठक अशोक शुभदर्शी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। यह निर्णय लिया गया कि जलेस सिंहभूम का पिकनिक समारोह 19 जनवरी को जुबली पार्क में होगा, जिसमें समान विचार वाले संगठनों के साथी भी शामिल होंगे। निराला मजयन्ती का कार्यक्रम 9 फरवरी को भोजपुरी भवन में कराने पर सहमती बनी जबकि होली मिलन 16 मार्च को आयोजित होगा। जलेस राष्ट्रीय सम्मेलन इसी वर्ष उत्तर प्रदेश में होना निश्चित है अतः साथी शैलेन्द्र अस्थाना और साथी राजदेव सिन्हा ने होली के बाद राज्य सम्मेलन कराने का सुझाव दिया जिसे स्वीकार कर लिया गया। मौके पर डी एन एस आनन्द ने वैचारिक प्रतिबद्धता और अनुशासन पर अपनी बात रखी। दूसरे सदस्यों ने भी इस बाबत अपनी बेबाक राय दी। बैठक में अरविंद विद्रोही,अजय मेहताब, तापस चटराज एवं अन्य उपस्थित थे। अन्त में सचिव उदय हयात ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### श्रीमद राजचंद्र आत्म तत्व रिसर्च सेंटर की जमशेदपुर शाखा ने लगाया आरोग्य मेला



**जमशेदपुर।** श्रीमद राजचंद्र आत्म तत्व रिसर्च सेंटर की जमशेदपुर शाखा ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आरोग्य मेला का सफल आयोजन किया। रोटरी क्लब जमशेदपुर के साथ मिलकर आरोग्यम हॉस्पिटल के सहयोग से 19 जनवरी को नरभेराम हंसराज इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्रांगण में आयोजित किये गये इस मेडिकल कैंप की कुछ विशेष झलकियां इस प्रकार है। प्रातः 7:30 बजे से शुरू हुए इस कैंप में सर्वप्रथम ब्लड सैंपल लिया गया।लगभग 350 मरीज जिन्होंने स्वयं को रजिस्टर करवाया था, ने इस का लाभ लिया। इस सैंपल से 44 पैरामीटर्स तक जांच कर 26 जनवरी को रिपोर्ट सौंपी जायेगी। सभी के लिए चाय कॉफी व नाश्ते का इंतजाम भी संस्था द्वारा किया गया था। इसमें आरोग्यम हॉस्पिटल के डॉक्टर्स की टीम ने अपनी स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करायी। लगभग 25 डॉक्टर्स की टीम ने सभी इच्छुक लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर मार्गदर्शन किया। इसके साथ ही रोटरी क्लब स्टील सिटी के प्रेसिडेंट शिवानी जी गोयल एवं सेक्रेटरी प्रियंका सिंह के साथ एवं सहकार से (12-35 वर्ष की) 170 लड़कियों एवं महिलाओं को सर्वाइकल केंसर वेक्सीनेशन भी फ्री में लगाया गया। मेले का लाभ लेने वाले सभी लोगों ने खुले दिल से उनको मिल रही इन सुविधाओं की सराहना की यह संस्था के लिए गर्व तथा संतोष का विषय रहा। स्वास्थ्य जागरूकता के लिए आयोजित इस आरोग्य मेले में मुख्य हस्तियों में नकुल भाई कमानी (प्रेसिडेंट नरभेराज हंसराज इंग्लिश मीडियम स्कूल), दर्शनाबेन टांक, डॉ मंदार शाह की गरिमामय उपस्थिति रही। श्रीमद राजचंद्र आत्म तत्व रिसर्च सेंटर की ओर से पिग्नेश भाई झटकिया एवं कनक बेन गांधी ने संस्था की सभी सामाजिक और आध्यात्मिक गतिविधियों से लोगों को रूबरू करवाया। डॉ मंदार शाह ने इस प्रकार की स्वास्थ्य सेवा का महत्व बताते हुए संस्था के कार्य की सराहना की और संस्था को प्रतिवर्ष किये जा रहे इस सेवा कार्य के लिए अनुमोदना करते हुये पूरे कैंप का मुआयना किया। डॉक्टर्स और चेकअप के लिए आये लोगों के साथ बात की। इसका नेतृत्व संस्था के किशोर भाई वोरा, रश्मि भाई भयानी, पराग भाई भायानी, केवल भाई झाटकिया, मीना भायानी ने किया।

## सातवीं बार राकेश्वर पांडेय बने अध्यक्ष और बीके डिंडा महामंत्री

- मेहरबाई टाटा मेमोरियल इम्पालाईज यूनियन की आम सभा संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** सोमवार को एमटीएमएच इंप्लाइज यूनियन की आम सभा हुई। जिसमें सर्वप्रथम दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इसके बाद महामंत्री बीके डिंडा ने ग्रेड रिवीजन एवं यूनियन की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद श्री गिरी ने यूनियन का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया। तत्पश्चात अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने आम सभा को विनोद कुमार राय (उपाध्यक्ष झारखंड इंटक) निर्वाचन अधिकारी एवं अंजनी कुमार (महामंत्री टीआर लेबर यूनियन) सहायक निर्वाचन अधिकारी के सुपुर्द कर राकेश्वर पांडेय एवं बीके डिंडा सभा से बाहर निकल गये।

इसके बाद निर्वाचन अधिकारी ने सभी सदस्यों को संबोधित किया एवं को आप्शन की प्रक्रिया पर चर्चा की। इसके बाद माननीय सदस्य सह अध्यक्ष के लिए राकेश्वर पांडेय के नाम का प्रस्ताव मो वाहिद ने किया जिसका समर्थन श्री गिरी ने किया। जिसका सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर सर्वसम्मति से समर्थन किया।

## टाटा नगर रेलवे स्टेशन पर डायरेक्टर डॉ जी बैजू का किया गया भव्य स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** महिला किसान सशक्तिकरण को लेकर उन्नत कृषि प्रौद्योगिकी विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार में भाग लेने के लिए आइसीएआर / सीटीसीआरआई, भारत सरकार के डायरेक्टर डॉक्टर जी बैजू बंदेभारत ट्रेन से टाटा नगर रेलवे स्टेशन पहुंचे। टाटा नगर रेलवे स्टेशन पर आटी पुआल मशरूम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर अमरेश महतो एवं दीन बंधु ट्रस्ट के अध्यक्ष उत्तम चक्रवर्ती तथा महासचिव नागेन्द्र कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर जमशेदपुर में स्वागत किया। मौके पर सुनीता पोयडा, रूबी गोराई, शशिकांत, प्रियंका, राधा, आशा, पूनम, साहिल तांडी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे। बता दें कि डायरेक्टर डॉ जी बैजू मंगलवार को पुरुलिया में होने वाले एक दिवसीय सेमिनार में भाग लेंगे।



पुष्पगुच्छ देकर डायरेक्टर का स्वागत करते लोग।

### ईपीएफओ ने सदस्य प्रोफाइल अपडेट करने की ऑनलाइन प्रक्रिया को सरल बनाया

**जमशेदपुर।** सदस्य सेवाओं में सुधार लाने और सदस्य डेटा की सटीकता को सुनिश्चित करने, अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाने के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने सदस्य प्रोफाइल अपडेट करने की प्रक्रिया में सरलीकरण शुरू किया है। संशोधित प्रक्रिया के तहत, जिन सदस्यों का यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) पहले से ही आधार के माध्यम से मान्य है, वे अपना प्रोफाइल जैसे नाम, जन्म तिथि, लिंग, राष्ट्रीयता, पिता/माता का नाम, वैवाहिक स्थिति, पति या पत्नी का नाम, शामिल होने की तिथि और छोड़ने की तिथि को बिना किसी दस्तावेज को अपलोड कर खुद अपडेट कर सकते हैं।

## पटमदा का विशाल टुसू मेला संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटमदा।** पटमदा क्षेत्र का आखरी और सबसे बड़ा टुसू मेला जाल्ला मेन रॉड पर संपन्न हुआ। इस मेले में क्षेत्र के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और आदिवासी संस्कृति का झलक देखा। मेले का मुख्य आकर्षण हेरबना आदिवासी छौ नृत्य दल और जन कल्याण छौ नृत्य दल का प्रदर्शन था, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

टुसू नृत्य प्रतियोगिता में आदिवासी सबर समिति मोहोनपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि यंग स्टार महिला टुसु दल काशीडीह ने द्वितीय स्थान और नामशोल टुसु दल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लछिपुर टुसु दल ने चौथा स्थान प्राप्त किया।

इस मेले में आदिवासी संस्कृति का झलक दिखा, जिसमें पारंपरिक नृत्य, संगीत और कला का प्रदर्शन किया गया। मेले में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और इसका आनंद लिया। मेला आयोजन समिति के सदस्यों ने कहा कि यह मेला पटमदा क्षेत्र की संस्कृति और परंपरा को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया था।



मेला के सफल समापन के बाद एकजुटता प्रदर्शित करती टीम।

## एटक की नयी कमेटी गठित

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**जमशेदपुर।** सोमवार को झारखंड असंगठित मजदूर यूनियन (एटक) की नयी कार्यकारिणी कमेटी का गठन एवं घोषणा कर दी गयी। 15 दिसंबर को हुए झारखंड असंगठित मजदूर यूनियन का सफल सम्मेलन धातकीडीह ठक्कर बप्पा भवन में किया गया था, लेकिन नयी कार्यकारिणी कमेटी का गठन नहीं किया गया था। इसलिए 19 जनवरी को नयी कार्यकारिणी कमेटी का गठन एवं घोषणा कर दी गयी, जिसमें सर्वसम्मति से यूनियन के अध्यक्ष कॉ सपन घोषाल को बनाया गया। महासचिव कॉ रमेश मुखी उपाध्यक्ष के रूप में कॉ जमीरूद्दीन खान, कॉ चुड़ा हांसदा, कॉ नरसिंह राव, कॉ मनशफ अली चुना गया। सचिव मंडली सदस्य के रूप में कॉ करन हेंब्रम, कॉ भरत बहादुर, कॉ सुनिता मूर्मू, कॉ दुखनी पाड़ेया, कॉ सत्यम श्रीवास्तव, कॉ सपन माहपात्रा, कॉ गोपाल पात्रो, कॉ मोतीलाल जातराम, कॉ सोनिया देवी, कॉ रामदास करूवा,कॉ राम प्रमाणीक आदि उपस्थित थे।

### चंद्रवती फ्लैट का ताला काट कर 15 लाख की चोरी



**जमशेदपुर।** थाना क्षेत्र के किताडीह में चंद्रवती फ्लैट का ताला काट कर चोरो ने 15 लाख के गहने और 50 हजार कैश लेकर फरार हो गये। वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी। जमशेदपुर के परसुडीह थाना क्षेत्र के कीताडीह ईमामबाड़ा के पास चन्द्रवाती अपार्टमेंट के एक फ्लैट का ताला तोड़ कर चोरों ने एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने घर में रखे लगभग 15 लाख के गहने और 50 हजार नकदी की चोरी कर ली है। फिलहाल, पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। बताया जा रहा है कि चंद्रवती अपार्टमेंट निवासी और राशन दुकानदार समीम खान और उनकी पत्नी घर में ताला बंद कर अपने दुकान गए हुए थे। घर खाली होने का फायदा उठाते हुए चोर घर के मेन गेट में लगे ताले को कटर से काटकर घर में घुस गये। इसके बाद दो अलमीरा के लॉकर को तोड़ कर उसमें रखे सारे गहने और पैसों पर हाथ साफ किया।

## जमशेदपुर एफसी हैदराबाद एफसी के खिलाफ अहम मुकाबले के लिए तैयार

- 23 जनवरी को होगा बहुप्रतीक्षित मुकाबला
- हैदराबाद एफसी के खिलाफ जीत जमशेदपुर एफसी को दूसरे स्थान पर वापस लायेगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी ने आज फ्लैटलेट में अपना आखिरी प्रशिक्षण सत्र पूरा किया, जो 23 जनवरी को हैदराबाद एफसी के खिलाफ बहुप्रतीक्षित इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मुकाबले की तैयारियों को दर्शाता है। लीग तालिका में वर्तमान में चौथे स्थान पर मौजूद मेन ऑफ स्टील कल हैदराबाद की यात्रा करेंगे, जो जीत हासिल करने और अपने दूसरे स्थान को प्राप्त करने के लिए उत्सुक हैं। हैदराबाद एफसी के खिलाफ जीत जमशेदपुर एफसी को दूसरे स्थान पर वापस लायेगी।

हेड कोच खालिद जमील टीम को प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से अपनी रणनीति और रणनीति को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। टीम के हालिया प्रदर्शन, जिसमें लगातार जीत और मोहन बागान के खिलाफ ड्रॉ शामिल है, ने उनके आत्मविश्वास और मनोबल को बढ़ाया है।



दूसरी ओर हैदराबाद एफसी अपने पिछले मैच में बेंगलुरु एफसी के खिलाफ ड्रॉ के बाद लीग में अपनी स्थिति में सुधार करना चाहेगी। यह मैच काफी रोमांचक होने वाला है, क्योंकि दोनों टीमें लीग तालिका में महत्वपूर्ण अंक हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। यह मुकाबला 23 जनवरी को शाम 7:30 बजे जीएमसी बालयोगी एथलेटिक स्टेडियम में होने वाला है और प्रशंसक इस मैच में रोमांचकारी माहौल की उम्मीद कर सकते हैं, क्योंकि दोनों टीमें वर्चस्व की लड़ाई में भिड़ेंगी। प्लेऑफ की संभावना को देखते हुए जमशेदपुर एफसी जीत हासिल करने और लीग तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए चुनौती पेश करेगी।

### सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा के दिये निर्देश



**गम्हरिया।** प्रखंड परिसर सभागार में प्रखंड एवं अंचल अंतर्गत आने वाले सभी विभागों के पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अनिता टुडू ने किया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार द्विवेदी, सीडीपीओ दुर्गेश नंदिनी, उप प्रमुख मोहम्मद कयाम हुसैन समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे। इस दौरान प्रखंड एवं अंचल अंतर्गत आने वाले सभी विभागों के विकास कार्यों की समीक्षा की गई तथा उन विकास कार्यों की गति बढ़ाने के लिए कई दिशा निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि किसी भी पंचायत में होने वाले विकास कार्यों की जानकारी पंचायत के प्रतिनिधियों को दिया जाना आवश्यक है ताकि उसकी मोनिटरिंग और गुणवत्ता की जांच समय पर की जा सके।

## स्पीड न्यूज

### अधौरा स्वास्थ्य केंद्र में लगा स्वास्थ्य मेला

**मोहम्मदगंज (पलामू)।** पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह के निर्देश पर सोमवार को प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अधौरा में स्वास्थ्य मेला लगा। जिसमें स्वास्थ्य के विभिन्न विभागों ने भाग लिया। मेला में 610 मरीजों का नि :शुल्क इलाज हुआ। जिसका शुभारंभ हुसैनाबाद एसडीओ गोरांग महतो, सिविल सर्जन पलामू डॉ अनिल सिंह, बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शशिभूषण, आरोग्य समिति नितीश सिंह, विकास सिंह, आश्विनी सिंह, उप प्रमुख नगीना सिंह ने किया। मेला में टीवी, मलेरिया, कुष्ठ, हड्डी, आंख, गर्भवती, कैंसर नियंत्रण, आयुष्मान कार्ड, ओरल कैंसर, आयोडिन, सामान्य चिकित्सा, दंत निकित्सा व अन्य विभागो का कैंप लगाया गया। कार्यक्रम में सभी विभागों के स्पेशलिस्ट डॉक्टर, सीएचओ, एएनएम, सीआइ मुकेश कुमार, बीएओ नॉषाद आलम उपस्थित थे।

### निजी विद्यालय संघ का स्थापना दिवस मना



**हुसैनाबाद पलामू।** प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन झारखंड की हुसैनाबाद इकाई ने स्थानीय समता स्कूल में एसोसिएशन का 8 वां स्थापना दिवस मनाया। अध्यक्षता व संचालन डॉ जीतेन्द्र प्रसाद ने की। कार्यक्रम में सर्वोदय विद्या भारती, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल, राज पब्लिक स्कूल, सनशाइन प्ले स्कूल, समता स्कूल, श्री मां बाल विकास विद्यालय, लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल, सक्सेस पब्लिक स्कूल, ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल, स्वामी विवेकानंद स्कूल, शिशु विद्यालय इंटवा आदि के निदेशक शामिल हुए। कार्यक्रम में सभी लोगों ने क्षेत्र में स्वच्छ शैक्षणिक माहौल की दिशा की दिशा में बेहतर करने की बात कही। अगली बैठक में आगे की रणनीति पर विस्तृत विचार विमर्श की जायेगी। मौके पर प्रो शीला सिन्हा, डॉ निरंजन प्रसाद, राज कुमार, मनोज प्रजापति, डॉ अक्षय चौहान, कृष्णा उर्फ कुंदन तिवारी, जयराम राम, मो नासिर, शषिकेश कश्यप, आशीष कुमार, दशरथ कुमार मौजूद थे।

### लोगों को मिली वित्तीय साक्षरता की जानकारी




**पाटन पलामू।** प्रखंड के केल्हार पंचायत के नगेसर में स्वयंसेवी संस्था अग्रगति इंडिया ने ग्रामीणों के बीच बैठक सह जागरूकता अभियान कार्यक्रम किया। बैठक में ग्रामीणों को वित्तीय साक्षरता की जानकारी दी गयी। मौके पर सीएफएल को-ऑर्डिनेटर सतीश दूबे, प्रशिक्षिका खुशबू कुमारी ने वित्तीय साक्षरता की जानकारी देकर इस पर अमल व बचत करने को कहा गया। लोगों को नियमित बचत करने, बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, सुकन्या समृद्धि, केसीसी ऋण, लोन, मुद्रा लोन, एजुकेशन लोन, डिजिटल लेन देन करने जैसे यूपी आई, गुगल पे, फोन पे, एटीम साईबर क्राइम से बचने के उपाय बताये गये। कार्यक्रम में सेविका माधुरी देवी, जेएसपीएलएस के कोर्डिनेटर अनिता, आनंद कुमार, रवि, पंकज कुमार, कैलाश कुमार रवि समेत कई दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### महुअरी पंचायत में का कंबल वितरण



**हुसैनाबाद (पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र में बढ़ रही ठंड को देख महुअरी पंचायत के पंसस बद्रीनारायण सिंह ने पंचायत के जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल बांटा। इस कड़कड़ाती ठंड में गरीबों, जरूरतमंदों में करीब 50 कंबल बांटकर ठंड से राहत दिलायी है। इस दौरान कंबल लेने के लिए पंचायत के हरेक वार्ड से काफी संख्या में जरूरतमंद, बुजुर्ग व गरीब पहुंचे थे। कंबल मिलते ही जरूरतमंदों के चेहरे खिल गये। पंसस ने कहा कि मनुष्य के जीवन की सार्थकता तब है, जब वह गरीब और असहायों की सेवा करे। सर्दी के इस मौसम में गरीबों को गर्म कपड़े वितरण करना सच्ची मानव सेवा है। मौके पर श्री बैठा, अखिलेश सिंह, मिथलेश सिंह, विरेंद्र सिंह, रामचरितर साव, महेंद्र सिंह, कपिल प्रजापति, नंदलाल सिंह, श्याम बिहारी साव, कृष्णा सिंह, लखन मेहता, सोनु सिंह मौजूद थे।

### झंडोत्तोलन के समय का हुआ निर्धारण



**चैनपुर (पलामू)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को गणतंत्र दिवस को लेकर प्रमुख गायत्री देवी की अध्यक्षता में बैठक की गयी। जिसमें पूरे प्रखंड के सरकारी कार्यालयों समेत स्कूलों हेतु झंडोतोलन को लेकर समय सारणी निर्धारित की गयी। तय समय के अनुसार प्रखंड सह अंचल कार्यालय में 8 :30 बजे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर में 8 :45, संकुल संसाधन चैनपुर में 9, व्यापार मंडल चैनपुर में 9 :15, कृषि तकनीकी केंद्र में 9 :30, पशुपालन विभाग में 9 :40, वनों के क्षेत्र पदाधिकारी का कार्यालय में 10, थाना परिसर में 10 :10 बजे झंडोत्तोलन होगा। बैठक में बीडीओ प्रदीप दास, जेपीएस राधेश्याम राम, सीआई शशि कुमार, प्रखंड को-ऑर्डिनेटर अमित चौबे, एमओ अभिषेक कुमार, फॉरेस्टर राकेश पांडेय, पशु चिकित्सा पदाधिकारी इंद्रजीत सिंह भी थे।

### बच्चों के सर्वांगीण विकास को तरजीह दें शिक्षक और अभिभावक : चेयरमैन



**मेदिनीनगर।** टाउन हॉल में संत मरियम आवासीय विद्यालय के बच्चों के अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच संवाद सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, मेंटर्स एडुसर्व शैक्षणिक स्थान के रीजनल डायरेक्टर राहुल राजा, उप प्राचार्य एस बी शाहा, प्रवीण दुबे अभिभावक व अन्य शिक्षकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं विद्यालय में अध्यनरत बच्चों ने अभिवादन गीत के साथ अभिभावकों को तिलक लगाकर कार्यक्रम में उनका स्वागत किया। तत्पश्चात प्राचार्य ने छात्रवासी बच्चों के दिनचर्या की जानकारी ली।

# पलामू के किसानों की समस्या का समाधान कर कृषि योग्य बनेगा जिला : राधाकृष्ण किशोर

- वित्त मंत्री ने शिवाजी मैदान में जिलास्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का किया उद्घाटन
- पलामू में कृषि विवि, सरकारी कोल्ड स्टोरेज व महुआ शराब प्लांट खोलवाने के लिए पहल करेंगे
- केसीसी कार्ड बढ़ाकर महिलाओं के नाम खोलने का दिया निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शिवाजी मैदान में जिलास्तरीय किसान मेला सह फसल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न सरकारी विभाग एवं किसानों अपनी उपज फसल तथा यंत्र , कीटनाशक दवा व अन्य सामग्री का प्रदर्शनी लगाया गया। जिसका उदघाटन झारखंड सरकार के वित्त,वाणिज्यकर,योजना एवं विकास व संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने दीप प्रज्वलित कर उदघाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि पलामू जिला में कृषियोग्य भूमि जितना है उसके अनुपात में उपज की क्षमता कृषि की समुचित व्यवस्था नहीं रहने के कारण हो नहीं पाता है इसलिए पलामू को कृषियोग्य बनाने के लिए सरकार के साथ संबंधित विभाग के अधिकारियों के अलावे किसानों को भी पहल करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पंजाब, हरियाणा में छह से सात सौ मीमी वर्षा होने पर वहां की उपज अच्छी होती है लेकिन यही बारिश यदि पलामू में होता है तो पलामू के लोगों को सुखाड़ का सामना करना पड़ता है। इस सुखाड़ के दंश को हमसभी को मिलकर समाप्त करने की जरूरत है। उन्होंने उपस्थित किसानों को आहवान करते हुए कहा कि सिर्फ खरीफ, रबी फसल पर ही निर्भर न रहें। सरकार द्वारा पशु पालन, मुर्गी

# जल्द हो सकता है खासमहाल लीज सरलीकरण: आनंद शंकर

- वित्त मंत्री को पता है खास महल लीज की पूरी समझ और पीड़ा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



आनंद शंकर, चेंबर अध्यक्ष।

**मेदिनीनगर।** चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने बताया है कि लीज सरलीकरण जल्द हो सकता है। श्री शंकर ने कहा कि इस संबंध में कुछ दिन पूर्व पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नेतृत्व में झारखंड चैंबर की एक एग्जीक्यूटिव बैठक डालटनगंज में करायी गयी थी, जिसमें टाउन लीज नवीनीकरण को सरलीकरण कराने और लीज दर को पूर्व की भांति न्यूनतम करने पर सरकार से वार्ता करने की सहमति बनी थी। रांची लौटते ही झारखंड चैंबर की एक कमेटी वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से मिलकर खासमहाल लीज की जटिलता को बताया।

जिस पर उन्होंने कहा कि मैं डालटेनगंज का रहने वाला हूं और इस बीमारी को मैं जानता हूं, इसका इलाज जड़ से किया जायेगा। मंत्री श्री किशोर ने बताया कि मैं खुद पलामू चेंबर के अध्यक्ष आनंद शंकर के साथ एवं सांसद बीडी राम के साथ लीज सरलीकरण करने हेतु मुख्यमंत्री एवं चीफ सेक्रेटरी से पूर्व कई बार मिला था, लेकिन आज तक स्थिति यथावत है। मैंने इस कार्य को प्राथमिकता में रखा है, जल्द इसका निवारण होगा। चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि मंत्री राधा कृष्ण किशोर को खासमहाल लीज की पूरी गहराई से जानकारी है और अब वह खुद सरकार है इसका निदान होना तय है।

### वित्त मंत्री ने किया सीएसी सेंटर कॉलेज एप्लीकेशन सेंटर का उद्घाटन, बोले

# प्रतिभावान बच्चों को निखरने का बेहतर मंच साबित होगा यह सेंटर

- बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए यह सेंटर खोला गया है : प्रोप. अमरदीप तिवारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सीएसी सेंटर कॉलेज एप्लीकेशन सेंटर मिशन स्कूल रोड आवाजगंज में झारखंड सरकार के लोकप्रिय वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि इस सेंटर प्रतिभावान विद्यार्थियों को निखरने का बेहतर मंच मिलेगा। बस ईमानदारी से मेहनत करने की जरूरत है।




वित मंत्री राधाकृष्ण किशोर को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित करते लोग।

मौके पर प्रोपराइटर अमरदीप तिवारी ने कहा कि बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए यह सेंटर खोला गया है। यहां पर बाहर से काउंसलर आयेंगे और बच्चों के लिए सेमिनार के द्वारा काउंसलिंग की व्यवस्था की गयी है और विद्यार्थी अपने उज्ज्वल भविष्य प्राप्त करने के लिए केंद्र में आकर और सही संस्थान प्राप्त करने के लिए मेहनत कर सकते हैं। मौके पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक, वरिष्ठ कांग्रेसी दीनानाथ तिवारी, कामेश्वर तिवारी, रामाशीष पांडे, राजू रंजन सिंह, अरविंद सिंह, प्रभात तिवारी, अभिषेक कुमार, आलोक सिंह, अमित सिंह, शशि शुक्ला के साथ काफी लोग उपस्थित थे।

# अपनी रूचि के साथ लक्ष्य के लिए बढ़ने पर सफलता जरूर मिलेगी : प्रजेशकांत

- हिन्डालको ने 12वीं के विद्यार्थियों के लिए किया कैरियर काउंसेलिंग का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस प्रबंधन की सीएसआर इकाई ने लोहड़ा प्लस टू हाई स्कूल में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसेलिंग का आयोजन किया। इसका उद्घाटन पलामू टाइगर प्रोजेक्ट के डीएफओ प्रजेशकांत जेना, पड़वा थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव,संत मरियम आवासीय विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह की अध्यक्षता सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने किया। मौके पर डीएफओ प्रजेशकांत जेना ने कहा



कार्यक्रम को संबोधित करते डीएफओ व उपस्थित अन्य।

**खास बातें :** डीएफओ ने हिंडालको प्रबंधन से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए इस आयोजन को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह सराहनीय है। संत मरियम आवासीय विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि पढ़ाई के प्रति कभी दबाव नहीं बल्कि आंतरिक लगाव व प्रेम रखना होगा। शिक्षा व संस्कार का समावेश होगा तभी कोई भी मंजिल पाया जा सकता है। पड़वा थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव ने कहा कि असफलता से कभी घबराना नहीं चाहिए। ईमानदारी के साथ प्रयास करने पर सफलता निश्चित रूप से मिलती है। सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे आज भी जानकारी के अभाव में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। मौके पर प्राचार्य दिव्या टोप्पो, प्रीति कुमारी, ललन प्रजापति, अनीता भगत, प्रिंस सिंह, रेणु देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

कि कोई भी लक्ष्य को हासिल करने के लिए इंट्रेस्ट के साथ आगे बढ़ना होगा। अपने सोच को अपने माता-पिता के साथ हमेशा सांझा करते रहना चाहिए ताकि आपके बारे में माता पिता को जानकारी रहे।

### गोसेवा आयोग अध्यक्ष ने जानी गोशाला की हकीकत




**मेदिनीनगर।** श्री गोशाला का निरीक्षण झाखंड गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रजन प्रसाद ने किया। उन्होंने पूरे गोशाला का भ्रमण कर इसके उत्थान के लिए कई दिशा निर्देश दिये। साथ ही जिला प्रशासन के साथ एक बैठक करने का आश्वासन दिया ताकि गोशाला की समस्या का समाधान हो सके। कार्यक्रम में उनके साथ गोशाला समिति के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

### उपेंद्र बने प्रबंधन समिति अध्यक्ष व कंचन उपाध्यक्ष



**मोहम्मदगंज।** पीएम श्री प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में सोमवार को राम जन्म राम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रबंधन समिति का गठन किया गया। बैठक में उपस्थित अभिभावकों ने सर्वसम्मति से उपेन्द्र मेहता को अध्यक्ष, कंचन देवी को उपाध्यक्ष बनाया। रीता देवी को संयोजिका, सोनी, कविता, शीतल, रानी समेत सिद्धार्थ, आनंद, जितेंद्र, अजय और मो जनरल को सदस्य के रूप में नामित किया गया। इसके अलावा रिजवान शहीद, कांति रमण सिंह, राम नाथ राम को शिक्षक प्रतिनिधि और समीक्षा कुमारी को छात्र प्रतिनिधि के रूप में नामित हुआ है। मौके पर प्रभारी प्रधानाचार्य राकेश सिंह व अन्य शिक्षक मौजूद थे।

### वाहन चेकिंग : लूट की अपाची जब्त, एक गिरफ्तार



**तरहसी पलामू।** पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन के निर्देश पर जिले में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 19 जनवरी को सरैया मझगावां अमानत पुल के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान आने-जाने वाले वाहनों को रोककर जांच की जा रही थी। इसी बीच सरैया की ओर से एक अपाची (जेएच 03 एएच 8790) आती हुई दिखी। बाइक सवार को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन उसने भागने का प्रयास किया। सशस्त्र बल के सहयोग से तत्काल उसे पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम पवन सिंह पिता- अजय कुमार सिंह उर्फ सिंह, ग्राम- पतिला, पोस्ट- पाठकपगार, थाना- तरहसी, जिला- पलामू) बताया। वाहन के कागजात मांगे जाने पर उसने कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। जांच में पाया गया कि गाड़ी का इंजन नंबर और चेसिस नंबर अलग-अलग थे और उस पर लगा नंबर प्लेट स्प्लेंडर प्लस बाइक का था।

# हुसैनाबाद : अधौरा के स्वास्थ्य मेला में 610 मरीजों की जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- हर जरूरतमंद व्यक्तियों को मिले स्वास्थ्य सेवा का लाभ : गौरांग महतो
- विशेष कार्यक्रम में विभिन्न बीमारियों व सरकार द्वारा सुविधा का लाभ उठायें ग्रामीण : सिविल सर्जन

**हुसैनाबाद पलामू।** केंद्र एवं राज्य सरकार ने 20 जनवरी से 24 जनवरी तक विशेष स्वास्थ्य मेला कार्यक्रम के तहत सोमवार को हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के सुदूरवर्ती व अधौरा में स्वस्थ्य मेला लगा। सोमवार को हुसैनाबाद एसडीओ गौरांग महतो एवं पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, बीडीओ रणवीर कुमार ने उद्घाटन किया। इस दौरान एसडीएम ने मेला में लगे विभिन्न विभागों के डॉक्टर व स्टॉल पर रखी दवाओं का अवलोकन कर कहा कि स्वास्थ्य मेले में आयुष्मान भारत योजना, आयुष्मान भारत



डिजिटल मिशन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान तथा विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों आदि संचालित किया जा रहा हैं। जिससे ग्रामीण इलाकों के मरीजों व नागरिकों को लाभ मिलेगा। उन्होंने लोगों से लाभ लेने की अपील की है।

# राष्ट्र की संपत्ति वन और पर्यावरण का प्रमुख अंग है युवा खेल व कला संस्कृति: डॉ कौशल

- पर्यावरणविद ने पौधा दान करने के उपरांत औपचारिक बैटिंग कर किया क्रिकेट मैच का शुभारंभ
- छत्तरपुर की टीम ने चिरू को हराकर खिताब अपने नाम किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छत्तरपुर पलामू।** प्रखंड के कोकरो में चल रहे मैच का समापन के मुख्य अतिथि विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व बनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने राष्ट्रीय गान के उद्घोष व पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के उपरांत बैटिंग कर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। लोगों को उन्होंने पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाई। कहा कि जीना है तो पौधा लगाकर अपने बच्चों की तरह बचाना ही होगा। नहीं तो डायनासोर की तरह



मानव का जीवन लीला समाप्त हो जायेगी। क्योंकि पर्यावरण के अंग युवा, कला व संस्कृति है। इनकी सुरक्षा के लिए हर हाल में पौधरोपण करना होगा। फाइनल मुकाबला छत्तरपुर बनाम चीरू के बीच खेला गया।

### देवी प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ को लेकर स्थापित किया गया ध्वज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड के पोलडीह जगदीशपुर में देवी प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय शतचंडी महायज्ञ को लेकर सोमवार को ध्वज स्थापित किया गया। इसके पूर्व यज्ञाचार्य धर्मराज पांडेय ने नवनिर्मित देवी मंदिर स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत ध्वज पूजन किया। इसके बाद ध्वज के साथ यज्ञाचार्य के नेतृत्व में ढोल-बाजे के साथ ग्रामीणों ने गांव भ्रमण किया। इस क्रम में लोगों ने जय माता दी, मातारानी की जयकारे के साथ गांव के शिव मंदिर व



हनुमान मंदिर पहुंचे। पूजन के बाद पुनः लोग देवी पहुंचे जहां यज्ञाचार्य ने ध्वज स्थापित किया। समिति के लोगों ने बताया कि महायज्ञ को लेकर 16 फरवरी को जलयात्रा, 17 को अग्नि प्रवेश, 18 को अधिवास, 19 को नगर भ्रमण, 20 को प्राण प्रतिष्ठा, 21 को हवन व महाभंडारा के साथ महायज्ञ की पूर्णाहूति होगी।

### जेरेडा ने संबंधित हितकारकों लिए कराया प्रशिक्षण कार्यक्रम

**मोहम्मदगंज पलामू।** झारखंड नवीनीकरण ऊर्जा विकास एजेंसी जेरेडा ने कृषि क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण पर और अन्य संबंधित हितकारको लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को प्रखंड के पंसा पंचायत अंतर्गत प्रावि अधौरा में कराया। शुभारंभ जिला पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह, मुखिया विकास सिंह, बीएओ नौशाद आलम ने किया। कार्यक्रम में प्रियका कुमारी, सुलेखा, दीपक मेहता, राजनाथ सिंह, रामप्रवेश सिंह, संतोषी देवी संतोष मेहता, महिला समूह, किसान भी थे।

# 15वें वित्त मद से प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में योजनाओं का शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मोहम्मदगंज पलामू।** जिला पार्षद अंजू देवी के पहल पर 15वें वित्त योजना मद से प्रखंड के विभिन्न पंचायत क्षेत्र में विकास योजनाओं का शुभारंभ किया गया। प्रखंड के कोल्हुआ सोनबरसा पंचायत के बिरध्वर गांव में नहर पुल से कर्मदेव साव के घर तक ग्रामीण सड़क का निर्माण कार्य और मोहम्मदगंज स्टेशन रोड में जगदेव चौक का उन्नयीकरण कार्य का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना के साथ नारियल



फोड़कर जिला पार्षद प्रतिनिधि युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह ने किया। मौके पर कोल्हुआ सोनबरसा उपमुखिया लक्ष्मण सिंह, अरबिंद राम, सुजीत पासवान, पंकज सिंह, दयानंद मेहता, शंभू सिंह, पंकज सिंह, विक्की कुमार, कुश सिंह, उदय मेहता, मनोज मेहता, बालदेव मेहता, दिनेश मेहता, बृजनंदन साव उपस्थित थे।

# ठेमा में एनएच 39 पर अंडर पास बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने काम रोकवाया

- ठेमा में निर्माणाधीन एनएच 39 पर अंडर पास बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने दिया धरना, काम रोकवाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर /सतबरवा।** सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के ठेमा गांव में निमार्णाधीन एनएच 39 पर अंडर पास बनाने की मांग को लेकर सोमवार को करीब 4 घंटे तक सड़क पर धरना प्रदर्शन करके काम को अवरूद्ध कर दिया। मुखिया प्रतिनिधि सामाजिक कार्यकर्ता शंभू उरांव, बीडीसी प्रतिनिधि अरविंद कुमार सिंह, दीपक कुमार, नंददेव सिंह, सतीश सिंह, यमुना सिंह,



काम रूकने के बाद मौके पर पहुंचे पदाधिकारी व अन्य।

गणेश्वर सिंह, अनिल सिंह, मनोज सिंह, अजय उरांव, पंपू सिंह के साथ सार्थक बातचीत अंचलाधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की ने की। इसके बाद फिर से ठप पड़े काम को शुरू किया गया। इस दौरान कंपनी के प्रशासनिक अधिकारी सुजीत कुमार, राजेश कुमार पांडेय भी सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किया। मौके पर सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने बताया कि यह सड़क पलामू किला मेला तथा बेतला नेशनल पार्क जाने वाली मुख्य सड़क है। दोनों ओर 20-20 फीट बीच का डिवाइडर तोड़वा दिया गया। सीओ ने बताया कि पलामू किला मेला आयोजन समिति का एक शिष्टमंडल मेरे साथ उपायुक्त पलामू से मिलने के लिए जाएंगे। ग्रामीण ने बताया कि महत्वपूर्ण सड़क होने के कारण यहां पर अंडरपास बनाने के लिए डीसी महोदय से आग्रह किया जाएगा ताकि सड़क से होकर आने जाने वाले लोगों को किसी प्रकार का जनहानि नहीं उठाना पड़े। मालूम हो कि यह सड़क भोगू से लातेहार के उदयपुरा तक बनाई जा रही है।

# बेतला एफपीओ ने किसानों के बीच किया सब्जियों के बीज का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर पलामू।** बेतला किसान प्रोड्यूसर लिमिटेड (एफपीओ) ने उद्यान विभाग द्वारा प्राप्त सब्जी के बीज का वितरण अपने सदस्यों के बीच करीब 50 लोगों को 100% अनुदान पर उपलब्ध कराया, जिसमें फर्सबीन, मटर, कद्दू, धनिया, भिंडी, करेली तथा मिर्ची का बीज दिया गया। साथ ही साथ स्प्रे मशीन के लिए आवेदित सदस्यों को भी मशीन भूमि संरक्षण विभाग द्वारा 50% अनुदान पर उपलब्ध कराया गया। इस तरह बेतला एफपीओ लगतार अपने विकास पर निरंतर काम कर रहा है और अपने सदस्यों को लाभ दिलवा रहा है। वहीं बेतला प्रोड्यूसर लिमिटेड कंपनी के सचिव



लाभुकों के बीच सब्जियों के बीज बांटते पदाधिकारी।

ब्रजेश पांडेय ने बताया कि इस संस्था से किसान स्वयं इस कंपनी से जुड़ रहे हैं। जिसमें महिला किसान भी अपना सहभागिता निभा रही है। चैनपुर (बोकेया) के स्थानीय महिला किसान बरती देवी ने बताया कि बेतला एफपीओ से जुड़ी सभी किसानों को कंपनी की तरफ से उन्नत किस्म के बीज दिये जाते हैं। वहीं बेतला एफपीओ के सीओ आकाश रंजन और सचिव ब्रजेश पांडेय ने ग्रामीण क्षेत्रों में घूम कर बांटे गये गेहूं बीच वितरण का फीडबैक लिया। लोगों ने बीज और बेतला एफपीओ के कार्यों को सराहा। बेतला किसान प्रोड्यूसर कंपनी ने अपने विकास तथा विस्तार पर तेजी से आगे बढ़ रही है क्योंकि अब खुद किसान आकर स्वयं अपने से जुड़ रहे हैं।

# वेदांता ईएसएल ने किया चंदाहा में मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** वेदांता ईएसएल ने प्रोजेक्ट आरोग्य के तहत एमजेएम अस्पताल और सिटीजन फाउंडेशन के सहयोग से चंदाहा बरगद टोला में एक मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया। इसमें सुचारू सेवा वितरण के लिए पांच समर्पित डेस्क थे- पंजीकरण लैब टेस्ट दवा हेल्प डेस्क और चेक-अप डेस्क। मौके पर ईएसएल के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कहा कि वेदान्ता ईएसएल समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने में विश्वास रखता है। संगठन द्वारा ऐसा करने के तरीकों में से एक समुदाय के स्वास्थ्य और कल्याण के मुद्दों को हल करने का प्रयास करना है। इस निशुल्क शिविर का उद्देश्य संयंत्र में और उसके आस-पास रहने वाले समाज के वंचित वर्गों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। शिविर में ऑर्थोपेडिक्स जनरल मेडिसिन पीडियाट्रिक्स और डर्मेटोलॉजी जैसी कई विशेषताओं में डॉक्टर परामर्श सहित कई तरह की निःशुल्क सेवाएं प्रदान की गईं। इसके अतिरिक्त रक्तचाप माप रैंडम ग्लूकोज परीक्षण और वजन निगरानी जैसी नैदानिक सेवाएं सभी उपस्थित लोगों के लिए उपलब्ध थीं। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने जोड़ों और मांसपेशियों के दर्द पक्षाघात प्रबंधन सामान्य त्वचा संबंधी समस्याओं थायराइड विकारों और उच्च रक्तचाप और मधुमेह आदि के निदान और प्रबंधन की पेशकश की। टीकाकरण मार्गदर्शन और नवजात शिशु गहन देखभाल को शामिल करते हुए बाल चिकित्सा देखभाल भी प्रदान की गई। शिविर में श्यामली मिंज कुणाल दरिपा सरपंच-चंदाहा रफीक अंसारी और खुश मोहम्मद शामिल हुए थे। डॉ एमजी रसूल डॉ आनंद कुमार मांझी डॉ राहुल सिन्हा की टीम ने चिकित्सा सेवाएं प्रदान की।

## खैराचातर में प्रहरी मेला 10 से 17 मार्च तक

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के खैराचातर में भूतपूर्व सरपंच स्व सुरेश कुमार जायसवाल की पुण्यतिथि पर सामाजिक सांस्कृतिक जागरूकता के लिए 10 से 17 मार्च तक आयोजित होने वाले प्रहरी मेला को लेकर खैराचातर स्थित महिला प्रशिक्षण केंद्र में प्रहरी मेला कमेटी की बैठक हुई। अध्यक्षता उमेश कुमार जायसवाल एवं संचालन दीपक सवाल ने किया। बैठक में इस बार प्रहरी मेला के 25 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में मेला के रजत जयंती समारोह को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। मेला के उद्घाटन व समापन सत्र में बॉलीवुड के किसी सेलिब्रिटी का कार्यक्रम लेने को लेकर भी चर्चा हुई। इसके अलावा मेला में प्रत्येक दिन शिक्षा स्वास्थ्य कृषि जैसे विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम तथा प्रत्येक रात सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

# डालसा ने पोक्सो एक्ट पर कार्यशाला का किया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** पॉक्सो एक्ट को लेकर डालसा की ओर से डिस्ट्रिक्ट लेवल मल्टी स्टेक होल्डर कंसल्टेशन कार्यक्रम सोमवार को आयोजित हुई। कार्यक्रम झालसा, रांची के निर्देश पर डालसा अध्यक्ष संजय कुमार चन्द्धरियावी के आदेशानुसार न्याय सदन में आयोजित हुई। कार्यक्रम में एडीजे-वन रमेश चंद्र, एडीजे-2 प्रकाश झा, एडीजे श्री राजेश सिन्हा, एडीजे फोर धर्मेंद्र कुमार सिंह, एडीजे-फाईव शत्रुंजय कुमार सिंह, डालसा सचिव उत्तम सागर राणा, डीएसपी आकाश भारद्वाज ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उदघाटन किया। कार्यक्रम में पोक्सों एक्ट यानि प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफन्स एक्ट को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पॉक्सो अधिनियम को भारत सरकार के महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2012 मे अधिनियमित किया गया था। जिसके अंतर्गत बाल यौन शोषण, यौन उत्पीड़न एवं पॉनोग्राफी के खिलाफ कार्रवाई के लिए कड़े प्रावधान किए गये है। इसके उल्लंघन से जेल के साथ जुमार्ने का भी प्रावधान है। कार्यक्रम मे पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए किस तरह केस को फ्रेम करना है। उसे बारीकी से बताया गया। कार्यक्रम के अंत में पोक्सो एक्ट के संबंध में ओपन सेशन भी रखा गया। जिसके अंतर्गत डीजे वन ने पोक्सो एक्ट की कार्यप्रणाली एवं इसमें आने वाले बाधाओं के बारे में समझाया। कार्यक्रम मे न्यायिक दंडाधिकारी, मेडिकल ऑफिसर डॉ सुनिता टोपनो, राजकुमार उपाध्याय, अब्दुल गफ्फार, एलएडीसी सिकंदर मंडल, सरोज कुमार मौजूद थे। संचालन अंकित कुमार सिंह ने किया।

## एक नजर में

### केबी कॉलेज बेरमो में आई क्यू ए सी की बैठक



बेरमो। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में आई क्यू ए सी मीटिंग सह वर्कशॉप का सोमवार को आयोजन किया गया। आई क्यू ए सी कोऑर्डिनेटर डॉ अरुण कुमार रॉय महतो ने मीटिंग में आई क्यू ए सी के सभी एक्टिविटी को विस्तार पूर्वक बतलाया। कॉलेज के एनएएसी के लिए विभिन्न कमेटियों का पुनर्गठन किया गया जिसमे पुराने शिक्षकों, नए शिक्षक सभी का सामंजस्य किया गया। यू जी सी ड्राफ्ट नोटिफिकेशन के मुताबिक कॉलेज के विकास के लिए चर्चा की गई। एनएएसी मान्यता के लिए योजना तैयार की गई। छात्र छात्राओं के प्लेसमेंट के लिए चर्चा की गई। मीटिंग सह वर्कशॉप कार्यक्रम में प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति, डॉ साजन भारती, डॉ नीला पूर्णीमा तिर्की, डॉ मधुरा केरकेट्टा, डॉ प्रभाकर कुमार, डॉ वासुदेव प्रजापति, डॉ व्यास कुमार, डॉ अरुण रंजन, डॉ विश्वनाथ प्रसाद, डॉ सुशांत बैरा, डॉ शशि कुमार, प्रो अमीत कुमार रवि, प्रो विपुल कुमार पांडे, प्रो संजय कुमार दास, प्रो सुनीता कुमारी, रविंद कुमार दास, सदन राम, रवि यादविंधु, मो साजिद, शिव चन्द्र झा, बालेश्वर यादव, विनोद केवट, मेहराज शिवेंद, सूरज बेसरा, रमेश टुडू आदि की उपस्थिति रही।

### जेइड़ मेन 22 से, बोकारो के 2069 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा



बोकारो। एनटीए द्वारा आयोजित जेईई मेन की परीक्षा 22 से 31 जनवरी तक चलेगी। बोकारो जिले में इसके लिए दो परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं जिनमें कुल 2069 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। पहला सेंटर चास में नवाडीह मूर्तिटांड़ स्थित आरआर टेक्नोलॉजी और दूसरा चिकसिया में डॉ एस राधाकृष्णन बीएड कॉलेज के समीप बोकारो एजुकेशन ट्रस्ट कैंपस स्थित अल्फा आईसीटी सेंटर को बनाया गया है। जानकारी देते हुए एनटीए के सिटी कोऑर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने बताया कि परीक्षा के सफल आयोजन की तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा सुचारू तरीके से शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचार-मुक्त संपन्न हो तथा परीक्षार्थियों को किसी भी तरह की कोई परेशानी न हो इसकी हरसंभव व्यवस्था दोनों ही केंद्रों पर सुनिश्चित की गई है।

### महिला आरोग्य समिति द्वारा जनसभा का आयोजन



बेरमो। बोकारो जिला में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा संचालित महिला आरोग्य समिति, आजाद नगर बंगाली टोला के सदस्यों ने एक जनसभा का आयोजन किया। जिसमें बस्ती की स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सरकारी योजनाओं की कमी से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। सुविधा दर्पण में निहित आठ सुविधाओ पर बस्ती के साथ मुखिया ने भी अपनी प्रतिक्रिया दर्ज की। इस सभा में बालीडीह पंचायत की मुखिया सावित्री मुर्मू एवं उनके पति मनोज कुमार मुर्मू ने सभा को संबोधित करते हुए आश्वासन दिया कि बस्ती की विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

### बोकारो : रचनागोष्ठी में साहित्यकारों ने अपनी प्रतिभा से सभी को किया अभिभूत



बोकारो। साहित्यलोक संस्था की स्थानीय सेक्टर 6 डी में साहित्यकार रणधीर चन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता व साहित्यलोक के संयोजक अमन कुमार झा के संचालन में आयोजित रचनागोष्ठी में साहित्यकारों ने लोकजीवन परंपरा प्रेम पर्व-त्योहार मानवीय संवेदनाओं पर केंद्रित रचनाएं सुनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा की अभिव्यक्ति की। शुरूआत जयंती पाठक द्वारा प्रस्तुत महाकवि विद्यापति रचित भगवती वंदना जय जय भैरवि.. से हुई। अमन कुमार झा राजेन्द्र कुमार शैलजा झा डॉ रणजीत कुमार झा नीलम झा वरिष्ठ साहित्यकार विजय शंकर मल्लिक सुधापति अरुण पाठक वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा आदि ने समयानुकूल व परिस्थितिजन्य तथा क्षेत्रीय रचनाओं की प्रस्तुति की। अध्यक्षीय काव्य पाठ करते हुए रणधीर चन्द्र गोस्वामी ने हिन्दी कविता सुनाकर सबकी दाद पाई। बुद्धिनाथ झा ने साहित्यलोक की स्थापना में तुला नंद मिश्र गिरिजा नंद झा अर्धनारीश्वर विजय शंकर मल्लिक सहित सक्रिय सदस्यों उदय कुमार झा भुटकुन झा मनीष अरविन्द डॉ संतोष कुमार झा अरुण कुमार पाठक अमन कुमार झा आदि सहित स्व महाकवि दया कांत झा व स्व विनय कुमार मिश्र की रचनात्मक प्रतिभा व योगदान की प्रशंसा की।

## स्पीड न्यूज

### डोभा में मिला झारखंड आंदोलनकारी का शव



बेरमो। झारखंड मुक्ति मोर्चा के पुराने नेता में से एक उमेश महतो की मौत हो गई है। उमेश का शव उनके ही गांव के डोभा में मिला है। शव मिलने की सूचना पर मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो दलबल के साथ धनयडीह गांव पहुंचे और डोभा से शव को बाहर निकाला। घटना को लेकर परिजनों के द्वारा कई तरह की आशंका व्यक्त की जा रही है। परिजन इसे हत्या से जोड़ रहे हैं। इस घटना के संदर्भ में मृतक के पुत्र रविंद्र प्रसाद वर्मा का कहना है कि वे अपनी गाड़ी लेकर सुल्तानगंज गए थे। इस बीच उनके रिश्तेदार ने खबर दी कि उनके पिता की लाश डोभा में है। इसकी सूचना पुलिस के साथ मुखिया व अन्य को दी गई। कहा कि उनके पिता की हत्या की गई है। गांव के ही कुछ लोगों से जमीन का विवाद था। हालांकि पुलिस अभी जांच की बात कह रही है।

### बेरमो : पलामू के युवक का शव बरामद



बेरमो/उपरघाट। नावाडीह प्रखंड के उपरघाट स्थित पेक नारायणपुर थाना अंतर्गत नारायणपुर पंचायत के लहिया गांव के फुटलाही में एक खेत से पुलिस ने रविवार को एक शव को बरामद किया है। जिसकी पहचान पलामू पंचायत के गिदर पटका निवासी मोती मरांडी के पुत्र रोहित मरांडी के रूप मे की गई है। वह विगत चार दिन पुर्व घर से निकला था। परिजनो के अनुसार उसका मानसिक संतुलन ठीक नही था। घटना के संबध मे मिली जानकारी अनुसार मोचरो की एक महिला उसी रास्ते से रविवार को हरलाडीह जा रही थी। इस दौरान देखी कि खेत के मेढ़ किनारे युवक सोया है नजदीक जा कर देखा तो मारा हुआ था। इसके बाद अपने गांव में हो हल्ला की जिसके बाद पंसस कालेश्वर महतो, समाज सेवी भैरो महतो, मुमताज खान, राजू रजक इकबाल खान, मोहन महतो, नसीम खान आदि ग्रामीणों उक्त स्थल पर पहुंच कर शव को पहचान करने की कोशिश किया पर पहचान में नहीं आ सकी। घटना की सूचना पर पेक नारायणपुर थाना प्रभारी अनिल कुमार लिंडा दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे मे लेकर अन्य कानूनी प्रक्रिया में जुट गई। इधर सोशल साइट्स मे वायरल मृतक की तस्वीर से शव की पहचान संभव हो सकी।

# सीटू ने बीएंडके महाप्रबंधक को 20 सूत्री मांग पत्र सौंपा



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** एनसीओईए (सीटू), बीएंडके क्षेत्रिय कमिटी की ओर से महाप्रबंधक कार्यालय के मुख्यद्वार पर प्रदर्शन करते हुए 20 सूत्री मांगपत्र प्रबंधन को सौंपा। उससे पहले बीएंडके प्रबंधन के विरोध में नारेबाजी की। क्षेत्रीय सचिव विजय भोई ने कहा कि प्रबंधन व युनियन के बीच हुई वार्ता मे जो सहमति बनी थी, उसे कार्यान्वित नहीं किया गया है। उन्हें 15 दिनों के अंदर कार्यान्वित किया जाए। जिसमे एकेकेओसीपी रिहायशी इलाकों से होकर चलने वाले कोल ट्रांसपोर्टेशन को वैकल्पिक मार्ग से चलाया जाए। बोकारो कोलियरी अस्पताल को पर्याप्त चिकित्सक, नर्स, पारा मेडिकल स्टाफ आदि मुहैया कराया जाए। सेवानिवृत्त कर्मी जो क्षेत्र के सरप्लस आवासों में किराया देकर रहना चाहते हैं, एक नियम बनाकर उन्हें आवास आबंटित किया जाए एवं आवासों के खरीद-बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए। कारो परियोजना से संबंधित विस्थापितों की मांगों पर सकारात्मक पहल कर अविलंब परियोजना से उत्पादन कार्य को चालू किया जाए। इसके बाद करगली-चलकरी पुल के समीप वनभोज सह मिलन समारोह आयोजित की गई। इस अवसर पर वरीय नेता प्रदीप सचिव विश्वास, सीटू बोकारो जिलाध्यक्ष अध्यक्ष भागीरथ शर्मा, श्याम बिहारी सिंह दिनकर, विजय भोई, मनोज पासवान, गोवर्धन रविदास, संतोष सिंहा व कमलेश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# गिरिडीह सांसद ने डीवीसी चंद्रपुरा के प्रोजेक्ट हेड के साथ की वार्ता



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने सोमवार को निदेशक भवन में वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान से कई मुद्दों पर वार्ता की। मौके पर वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान विजया नंद शर्मा वरिष्ठ महाप्रबंधक डीसी पांडेय व अभिजीत घोष आदि ने सांसद का स्वागत किया। सांसद श्री चौधरी ने परियोजना प्रधान के समक्ष कई मुद्दों पर वार्ता की और आश्वासन दिया कि किसी भी समस्या का समाधान के लिए वे डीवीसी प्रबंधन का सहयोग करेंगे। उन्होंने लोगों से अपील किया कि वह यहां प्लांट संचालन आदि कार्यों में प्रबंधन का सहयोग करें ताकि इस क्षेत्र का विकास कार्य की गति तेज हो सके। वार्ता में सांसद प्रतिनिधि बिगन महतो अरविंद पांडेय सहित कई मुखिया और स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल थे।

### सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत रैली का आयोजन



**बोकारो।** यातायात नियमों के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने और सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मौतों को कम करने को लेकर जिले के विभिन्न चौक चौराहों सहित अन्य स्थानों पर साइकिल चालकों और पैदल यात्रियों के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस जागरूकता का मुख्य उद्देश्य लोगों के दुर्घटनाओं में शामिल होने के जोखिम को कम करना है। इस दौरान मोटरयान निरीक्षक अभय चौधरी ने बताया कि सड़क पार करने के लिए मुख्य रूप से जेबरा क्रॉसिंग फुटओवर ब्रिज का इस्तेमाल करना चाहिए। साथ ही सड़क पार करने के लिए शॉर्टकट और आसान विकल्प खतरनाक है और इनका सहारा नहीं लिया जाना चाहिए। सात वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सड़क पर अकेले न चलने दें। इस दौरान उनके साथ जिला सड़क सुरक्षा समिति के गोविंद सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# एमजी कॉलेज के एनएसएस मंदिर परिसर में किया गया साफ सफाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**रानेश्वर।** मयूराक्षी ग्रामीण कॉलेज में सोमवार को एनएसएस इकाई 1 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अवर्णा रॉय के नेतृत्व में रानेश्वर मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो नव कुमार पाल ने की। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी डॉ रूपम कुमारी ने बताया कि प्राचार्य नव कुमार पाल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। डॉ अवर्णा रॉय ने खुद मंदिर प्रांगण में जगह जगह ब्लीचिंग पाउडर देकर स्वयंसेवकों के साथ स्वच्छता अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने मंदिर प्रांगण में जगह जगह साफ सफाई किया। इकाई 5 के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो आशीष कुमार मंडल ने इस स्वच्छता में सहयोग किया। इकाई 3 कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रूपम कुमारी ने भी मंदिर में स्वच्छता कर स्वयंसेवकों का उत्साह बढ़ाया। मोके पर छात्र ऋतिक पाल, ज्योति कुमारी, रिया कुमारी, दुलन, नेहा कुमारी, मनीषा हेमब्रम, लक्ष्मी कुमारी, सायमन हेमब्रम, अमन उल्ला अंसारी, राजकुमार पाल, राज दास, किंग सुख लायक, केसब राउत, मनोतोष मंडल आदि मौजूद थे।


## झारखण्ड सरकार,
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

70वीं औपबंधिक सूची जिला- रामगढ (पार्ट-2)

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रॉची के संकल्प संख्या-1938, दिनांक-20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :- चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी दर्शन गंझू एवं बजेश पाण्डेय द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 66. | 1. आवेदन क्र0-4070/24 2. आवेदक-चारो देवी, पति-आलोक नाग<br>3. ग्राम-गिद्दी ए, पोस्ट-गिद्दी ए, थाना- गिद्दी ए, प्रखण्ड- डाडी<br>4. लिंग- महिला, आयु-70 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 67. | 1. आवेदन क्र0-3747/24 2. आवेदक-गिरधारी साव, पिता-जीतन साव<br>3. ग्राम-जयनगर, पोस्ट-जयनगर, थाना-पतरातू, प्रखण्ड-पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-92 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 68. | 1. आवेदन क्र0-4245/24 2. आवेदक-बाबूलाल राणा, पिता-जगदीश मिस्त्री<br>3. ग्राम-ओरिया, पोस्ट- ओरिया, थाना- हजारीबाग, प्रखण्ड- हजारीबाग<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-73 वर्ष, पहचान चिन्ह-गले में निकला हुआ टोढी का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 69. | 1. आवेदन क्र0-3748/24 2. आवेदक-मुश्ताक खान, पिता-सफी खान<br>3. ग्राम-जवाहरनगर, पोस्ट-मुरकुण्डाबाजार, थाना- पतरातू, प्रखण्ड- पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-56 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना हाथ के अगुठे में कट का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 70. | 1. आवेदन क्र0-3749/24 2. आवेदक-जयलाल सिंह, पिता-सुगु सिंह<br>3. ग्राम-कुरसे, पोस्ट-मुरकुण्डाबाजार, थाना- पतरातू, प्रखण्ड- पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-54 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 71. | 1. आवेदन क्र0-3750/24 2. आवेदक-धनेश्वर मुण्डा, पिता-रति मुण्डा<br>3. ग्राम-जराद पोस्ट-बलकुदरा, थाना- पतरातू, प्रखण्ड- पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-52 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें नाक मे घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 72. | 1. आवेदन क्र0-3751/24 2. आवेदक-कृष्णा उरॉव, पिता-भादो उरॉव<br>3. ग्राम-घाघरा पोस्ट-बलकुदरा, थाना- पतरातू, प्रखण्ड- पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-53 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें हाथ के कलाई में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 73. | 1. आवेदन क्र0-3752/24 2. आवेदक-नागेश्वर मुण्डा, पिता-भेघू मुण्डा<br>3. ग्राम-देवरिया, पोस्ट-मुरकुण्डाबाजार, थाना- पतरातू, प्रखण्ड- पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-67 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 74. | 1. आवेदन क्र0-3753/24 2. आवेदक-राजेन्द्र मुण्डा, पिता-जगरनाथ मुण्डा<br>3. ग्राम-देवरिया, पोस्ट-देवरिया बरगॉव, थाना- पतरातू, प्रखण्ड- पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-48 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें आँख के नीचे कट का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 75. | 1. आवेदन क्र0-3754/24 2. आवेदक-राजदेव मुण्डा, पिता-बिरजु मुण्डा<br>3. ग्राम-नरकना, पोस्ट-देवरिया बरगॉव, थाना- पतरातू, प्रखण्ड- पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-61 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 76. | 1. आवेदन क्र0-3755/24 2. आवेदक-बलेश्वर मुण्डा, पिता-नान्हू मुण्डा<br>3. ग्राम-जुमरा, पोस्ट-मदानीनगर, थाना- पतरातू, प्रखण्ड- पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-50 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 77. | 1. आवेदन क्र0-3756/24 2. आवेदक-रामेश्वर तुरी, पिता-जगलाल तुरी<br>3. ग्राम-बिकोर, पोस्ट-मदानीनगर, थाना- पतरातू, प्रखण्ड- पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-61 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें पैर में कट का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 78. | 1. आवेदन क्र0-3757/24 2. आवेदक-प्रेमकथ गंझू, पिता-स्व0 बिशुन गंझू<br>3. ग्राम-लादी, पोस्ट-मुरकुण्डाबाजार, थाना- पतरातू, प्रखण्ड- पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह-माथे पर खोदा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 79. | 1. आवेदन क्र0-3758/24 2. आवेदक-फुलवा देवी, पति-स्व0 फुलेश्वर गंझू<br>3. ग्राम-लादी, पोस्ट-मदानीनगर, थाना- पतरातू, प्रखण्ड- पतरातू<br>4. लिंग-महिला, आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह-बाया हाथ में गोदना का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 80. | 1. आवेदन क्र0-3759/24 2. आवेदक-छोटू गंझू, पिता-शीतल गंझू<br>3. ग्राम-लादी, पोस्ट-मदानीनगर, थाना- पतरातू, प्रखण्ड- पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-41 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने हाथ अंगुली में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 81. | 1. आवेदन क्र0-3760/24 2. आवेदक-दिनेश राम, पिता-[illegible] राम<br>3. ग्राम-लादी, पोस्ट-मदानीनगर, थाना- पतरातू, प्रखण्ड- पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-50 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 82. | 1. आवेदन क्र0-4247/24 2. आवेदक-जुनकी देवी, पति-स्व0 मानिक नाग<br>3. ग्राम-रेलीगढ़ा, पोस्ट रेलीगढ़ा, थाना- गिद्दी, प्रखण्ड- डाडी<br>4. लिंग-महिला, आयु-85 वर्ष, पहचान चिन्ह-बाया गाल में काला का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 83. | 1. आवेदन क्र0-783/24 2. आवेदक-केवल यादव, पिता-स्व0 दासई यादव<br>3. ग्राम-चोनटांड, पोस्ट-इटखोरी, थाना-इटखोरी, प्रखण्ड- इटखोरी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-54 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 84. | 1. आवेदन क्र0-3761/24 2. आवेदक-लक्ष्मण गंझू, पिता-दुखराज गंझू<br>3. ग्राम-ईचापीरी, पोस्ट-हफुआ, थाना- पतरातू, प्रखण्ड- पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-55 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें आँख की ओर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 85. | 1. आवेदन क्र0-3762/24 2. आवेदक-नरेश गंझू, पिता-पुरन गंझू<br>3. ग्राम-ईचापीरी, पोस्ट-हफुआ, थाना- पतरातू, प्रखण्ड- पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-55 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 86. | 1. आवेदन क्र0-3763/24 2. आवेदक-महेन्द्र गंझू, पिता-स्व0 बदन गंझू<br>3. ग्राम-ईचापीरी, पोस्ट-हफुआ, थाना- पतरातू, प्रखण्ड- पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-45 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना हाथ में कट का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 87. | 1. आवेदन क्र0-3764/24 2. आवेदक-महादेव मांझी, पिता-महता मांझी<br>3. ग्राम-ईचापीरी, पोस्ट-हफुआ, थाना- पतरातू, प्रखण्ड- पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-57 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 88. | 1. आवेदन क्र0-3765/24 2. आवेदक-राजेन्द्र गंझू, पिता-बहादुर गंझू<br>3. ग्राम-कुरबीज, पोस्ट-हफुआ, थाना- पतरातू, प्रखण्ड- पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-44 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 89. | 1. आवेदन क्र0-3766/24 2. आवेदक-राजेश मुण्डा, पिता-ललका मुण्डा<br>3. ग्राम-मतकमा, पोस्ट-मुरकुण्डा, थाना- पतरातू, प्रखण्ड- पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-43 वर्ष, पहचान चिन्ह-पेट में दाहिना साईड सफेद दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 90. | 1. आवेदन क्र0-3767/24 2. आवेदक-मनु मुण्डा, पिता-स्व0 पोखराज मुण्डा<br>3. ग्राम-बसुआ, पोस्ट-पतरातू, थाना- पतरातू, प्रखण्ड- पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-61 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना पैर में कट का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 91. | 1. आवेदन क्र0-2437/24 2. आवेदक-रेखा देवी, पति-सुरेश उरॉव<br>3. ग्राम-कुम्हरिया, पोस्ट-कुम्हरिया, थाना- चितरपुर, प्रखण्ड- [illegible]<br>4. लिंग-महिला, आयु-45 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायां गाल में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 92. | 1. आवेदन क्र0-3768/24 2. आवेदक-संतोष कुमार, पिता-नान्हु गोप<br>3. ग्राम-मतकमा, पोस्ट-मुरकुण्डा बाजार, थाना- पतरातू, प्रखण्ड- पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-44 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 93. | 1. आवेदन क्र0-3769/24 2. आवेदक-राजीव रंजन, पिता-रामजीत महतो<br>3. ग्राम-हेसला, पोस्ट-पतरातू, थाना- पतरातू, प्रखण्ड- पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-43 वर्ष, पहचान चिन्ह-माथा में कट का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 94. | 1. आवेदन क्र0-3770/24 2. आवेदक-सुरज प्रसाद जायसवाल, पिता-स्व0 शंकर प्रसाद जायसवाल<br>3. ग्राम-कोकबार, पोस्ट-रामगढ, थाना-रामगढ, प्रखण्ड- रामगढ<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-58 वर्ष, पहचान चिन्ह-चेहरे पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 95. | 1. आवेदन क्र0-3771/24 2. आवेदक-मो0 आरिफ, पिता-मो0 आबीद हुसैन<br>3. ग्राम-सौदागर, पोस्ट-रामगढ, थाना-रामगढ, प्रखण्ड- रामगढ<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह- अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 96. | 1. आवेदन क्र0-3772/24 2. आवेदक-सजहत हुसैन, पिता-हिदायत हुसैन<br>3. ग्राम-दुसाद टोला नेताजी, पोस्ट-रामगढ, थाना-रामगढ, प्रखण्ड- रामगढ<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-42 वर्ष, पहचान चिन्ह- आँख में कट का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 97. | 1. आवेदन क्र0-4247/24 2. आवेदक-छोटू प्रसाद मेहता, पिता-हालो मेहता<br>3. ग्राम-पोचरिया, पोस्ट-ईचाक, थाना- ईचाक, प्रखण्ड- ईचाक<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-48 वर्ष, पहचान चिन्ह- दाहिना माथा में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 98. | 1. आवेदन क्र0-4248/24 2. आवेदक-मो0 असगर अंसारी, पिता-समसुद मियां<br>3. ग्राम-हुवाग, पोस्ट-बलसगर, थाना- माण्डू, प्रखण्ड- डाडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-53 वर्ष, पहचान चिन्ह- दाहिना हाथ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 99. | 1. आवेदन क्र0- /24 2. आवेदक-मो0 निजाम, पिता-सोकराती मियां<br>3. ग्राम-मेरू, पोस्ट-मेरू कैम्प, थाना- मुफस्सील, प्रखण्ड- सदर<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह- ललाट में कट का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 100. | 1. आवेदन क्र0- /24 2. आवेदक-मो0 जैनुल अंसारी, पिता-नयामत मियां<br>3. ग्राम-होसीर, पोस्ट-कनकी डाडी, थाना- गिद्दी, प्रखण्ड- डाडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-59 वर्ष, पहचान चिन्ह-पेट में मासा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 101. | 1. आवेदन क्र0- /24 2. आवेदक-मो0 अमरूल हुसैन, पिता-अलीजान मियां<br>3. ग्राम- हुवाग, पोस्ट-बलसागरा, थाना- माण्डू, प्रखण्ड- डाडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-58 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां हाथ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 102. | 1. आवेदन क्र0- /24 2. आवेदक-रफीक आलम, पिता-अलीम मियां<br>3. ग्राम- हुवाग, पोस्ट-बलसागरा, थाना- माण्डू, प्रखण्ड- डाडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह-गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| | विवरण :- चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी अर्जुन राम एवं सुरेश महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 103. | 1. आवेदन क्र0-3691/24 2. आवेदक-देवलाल महतो, पिता-स्व0 कपिल महतो<br>3. ग्राम-कैथा, पोस्ट-कैथा, थाना-रामगढ, प्रखण्ड-रामगढ<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-56 वर्ष, पहचान चिन्ह-नाक के बायें तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 104. | 1. आवेदन क्र0-3692/24 2. आवेदक-केशु महतो, पिता-स्व0 धर्मनाथ महतो<br>3. ग्राम-बोंगाहारा, पोस्ट-हेसागढा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-69 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें नाक के नीचे मासा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 105. | 1. आवेदन क्र0-3693/24 2. आवेदक-प्रमेश्वर महतो, पिता-स्व0 खेंटा महतो<br>3. ग्राम-बोंगाहारा, पोस्ट-हेसागढा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-72 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें नाक के नीचे मासा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 106. | 1. आवेदन क्र0-3694/24 2. आवेदक-जयनाथ महतो, पिता-स्व0 लालधारी महतो<br>3. ग्राम-बोंगाहारा, पोस्ट-हेसागढा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-67 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें हाथ के अंगुली में कटे का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 107. | 1. आवेदन क्र0-3695/24 2. आवेदक-फदु महतो, पिता-स्व0 पोखुल महतो<br>3. ग्राम-बोंगाहारा, पोस्ट-हेसागढा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-71 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 108. | 1. आवेदन क्र0-3696/24 2. आवेदक-दशरथ कुमार, पिता-नागेश्वर महतो<br>3. ग्राम-बोंगाहारा, पोस्ट-हेसागढा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-44 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने पैर में कटे का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 109. | 1. आवेदन क्र0-3697/24 2. आवेदक-रोहन महतो, पिता-स्व0 फागु महतो<br>3. ग्राम-बोंगाहारा, पोस्ट-हेसागढा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-44 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने हाथ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 110. | 1. आवेदन क्र0-3698/24 2. आवेदक-मो0 इम्तियाज, पिता-गुल मोहम्मद मियाँ<br>3. ग्राम-बोंगाहारा, पोस्ट-हेसागढा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-47 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें बांह में तिल। | कंडिका-2(ix) |
| 111. | 1. आवेदन क्र0-3699/24 2. आवेदक-राजेन्द्र मॉझी, पिता-रामलाल मॉझी<br>3. ग्राम-आरा (हुमरबेडा), पोस्ट-सारूबेडा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-50 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें होंठ में मासा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 112. | 1. आवेदन क्र0-3700/24 2. आवेदक-इमली देवी, पति-राजेन्द्र प्रसाद<br>3. ग्राम-बोंगाहारा, पोस्ट-हेसागढा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-महिला, आयु-43 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें हाथ के अंगुली में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 113. | 1. आवेदन क्र0-3701/24 2. आवेदक-परवा देवी, पति-टेकलाल महतो<br>3. ग्राम-बोंगाहारा, पोस्ट-हेसागढा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-महिला, आयु-46 वर्ष, पहचान चिन्ह-गर्दन में सफेद दाग का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 114. | 1. आवेदन क्र0-3702/24 2. आवेदक-सरिता देवी, पति-सुरेन्द महतो<br>3. ग्राम-पुण्डी, पोस्ट-हेसागढा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-महिला, आयु-47 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें पैर में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 115. | 1. आवेदन क्र0-3703/24 2. आवेदक-सुरेन्द महतो, पिता-स्व0 छेदी महतो<br>3. ग्राम-पुण्डी, पोस्ट-हेसागढा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-47 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने पैर में जले का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 116. | 1. आवेदन क्र0-3704/24 2. आवेदक-रमेन्द कुमार महतो, पिता-बासुदेव महतो<br>3. ग्राम-तोपरा, पोस्ट-तोपा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-42 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें कंधे में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 117. | 1. आवेदन क्र0-3705/24 2. आवेदक-चन्द्रशेखर प्रसाद, पिता-स्व0 जयमंगल महतो<br>3. ग्राम-चैनगढा, पोस्ट-चैनगढा, थाना-पतरातू, प्रखण्ड-पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-53 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने पैर में कटे का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 118. | 1. आवेदन क्र0-3706/24 2. आवेदक-लखमी महतो, पिता-प्रेमप्रकाश महतो<br>3. ग्राम-चैनगढा, पोस्ट-चैनगढा, थाना-पतरातू, प्रखण्ड-पतरातू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-43 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने आंख के नीचे मासा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 119. | 1. आवेदन क्र0-2717/24 2. आवेदक-पारसनाथ महतो, पिता-स्व0 देवलाल महतो<br>3. ग्राम-हुरदाग, पोस्ट-सहाबन, थाना-महुवाटांड, प्रखण्ड-गोमिया<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-44 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें पेट में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 120. | 1. आवेदन क्र0-3707/24 2. आवेदक-राजलाल महतो, पिता-स्व0 बिरसाय महतो<br>3. ग्राम-बसंतपुर, पोस्ट-केंदला, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने तरफ छाती में कटा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 121. | 1. आवेदन क्र0-3708/24 2. आवेदक-किसुन महतो, पिता-स्व0 बन्धु महतो<br>3. ग्राम-बोंगाहारा, पोस्ट-हेसागढा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-62 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने पैर अंगुठे में कटा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 122. | 1. आवेदन क्र0-3709/24 2. आवेदक-अल्फू महतो, पिता-स्व0 जुगल महतो<br>3. ग्राम-बोंगाहारा, पोस्ट-हेसागढा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-50 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने पैर में कटा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 123. | 1. आवेदन क्र0-3710/24 2. आवेदक-किमो देवी, पति-सुमन महतो<br>3. ग्राम-बोंगाहारा, पोस्ट-हेसागढा, थाना-माण्डू, प्रखण्ड-माण्डू<br>4. लिंग-महिला, आयु-46 वर्ष, पहचान चिन्ह-आंख में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |

नोट :-
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

PR 344708 (Home)24-25*D

# चीनी किसानों को लाभ

केंद्र सरकार ने सीमित मात्रा में चीनी निर्यात को मंजूरी दे दी है। जिससे घरेलू चीनी उद्योग को राहत मिली है। इसके साथ ही इस फैसले से चीनी की कीमतों में स्थिरता आएगी। सरकार के इस फैसले से किसानों को भी फायदा होगा क्योंकि उन्हें गन्ने का भुगतान मिल सकेगा। चालू चीनी सीजन में चीनी का उत्पादन बढ़ने का अनुमान है। इससे भी सरकार को चीनी निर्यात को मंजूरी देने में मदद मिली है। पिछले सीजन में चीनी की घरेलू आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए इसके निर्यात पर रोक लगा दी गई थी। केंद्र सरकार ने चीनी निर्यात की अनुमति देने की घोषणा की है। केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रहलाद जोशी के मुताबिक केंद्र सरकार ने 10 लाख टन चीनी निर्यात को मंजूरी दी है। इस चीनी का निर्यात चालू सीजन 2024-25 के दौरान किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इससे चीनी के दाम में स्थिरता सुनिश्चित होगी। इसके साथ ही देश के 5 करोड़ किसान परिवारों को लाभ होगा। सरकार के इस फैसले का 5 लाख श्रमिकों को भी लाभ मिलेगा। साथ ही चीनी उद्योग भी मजबूत होगा। केंद्र सरकार ने चीनी सीजन 2023-24 में चीनी की घरेलू आपूर्ति संबंधी चिंताओं को देखते हुए इसके निर्यात पर पूर्ण पाबंदी लगा दी थी। इस साल देश में चीनी का उत्पादन बढ़ने का अनुमान है। चालू चीनी सीजन (अक्टूबर से सितंबर) में भारत का चीनी उत्पादन 320 लाख टन तक पहुंचने का अनुमान है। पिछले सीजन में 300.77 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था। जाहिर है चालू सीजन में चीनी का उत्पादन पिछले सीजन की तुलना में करीब 6 फीसदी से अधिक बढ़ने का अनुमान है। चालू सीजन में 320 लाख टन चीनी उत्पादन में 280 से 290 लाख टन घरेलू खपत के लिए है। बाकी चीनी का उपयोग एथनॉल उत्पादन के लिए होने की संभावना है। इससे किसानों को लाभ पहुंचेगा।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गो का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

कर्क : राजकीय कार्यो से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

# सत्ता की बैसाखी पर टिके होने से बदल जाते हैं नेताओं के सुर



**बिहार** लोक सेवा आयोग की परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर आंदोलित प्रदेश के युवाओं की मांग पर भारतीय जनता पार्टी की चुप्पी आश्चर्यजनक नहीं है। दरअसल भाजपा न सिर्फ बिहार नीतिश सरकार में शामिल है, बल्कि केंद्र में भी उसी की बैसाखियों पर टिकी है। ऐसे में मुद्दा जनहित का हो या न हो, इससे भाजपा को फर्क नहीं पड़ता। इससे पार्टी के उसूलों पर भी आंच नहीं आती। इसी भाजपा ने राजस्थान में कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ पेपर लीक प्रकरणों में विरोध प्रदर्शनों में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखी। यह दोहरा चरित्र अकेले भाजपा का हो ऐसा नहीं है। जिस प्रदेश या केंद्र में जिस भी दल की सरकार होती है, वहां की सत्तारुढ़ पार्टी का रवैया ऐसा ही होता है। केंद्र में कांग्रेस शासन के दौरान सहयोगी दलों के घपले-घोटाले इसका प्रमाण रहे हैं। सत्ता के लिए गठबंधन की मजबूरी से ऐसा करना देश की राजनीति का चरित्र बन गया है। सत्ता में होने पर पार्टी को कुछ गलत नजर नहीं आता और विपक्ष में आते ही मुद्दे और तरीके बदल जाते हैं।

बिहार में 13 दिसंबर को विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर बीपीएससी की 70वीं पीटी परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा के दिन से ही अभ्यर्थी परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगाकर इसे रद्द करके फिर से कराने की मांग की। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि पटना के बापू एग्जाम सेंटर पर छात्रों को पेपर देरी से मिला था और पेपर की सील पहले से खुली हुई थी। छात्र प्रदर्शनकारियों के पटना के गांधी मैदान से मुख्यमंत्री आवास की ओर मार्च करने पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज और वाटर कैनन का इस्तेमाल ने छात्रों और उनके संगठनों के आक्रोश को और बढ़ा दिया।

बिहार की तरह राजस्थान भी कांग्रेस शासन के दौरान पेपर लीक प्रकरणों के कारण सुर्खियों में रहा है। राजस्थान की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में हुई प्रतियोगिता परीक्षाओं में एक के बाद एक पेपर लीक के मामले सामने आए। सब इंस्पेक्टर भर्ती, सीएचओ भर्ती, लाइब्रेरियन भर्ती और वरिष्ठ अध्यापक भर्ती सहित कई परीक्षाओं के पेपर लीक होने के खुलासे हुए। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से व्याख्याता भर्ती 2022 की परीक्षा का पेपर लीक होने का मामला सामने आया। पेपर लीक मामले में उलझी सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2021 को लेकर प्रदेश के लाखों युवाओं में हर ताजा अपडेट का इंतजार है। पेपर लीक और डमी अभ्यर्थियों के जरिए



\- योगेन्द्र योगी

> ऐसे हालात का विपक्षी दल फायदा उठाने से नहीं चूकते, जैसा कि बिहार के मामले में निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने किया। सांसद यादव को बिहार प्रशासनिक सेवा आयोग से नाराज प्रदर्शनकारी युवाओं की सहानुभूति का फायदा मिल गया। ठीक यही स्थिति राजस्थान में मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के साथ है। यहां सत्तारुढ़ पार्टी भाजपा के ही वरिष्ठ नेता और काबीना मंत्री मीणा अपनी ही सरकार और पार्टी को आईना दिखाने में लगे हुए हैं।

सैंकड़ों युवाओं ने नौकरी हासिल कर ली थी। इस मामले की जांच करने वाली एसओजी ने भी व्यापक स्तर पर पेपर लीक होना माना और इस परीक्षा को रद्द करने की सिफारिश पुलिस मुख्यालय को भेजी थी। पुलिस मुख्यालय और मंत्रिमंडलीय उपसमिति ने भी परीक्षा को रद्द करने की सिफारिश की, लेकिन सरकार ने इस भर्ती परीक्षा को अभी तक रद्द नहीं किया।

राज्य सरकार ने एसआई भर्ती 2021 में चयनित सभी ट्रेनी सब इंस्पेक्टरों के आगामी प्रशिक्षण पर रोक लगा दी। सरकार ने यह निर्णय राजस्थान हाई कोर्ट के निर्देश के बाद लिया। एक साल की लंबी एक्सरसाइज में अभी तक 50 सब इंस्पेक्टर पकड़े गए हैं। आरपीएससी के सदस्य पकड़े गए। आश्चर्य की बात यह है कि राजस्थान में भाजपा सरकार केही एक केबीनेट मंत्री अपनी ही सरकार के फैसलों पर सार्वजनिक रूप से सवाल उठा रहे हैं। कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा को रद्द करने की मांग कर रहे हैं, जबकि सत्तारुढ़ भाजपा अभी तक इस पर कोई फैसला नहीं कर सकी। अनुशासित माने जानी वाली भाजपा की मजबूरी है कि मीणा के खिलाफ पार्टी और सरकार की लाइन से अलग हट कर चलने को लेकर कार्रवाई नहीं कर सकी। इसमें भाजपा को मीणा के साथ जुड़े मीणा वोट बैंक के खिसकने का डर है। सत्ता के लिए राजनीतिक दल किस हद तक उसूलों को ताक पर रख देते हैं, मीणा के खिलाफ कार्रवाई नहीं करना इसका उदाहरण है। मीणा मंत्री पद से इस्तीफा तक दे चुकें हैं, हालांकि उन्होंने इस्तीफा लोकसभा चुनाव में भाजपा के खराब प्रदर्शन पर अपनी जिम्मेदारी मानते हुए दिया था। पार्टी ने अनुसूचित जाति में कोई गलत संदेश नहीं जाए, इसलिए मीणा का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया। वोट बैंक के लिए समझौते की ऐसी अनोखी मिसाल देश में शायद ही कहीं देखने को मिले, जहां एक नेता के मंत्रीपद से इस्तीफे को स्वीकार नहीं किया गया, बल्कि उसकी पार्टी विरोधी कार्रवाई झेलने को भी पार्टी मजबूर है। दरअसल ऐसे सार्वजनिक विवादित मुद्दों पर किसी भी सरकार के लिए फैसला लेना आसान नहीं होता। सरकारें एक तरफ जहां रोजगार देने के लिए अपनी छवि सुधारने में लगी होती हैं, वहीं दूसरी तरफ फिर से परीक्षा करवाने की कवायद खचीर्ली और देरी करने वाली होती है। राज्यों में सत्तारुढ़ पार्टी के सामने समस्या यह भी होती है कि पेपर लीक होने से चुनिंदा लोगों को हुए फायदे के कारण परीक्षा रद्द करवाने से हजारों-लाखों अभ्यर्थियों के हितों का नुकसान नहीं किया जा सकता। ऐसे में सत्तारुढ़ दलों को दोनों तरफ से युवाओं की नाराजगी का खतरा होता है। यदि पेपर निरस्त करा दिया तो योग्यता सूची में आए अभ्यर्थियों की नाराजगी और नहीं कराया तो प्रदर्शनाकारियों की।

ऐसे हालात का विपक्षी दल फायदा उठाने से नहीं चूकते, जैसा कि बिहार के मामले में निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने किया। सांसद यादव को बिहार प्रशासनिक सेवा आयोग से नाराज प्रदर्शनकारी युवाओं की सहानुभूति का फायदा मिल गया। ठीक यही स्थिति राजस्थान में मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के साथ है। यहां सत्तारुढ़ पार्टी भाजपा के ही वरिष्ठ नेता और काबीना मंत्री मीणा अपनी ही सरकार और पार्टी को आईना दिखाने में लगे हुए हैं। इसके पीछे भी वोट बैंक की राजनीति है। मीणा ने पेपर लीक मामलों में पूर्ववर्ती गहलोत सरकार की नाक में दम कर दिया था। कांग्रेस के राजस्थान से सत्ता गंवाने का एक बड़ा कारण पेपर लीक मामले भी रहे हैं।

यह निश्चित है कि प्रतियोगी परीक्षाओं के राज्यों में होने वाले संचालन को सौ प्रतिशत चाक-चौबंद करना आसान नहीं है। कोई भी चूक और मिलीभगत पेपर लीक करवा सकती है। राजनीतिक दलों को रोटी सेकने के लिए ऐसे ही मौकों का इंतजार रहता है। यह सिलसिला तब तक चलता रहेगा, जब तक राजनीतिक दल मिल बैठकर किसी नीति पर कायम नहीं होते। तब तक न सिर्फ युवाओं के हितों पर कुठाराघात होता रहेगा, बल्कि सरकारी संसाधन और धन का भी नुकसान होता रहेगा।

## लेटर टू एडिटर

### न्याय की तार्किकता

**सत्तारूढ़** बीजेपी सरकारों द्वारा गंभीर अपराधों, अनधिकृत कब्जों के खिलाफ पीला पंजा इस्तेमाल कर मकानों को गिराने की नीति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिशा-निर्देश जारी करने पर चर्चा करने वाला था। अपराध साबित होने से पहले किसी का मकान गिराना उसके पूरे परिवार से अन्याय है, अगर बाद में व्यक्ति बेकसूर साबित हो जाए तो इसकी क्षतिपूर्ति कौन करेगा। कई बार देखा गया है कि बुलडोजर की कार्रवाई समाज के एक वर्ग विशेष के लोगों के खिलाफ ही की जाती है। बुलडोजरी न्याय पर प्रतिबंध, जनहित में न्याय संगत तथा काबिलेतारीफ है।

**-अनिल कौशिक, रांची**

### गरिमापूर्ण जीवन

**सुप्रीम** कोर्ट का आदेश जेलों में जाति के आधार पर काम के बंटवारे में सुधार लाने के लिए ऐतिहासिक और स्वागतयोग्य है। यह अंग्रेजी शासन की बर्बरता को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**-ईश्वर गर्ग, हजारीबाग**

## ट्वीट

**किसान** कल्याण की यात्रा भारत के विकास की गाथा बनी है। केंद्र सरकार के प्रयासों से आज भारतीय कृषि विकसित भारत के विराट संकल्पों को नई गति दे रही है।

**- शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार**

**राष्ट्र** कथा शिविर युवाओं को राष्ट्रीय मूल्यों से जोड़ने, उनके व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र के पुनर्जागरण के लिए प्रेरित और संकल्पित करता है।

विकसित भारत के निर्माण की जिम्मेदारी देश के युवाओं को उठानी है। इसके लिए उनमें शारीरिक, मानसिक और चारित्रिक दृढ़ता आवश्यक है।

**- अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

# क्या इरडा बीमा कंपनियों की नकेल कस सकेगा?

## वित्त वाणिज्य

अशोक मधुप

2023-24 में बीमा कंपनियों ने कुल 83 फीसदी दावों का निपटान किया और 11 फीसदी खारिज कर दिया। छह फीसदी दावे 31 मार्च, 2024 तक लंबित रहे। इस अवधि में सामान्य और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों ने कुल 2.69 करोड़ स्वास्थ्य दावों का निपटान कर 83,493 करोड़ रुपये का भुगतान किया।

बीमा कंपनियों के बारे में हाल ही में इरडा (भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण) ने एक रिपोर्ट जारी की है कि बीमा कंपनियां बीमा खरीदार द्वारा किए 100 रुपए के भुगतान पर 86 रुपए ही क्लेम देती हैं। इस रिपोर्ट में और भी बहुत कुछ है किंतु इरडा ने यह नहीं बताया कि कम भुगतान करने वाली कंपनियों पर इरडा क्या कार्रवाई कर रही है? कितने मामलों में उसने पूरा भुगतान कराया? इस व्यवस्था में सुधार के लिए उसके द्वारा किए गए निर्णय क्या हैं? बिल प्राप्त हो जाने के बाद बिलों भुगतान क्यों नहीं हो रहा? भुगतान में विलंब की अवधि का उपभोक्ता को सूद क्यों नहीं दिलाया जा रहा?

भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) की हालिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि सामान्य, स्वास्थ्य और सरकारी बीमा कंपनियां 100 रुपये का प्रीमियम लेकर सिर्फ 86 रुपये ही क्लेम देती हैं। कुछ बीमा कंपनियां तो 100 रुपये के एवज में 56 रुपये ही क्लेम दे रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023-24 में सामान्य बीमा कंपनियों ने पॉलिसीधारकों को दावे के एवज में 76,160 करोड़ रुपये का भुगतान किया। यह 2022-23 की तुलना में 18 फीसदी अधिक है।

2023-24 में बीमा कंपनियों ने कुल 83 फीसदी दावों का निपटान किया और 11 फीसदी खारिज कर दिया। छह फीसदी दावे 31 मार्च, 2024 तक लंबित रहे। इस अवधि में सामान्य और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों ने कुल 2.69 करोड़ स्वास्थ्य दावों का निपटान कर 83,493 करोड़ रुपये का भुगतान किया। प्रति क्लेम औसत रकम 31,086 रुपये रही। विश्लेषकों का कहना है कि प्रीमियम लेने और दावों के निपटान में क्रमशः 100 फीसदी और 80 फीसदी का औसत ठीक-ठाक है।

कुल दावों में से 72 फीसदी थर्ड पार्टी (टीपीए) ने निपटाए। बाकी 28 फीसदी दावों का निपटान कंपनियों ने अपने तरीके से किया। 66.16 फीसदी दावे कैशलेस तरीके से निपटाए गए, जबकि 39 फीसदी में रिइंबर्समेंट मिला।

सरकारी कंपनियों का क्लेम 100 रुपये के प्रीमियम के एवज में 90 रुपये से अधिक रहा है। नेशनल इंश्योरेंस ने 100 रुपये प्रीमियम लेकर 90.83 रुपये क्लेम दिया है। न्यू इंडिया ने 105.87 रुपये, ओरिएंटल ने 101.96 रुपये और यूनाइटेड इंडिया ने 109 रुपये क्लेम दिया है। सभी सरकारी बीमा कंपनियों का क्लेम औसत 103 रुपये रहा है।

भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) की हालिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि सामान्य, स्वास्थ्य और सरकारी बीमा कंपनियां 100 रुपये का प्रीमियम लेकर सिर्फ 86 रुपये ही क्लेम देती हैं। ये इरडा की रिपोर्ट है, जबकि सच्चाई कुछ और है। आप क्लेम मांग कर देखिए, ये कंपनियां कितना परेशान करती हैं। उपभोक्ता के बिल में मनमर्जी की कटौती तो आम बात है। इरडा जो बीमा कंपनियों पर नियंत्रण करती है। उनकी गतिविधियों पर रोक लगाती है। उसका कार्य है कि बीमा कंपनियों द्वारा अवैध रूप से रोके गए भुगतान दिलाए। उसके नियंत्रण के बावजूद क्यों नहीं बीमा कंपनियों पर सही से नियत्रंण नही हो रहा। इरडा ने कहा कि बीमा कंपनियां 100 रुपए के प्रीमियम पर 86 रूपया ही क्लेम दे रही है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि है। कुछ बीमा कंपनियां तो 100 रुपये के एवज में 56 रुपये ही क्लेम दे रही हैं। इरडा ने ये रिपोर्ट तो जारी कर दी किंतु यह नहीं बताया कि प्रीमियम की एवज में कम भुगतान करने वाली बीमा कंपनियों के विरूद्ध वह क्या कार्रवाई कर रहा है? वह ऐसा कर कर रहा है कि बीमा कंपनियां पूरा भुगतान दें। उसे इस रिपोर्ट पर उठाए गए कदम और आदेश भी बताने चाहिए थे।

दरअसल बीमा कंपनियों की भुगतान में मनमर्जी चलती है। बीमा कराने वाले की कोई नहीं सुनता। मेरा ओरिंयटल इंशोरेंस कंपनी का दस लाख का मेडिक्लेम है। दस साल से पुरानी पोलिसी है। पहले यह बीमा पांच लाख रुपए का था। लगभग छह साल पहले मैंने इसे बढ़ाकर दस लाख का करा लिया। दस लाख में मैं और मेरी पत्नी दोनों कवर है। मैंने लगभग चार साल पहले अपनी पत्नी की आंख का मोतियाबिंद का आपरेशन देहरादून के अमृतसर आई क्लीनिक में कराया।

# क्यों करोड़ों श्रद्धालु जुड़ते हैं कुंभ में ?

आर.के. सिन्हा

क्या आप भी महाकुंभ में स्नान करने जाएंगे? अगर आप जा रहे हैं, तो आप अपने को भाग्यशाली मान सकते हैं। आपको यहां कई तरह के धार्मिक अनुष्ठान होते हुए दिखाई देंगे। जैसे कि यज्ञ, हवन, और कीर्तन। ये अनुष्ठान वातावरण को शुद्ध करते हैं और श्रद्धालुओं को भगवान के प्रति अपनी भक्ति व्यक्त करने का अवसर देते हैं। कुंभ मेला एक धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभव है जो लोगों को भगवान के करीब लाता है। यह एक ऐसा समय है जब लोग अपने पापों से मुक्ति पा सकते हैं और मोक्ष की प्राप्ति कर सकते हैं।

कुंभ मेले की शुरूआत समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से जुड़ी है। इस कथा के अनुसार, देवताओं और असुरों ने मिलकर अमृत (अमरता का दिव्य पेय) पाने के लिए समुद्र मंथन किया था। जब अमृत का कुंभ निकला, तो देवताओं और असुरों के बीच इसे पाने के लिए युद्ध हुआ। इस दौरान, अमृत की कुछ बूंदें इन चार स्थानों पर गिरीं, जिन्हें पवित्र माना जाता है। इसलिए, इन स्थानों पर कुंभ मेले का आयोजन होता है। कुंभ मेले का आयोजन उन स्थानों पर होता है जहां पवित्र नदियों का संगम होता है, जैसे गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम प्रयाग में। इन नदियों में स्नान करना हिन्दू धर्म में बहुत शुभ माना जाता है।

अब बात प्रयागराज और कुंभ के संबंधों की भी। प्रयाग (बहु-यज्ञ स्थल) को कहा जाता है। प्राचीन काल से ही ह्यतीर्थराजह्ण के रूप में प्रसिद्ध हुआ यह संगम स्थल पर हुए अनेक यज्ञों की वजह से, जिनमें पहला यज्ञ किया सृष्टिकर्ता प्रजापति ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना के तत्काल बाद। यज्ञवेदी है गंगा, यमुना और गुप्त रूप से बहने वाली सरस्वती की धारा, जो इस क्षेत्र को तीन भागों में विभाजित करती है। ह्यपद्म पुराणह्ण में इसकी तुलना साक्षात सूर्य से करते हुए कहा गया है कि जहां सरस्वती, यमुना और गंगा का संगम होता है, वहां स्नान करने वाले ब्रह्मपद को प्राप्त करते हैं। यह यज्ञ की महिमा ही है, जिसके कारण मान लिया गया है, कि जो प्रयाग की धरती पर पैर भी धर लेता है, उसे हर कदम पर अश्वमेध यज्ञ का फल मिलता है। प्रयाग में लगभग 70 हजार तीर्थ उपस्थित हैं। पद्म पुराण के अनुसार अपने घर में मृत्युशय्या पर पड़ा व्यक्ति भी, यदि दूर भी रहते प्रयाग का नाम स्मरण कर ले तो ब्रह्मलोक का

## महाकुंभ 2025



भागी होता है। मत्स्य पुराण में कहा गया है कि युग चक्र पूर्ण होने पर जब रुद्र (शिव) पृथ्वी का विनाश करते हैं, प्रयाग तब भी नष्ट नहीं होता है, क्योंकि विष्णु वेणीमाधव, शिव अक्षय वटवृक्ष के रूप में और स्वयं ब्रह्मा छत्र में उपस्थित रहते हैं। शूलपाणि स्वयं वट की रक्षा करते हैं और यहां मृत्यु प्राप्त करने वाले को सीधे शिवलोक की प्राप्ति होती है। पुराणों के अनुसार यदि कोई व्यक्ति संगम की मिट्टी का भी अपने शरीर पर स्पर्श करा लेता है, तो समस्त पापों से मुक्त हो जाता है और गंगा स्नान के बाद स्वर्ग के पुण्य का भागीदार बन जाता है। यहां यदि किसी को मृत्यु प्राप्त होती है, तो वह जन्म और मृत्यु के सांसारिक चक्र के बंधनों से मुक्त हो जाता है।

कुंभ मेला लाखों- करोड़ों लोगों को एक साथ आने का अवसर देता है। यहां विभिन्न साधु-संत, नागा साधु और अन्य धार्मिक गुरुओं के दर्शन होते हैं, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान और प्रेरणा मिलती है। यह एक ऐसा समय है जब लोग सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर भगवान की भक्ति में लीन होते हैं। यह भारत की सांस्कृतिक विविधता का एक अद्भुत उदाहरण है। यहां विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों से लोग आते हैं, जिससे विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं का संगम होता है। मेले में लोक नृत्य, संगीत, कला और शिल्प का प्रदर्शन किया जाता है, जो इसे एक रंगीन उत्सव बनाता है।

अगर धर्म-कर्म स हटकर बात करें तो कुंभ मेला सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यहां सभी जाति, धर्म और वर्ग के लोग एक साथ आते हैं और मिलकर प्रार्थना करते हैं। यह एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देता है। कुंभ मेले के पहले दिन बड़ी संख्या में सिखों ने भी स्नान किया। इसमें आने वाले लोग कई तरह के त्याग और अनुशासन का पालन करते हैं। वे साधारण जीवन जीते हैं, जमीन पर सोते हैं और सात्विक भोजन करते हैं। यह उन्हें अपने अंदर की शांति और संयम को बढ़ाने में मदद करता है।

कुंभ मेला हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो लाखों लोगों को आध्यात्मिक शांति और आनंद प्रदान करता है। यह एक ऐसा पर्व है जो हिन्दू संस्कृति की विविधता और गहराई को दशार्ता है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, जब बृहस्पति कुंभ राशि में प्रवेश करते हैं और सूर्य मेष राशि में होते हैं, तब पूर्ण कुंभ का आयोजन होता है। यह खगोलीय संयोग इस मेले को और भी खास बना देता है। यह विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक और शांतिपूर्ण जमावड़ा होगा, जिसमें विभिन्न संस्कृतियों और पृष्ठभूमि के लोग एक साथ आते हैं।

कुंभ मेला केवल एक धार्मिक आयोजन भी नहीं है, बल्कि यह एक आध्यात्मिक अनुभव भी है। यहां साधु, संत, नागा बाबा और अन्य धार्मिक गुरुओं के दर्शन होते हैं, जो अपने ज्ञान और अनुभवों से लोगों को प्रेरित करते हैं। यह मेला आत्म-खोज और आध्यात्मिक विकास का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। देश के विभिन्न हिस्सों से लोग आते हैं और अपनी पारंपरिक कला, संगीत, नृत्य और वेशभूषा का प्रदर्शन करते हैं। कुंभ मेले का वैश्विक पर्यटन से संबंध है। दुनिया भर से पर्यटक इस मेले की भव्यता और आध्यात्मिकता को देखने के लिए आते हैं।

हजारीबाग में संविधान गौरव अभियानः रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने किया संबोधित, कहा

# हमारा संविधान विश्व के सबसे बेहतरीन संविधानों में से एक

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** सोमवार को झिंझारिया पुल स्थित सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के आवास पर संविधान गौरव अभियान के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने भाग लिया और संविधान की महानता और स्थिरता पर अपने विचार प्रस्तुत किए। मौके पर संजय सेठ ने अपने संबोधन में कहा, हमारा संविधान विश्व के सबसे बेहतरीन संविधानों में से एक है, जो न केवल देश को दिशा देता है, बल्कि हर नागरिक को अधिकार और कर्तव्यों का बोध कराता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि संविधान की गाथा हर व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने संविधान के तहत मिले



सम्बोधित करते संजय सेठ व अन्य

शिक्षा, सुरक्षा और समानता जैसे अधिकारों को देश के विकास की रीढ़ बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संजय सेठ का बुके भेंट कर भव्य स्वागत से हुआ। इस मौके पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, विधायक मनोज कुमार यादव, अमित कुमार यादव, और प्रदीप प्रसाद सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

**सांसद मनीष जायसवाल ने दिया कड़ा संदेश :** सांसद मनीष जायसवाल ने कहा, संविधान लागू होने के 75 वर्षों में इसे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। आपातकाल के दौरान हुई संवैधानिक छेड़छाड़ इतिहास का काला अध्याय है। भाजपा ने बाबा साहेब अंबेडकर के योगदान को असली सम्मान दिया है, जिसे कांग्रेस ने हमेशा अनदेखा किया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने संविधान की स्थिरता और उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। बाबा साहेब अंबेडकर के योगदान को जन-जन तक पहुंचाने और संविधान के मूल्यों को बनाए रखने पर जोर दिया गया। यह कार्यक्रम संविधान की महत्ता को रेखांकित करने और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण प्रयास था। नेताओं ने कहा कि संविधान गौरव अभियान के जरिए देशभर में संविधान के प्रति सम्मान और इसके मूल्यों को मजबूत करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि भारतीय संविधान हमारे राष्ट्र की आत्मा है, जो हमें अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है। इसका सम्मान और पालन हर नागरिक का परम कर्तव्य है। मौके पर सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहर में पोशाक वितरण कार्यक्रम आयोजित

**बरही।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहर में वर्ग एक और दो के छात्रों को पोशाक वितरण किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही, जिनमें जिप सदस्य प्रतिनिधि गणेश यादव, मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव, शिक्षा अंबेसडर परमेश्वर यादव, विद्यालय प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष महेश सिंह, श्याम राम, समाजसेवी अरुण सिंह, नरेश प्रसाद यादव, अध्यक्ष हरिताभ यादव और प्रतिमा देवी शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानध्यापक डॉ. सुनील यादव ने की, जबकि संचालन शिक्षक विक्रम प्रजापति ने किया। कार्यक्रम की सफलता में शिक्षक देवेंद्र कुमार, सुधा रश्मि, धीरेन्द्र कुमार और लिपिक प्रत्युष बनर्जी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बरही में रविदास महासभा का पुनर्गठन

**बरही।** बरही के अब्दुल कलाम पार्क में रविवार को रविदास महासभा का पुनर्गठन संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता शंकर राम ने की। इसमें जिला रविदास महासभा हजारीबाग के पर्यवेक्षक समेत 20 पंचायतों के रविदास समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। बैठक के दौरान अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवारों ने नामांकन किया। इसके बाद वोटिंग प्रक्रिया शुरू हुई।

## मुखिया बेबी कुमारी ने किया 150 कंबलों का वितरण

**बड़कागांव।** प्रखंड के महंगाई कला पंचायत सचिवालय प्रांगण में मुखिया बेबी कुमारी की अध्यक्षता में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर योग्य वृद्ध महिलाओं और पुरुषों के बीच कंबलों का वितरण किया गया। कंबल पाकर बुजुर्ग बेहद प्रसन्न नजर आए। कार्यक्रम में कुल 150 कंबल वितरित किए गए।

## डॉ. राहुल कुमार सिंह निर्विरोध बने झासा के उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के संयुक्त सचिव

**हजारीबाग।** झारखंड स्टेट हेल्थ सर्विसेज एसोसिएशन (झासा) के वर्तमान सत्र के लिए नई कमेटी का चुनाव रविवार को प्रदेश के विभिन्न जिला मुख्यालय अस्पतालों में संपन्न हुआ। हजारीबाग के बरही अनुमंडल अस्पताल में कार्यरत डॉ. राहुल कुमार सिंह को निर्विरोध उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के संयुक्त सचिव पद पर चुना गया। डॉ. राहुल कुमार सिंह चतरा जिले के मयूरहंड प्रखंड स्थित नरचाही गांव के निवासी हैं। झासा की नई कमेटी में रांची सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. विमलेश कुमार को अध्यक्ष और रामगढ़ सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. ठाकुर मृत्युंजय सिंह को सचिव चुना गया।

न्यू पल्स मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाओं के साथ

# शिक्षा और सौ प्रतिशत रोजगार की गारंटी

निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है: 8226855911, 6204403338, 9334645422, 8252597804

खबर मन्त्र संवाददाता



**इचाक।** एनएच-33 इचाक मोड़ में स्थित न्यू प्लस मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने अपनी उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा के माध्यम से स्थानीय निवासियों का भरोसा जीता है। यह हॉस्पिटल न केवल मरीजों के इलाज में अग्रणी है, बल्कि मेडिकल क्षेत्र में युवाओं के करियर निर्माण के लिए भी एक सुनहरा अवसर प्रदान कर रहा है। हॉस्पिटल के निदेशक कैलाश प्रसाद मेहता ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर हॉस्पिटल में मरीजों से लेकर युवाओं तक को दी जाने वाली स्वास्थ्य के साथ साथ शिक्षा और रोजगार के विषय में विस्तार से बताया।

**मुफ्त सेवाएं :** न्यू पल्स मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में अपेंडिक्स, हर्निया, बच्चादानी, नॉर्मल या ऑपरेशन द्वारा डिलीवरी, शिष्ट, बवासीर, हाइड्रोसिल, किडनी स्टोन, पित्त की थैली, परिवार नियोजन जैसे बीमारियों का मुफ्त ऑपरेशन किया जा रहा है। इसके अलावा मरीजों को नर्सिंग, बेड और रोग संबंधी जांच भी निशुल्क किया जा रहा है। हॉस्पिटल में अत्याधुनिक सुविधा जैसे आईसीयू, एनआईसीयू, ईसीजी, अल्ट्रासाउंड और एक्सरे की फैसिलिटी उपलब्ध है। वहीं ए टू जेड टोटल सॉल्यूशन पब्लिक सर्विस के डायरेक्टर अंकित राज भारद्वाज ने हॉस्पिटल में युवाओं के लिए ट्रेनिंग कोर्स, स्कॉलरशिप जॉब प्लेसमेंट और पार्ट टाइम जॉब के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हमारी संस्था पूरे झारखंड में युवाओं को स्किल डेवलप और जॉब ऑफर कर रही है। कहा कि हमारे यहां कम से कम शुल्क पर डी. फार्मा, बी. फार्मा, डीएमएलटी, ओटी, एक्सरे, ईसीजी, एएनएम, जीएनएम, बीएससी, नर्सिंग की ट्रेनिंग दी जा रही है। और छात्रों को 65 से 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप भी उपलब्ध है।

## अदाणी फाउंडेशन ने गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत मनाया सड़क सुरक्षा सप्ताह

**बड़कागांव।** गोंदुलपारा खनन परियोजना के अंतर्गत अदाणी फाउंडेशन ने 11 से 17 जनवरी तक बड़कागांव प्रखंड में उत्साहपूर्वक सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया। इस दौरान विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से आम लोगों को सुरक्षित वाहन चलाने और यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ, जिसमें पुलिस निरीक्षक अनिल सिंह ने झंडा फहराकर सप्ताह की आधिकारिक शुरूआत की। शपथ समारोह में अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर के प्रतिभागियों, पारा मिलिट्री और सेना भर्ती की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों, परियोजना प्रभावित परिवारों के सदस्यों और कंपनी के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। सभी ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ ली।

# नीति आयोग और एवीए की साझेदारी से बाल विवाह मुक्त भारत बनाने में मिलेगा बल

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोला।** बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण के इको सिस्टम को मजबूती देने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। भारत सरकार के नीति आयोग और एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन (एवीए) ने देश के सबसे पिछड़े क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तीकरण तथा अगले एक साल में देश के 104 प्रखंडों के पंद्रह हजार गांवों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने के लिए हाथ मिलाया है। इस आशय के मंतव्य पत्र पर नई दिल्ली में दस्तखत किए गए। नीति आयोग और एवीए की इस साझेदारी का अग्रगति संस्था ने समर्थन किया है। इस पहल के साथ एकजुटता जताते हुए अग्रगति के परियोजना पदाधिकारी किरण शंकर दत्त ने कहा कि हम भारत



समझौता करते

सरकार के ह्यबाल विवाह मुक्त भारतह्न अभियान पर अमल करते हुए अपने जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे । एवीए और नीति आयोग की इस साझेदारी से हमारे प्रयासों को और बल मिलेगा। एवीए के साथ मिलकर हम जिले को बाल विवाह मुक्त बने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके साथ ही हम जिले में बाल सुरक्षा के व्यवस्थागत तंत्र को मजबूत बनाने के लिए भी काम करेंगे। साथ मिलकर हम सुनिश्चित करेंगे कि हमारे बच्चों को एक सुरक्षित वातावरण में जीने का अधिकार मिले।

**दो वर्ष में 73जिले के आकांक्षी प्रखंडो में होगा काम :** दो-वर्षीय एसओआई के तहत अगले दो सालों में देश के 73 जिलों के आकांक्षी प्रखंडों के इन गांवों के आर्थिक रूप से बेहद कमजोर उन परिवारों के बच्चे जो शोषण, उत्पीड़न, बाल मजदूरी या बाल विवाह दृष्टि से संवेदनशील हैं।

## झरपो मध्य विद्यालय में आयोजित बाल सभा

**टाटीझरिया।** झरपो उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय में 20 जनवरी, सोमवार को बाल सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम टाटीझरिया बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज के निर्देश पर और ज्ञापांक 87 दिनांक 10/1/2025 के तहत आयोजित हुआ। सभा की अध्यक्षता झरपो पंचायत के मुखिया और 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी ने की, जबकि बैठक का संचालन पंचायत सचिव गुड़िया रानी ने किया। इस अवसर पर पंचायत सचिव ने छात्र-छात्राओं को सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योग्य लाभुक छात्र-छात्राएं योजनाओं के तहत फॉर्म भरकर इसका लाभ उठा सकते हैं। सभा में सैकड़ों छात्र-छात्राएं शामिल हुए, जिनमें गीता, काजल, सोनिया, बेबी, राखी, लक्ष्मी, संध्या कुमारी, मनोज कुमार, संजय कुमार आदि प्रमुख थे। कार्यक्रम में शिक्षकगण भी उपस्थित थे, जिनमें मध्य विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक महेंद्र इंदिवर, पंकज कुमार और अन्य शिक्षक शामिल थे।

## बड़कागांव में संविधान सम्मान यात्राः कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निदेर्शानुसार 'जय भीम, जय बापू, जय संविधान' कार्यक्रम के तहत संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सम्मान में भव्य यात्रा निकाली गई।

इस अवसर पर बड़कागांव के समाधान भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां सैकड़ों कांग्रेस कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और बड़कागांव के प्रभारी मोहम्मद दिलदार अंसारी का भव्य स्वागत किया गया। उन्हें बुके और मालाओं से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विशेश्वर नाथ चौबे ने की।



कांग्रेस कार्यकर्ता

# शिशित समाज ही स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकता है : यादव

यदुवंशी परिवार का मां पंच बहिनी मंदिर पतरातु में मिलन समारोह का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातु डैम स्थित मां पंचबहिनी मंदिर के समीप रविवार को यदुवंशी परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ पुरोहित शशि मिश्रा द्वारा पुरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच बांके बिहारी भगवान श्री कृष्ण की पूजा- अर्चना के साथ किया गया। पूजा-अर्चना में बतौर यजमान नितेश यादव सपत्नी सरिता देवी शामिल हुए। समारोह का उद्घाटन अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। आयोजन समिति द्वारा अतिथियों को बुके और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। स्वागत भाषण गिरधारी गोप ने दिया। समारोह को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक सह सभापति लोक लेखा समिति मनोज कुमार यादव ने कहा कि यदुवंशी परिवार को विकास के लिये शिक्षित होना जरूरी है। शिक्षा के वगैर बेहतर समाज का निर्माण नहीं हो सकता है। शिक्षित समाज ही स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकता है। उन्होंने कहा कि समाज के नव निर्माण में यदुवंशियों को आपसी भेदभाव भुलाकर सामंजस्य स्थापित करना होगा। साथ ही समाज में फैली कुरीतियों नशा, दहेज प्रथा को दूर करना होगा। जब भी समाज को मेरी जरूरत जहां भी होगा हम तैयार है।



मंचासीन अतिथिगण



समारोह में उपस्थित यदुवंशी के समाज के लोग

उन्होंने कहा कि चौपारण बोर्डर पर पशु पालको के साथ हो रही परेशानियों व ज्यादतीयो से निजात दिलाना मेरी प्राथमिकता होगी। पतरातू में यदुवंशी ट्रस्ट का गठन एव भवन निर्माण में मेरा पूर्ण सहयोग रहेगा। समाज के लोगों के लिये हर समय मेरा दरवाजा खुला है और रहेगा। विशिष्ठ अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी ने शिक्षा, समाज का उत्थान और एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि मुझे उम्मीद है कि यह मिलन समारोह यदुवंशी समाज के लिये मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने यदुवंशी समाज के लोगों से एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़ा रहने की अपील की। समारोह के स्वागतध्यक्ष गिरधारी गोप ने कहा कि यह सम्मेलन नववर्ष में यदुवंशीयो के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस वर्ष यदुवंशी भवन का निर्माण और ट्रस्ट के गठन का रास्ता प्रशस्त होगा।

उन्होंने कहा कि आयोजन समिति ने सीमित संसाधन में यदुवंशियों के हितों की रक्षा एवं उद्देश्यो की पूर्ति के लिए कार्यक्रम आयोजित किया है। हम इस समारोह में आये हुए मुख्य अतिथि सहित तमाम अतिथियों का सहृदय स्वागत व अभिनन्दन करते हैं।

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत डीएसटीई, चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे, नीचे उल्लिखित निविदा संख्या के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं: निविदा सूचना संख्या; कार्य का नाम; निविदा मूल्य; बयाना राशि; कार्य पूर्णता अवधि: (1); एसटी-सीकेपी-ओटी- 24-25-114; मणिकुई स्टेशन पर अप और डाउन ग्रिड दोनों में एक-एक लूप लाइन और 70 मीटर लंबाई की एक रुग्ण साइडिंग के प्रस्ताव के संबंध में एस एंड टी कार्य; ₹ 2,51,00,946.92; ₹ 2,75,500.00; 12 (बारह) महीने; (2); एसटी-सीकेपी-ओटी-24-25- 115; बंडामुंडा-झारसुगुड़ा स्टेशन के बीच 15 स्टोन स्लैब पुलों के पुनर्वास और राउरकेला-झारसुगुड़ा सेक्शन के बीच मौजूदा 01 आर्क मेसनरी ब्रिज के रूपांतरण के लिए एस एंड टी कार्य; ₹ 29,15,579.53; ₹ 58,300.00; 12 (बारह) महीने; (3); एसटी- सीकेपी-ओटी-24-25-116; एसएसई/सिग/गोइलकेरा के तहत संचालन के लिए 1 टन क्षमता वाले 1 ट्रक की प्लेसमेंट; ₹ 15,88,396.05; ₹ 31,800.00; 36 (छत्तीस) महीने; (4); एसटी-सीकेपी-ओटी-24-25-117; एसएसई/टीईएलई/राउरकेला के अंतर्गत संचालन के लिए 1 टन क्षमता वाले 1 ट्रक की नियुक्ति; ₹ 17,80,733.55; ₹ 35,600.00; 36 (छत्तीस) महीने; (5); एसटी-सीकेपी-ओटी-24-25-118; एल.सी. गेट संख्या आरजी-22, आरजी-24, बीके-2 के मैकेनिकल लिफ्टिंग बैरियर के बदले में 03 इलेक्ट्रिकल लिफ्टिंग बैरियर के प्रावधान के लिए शेष कार्य; ₹ 33,90,584.15; ₹ 67,800.00; 12 (बारह) महीने; निविदा विवरण वेबसाइट http:www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाकर्ता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बोलीदाता ही ई-टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं। ई-टेंडर फॉर्म निःशुल्क जारी किए जाएंगे। इस निविदा के लिए मैन्युअल ऑफर की अनुमति नहीं है और प्राप्त किसी भी ऐसे मैन्युअल ऑफर को अनदेखा कर दिया जाएगा। (PR-1036)

स्वच्छ रामगढ़।
सुन्दर रामगढ़।।

आपकी भागीदारी
हमारी जिम्मेदारी।।

**कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ़।**

रामगढ़, झारखण्ड–825101

दूरभाषनं०:– 6553-295014 ई.मेलः–nagarparishadramgarh@gmail.com

वेबसाईट :–http://udhd.jharkhand.gov.in/ULB/Ramgarh/Ramgarh.aspx

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में कुल 46 होल्डिंग धारियों द्वारा होल्डिंग टैक्स का भुगतान नही करने पर कार्यालय द्वारा नोटिस के माध्यम से सूचित करने के बावजूद भी बकाया होल्डिंग जमा नहीं किया गया है। वैसे होल्डिंगधारी 07 दिनों के अंदर कार्यालय रामगढ़ नगर परिषद् (जन सुविधा केन्द्र) में आकर अपना बकाया होल्डिंग टैक्स का भुगतान कर दें, अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम के धारा–184 के तहत् आपके बैंक खाता को फ्रिज करने की कार्रवाई की जाएगी। जिसके जिम्मेदार आप स्वंय होंगे। बाद में आपका कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। बकायादार होल्डिंग धारको की विवरणी निम्न प्रकार है:–

| Sl No. | Ward No | Holding No | Owner Name | Guardian Name | Property Address | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 0030000108000X8 | Vijay Kumar Ray, Asha Devi | Rash Bihari Ray,Shiv Prakash Singh | At- Bongabar Ramgarh | 1,27,148.00 |
| 2 | 28 | 0280001196000J1 | J.M Divine Adarsh Vidya(P) School Chhatter Mandu | Sita Devi | Chhattar Mandu | 88,530.00 |
| 3 | 7 | 0070000951000X1 | Jai Shankar Pathak | Late Lambodar Pathak | C/O- The Grand Yash, Ranchi Road, Marar, Ramgarh | 85,984.00 |
| 4 | 6 | NA-3000036300X4 | Om Shanti Steel And Casting Private Limited | Raj Kumar Sah | Om Shanti Steel & Casting Private Limited Company ,Rauta Ranchi Road Marar | 77,500.00 |
| 5 | 7 | 0070000302000F4 | Ms Patni Sheet Griha Pvt Ltd | Ajit Kumar | Sewta, Marar | 73,992.00 |
| 6 | 30 | 0300000203000X1 | Nagendra Pandey, Brindra Kr. Pandey, Upendra Kr. Pandey | Late Rang Nath Pandey | C/O- Akanchha Furniture, Muramkala | 66,106.00 |
| 7 | 9 | 0090000133000A4 | Deepak Singh | Ashok Singh | Rama Nagar Marar Ramgarh | 66,049.20 |
| 8 | 26 | 0100000054000A4 | Madhav Karmali,Jaypal Karmali | Lakhan Karmali | At- Kaitha Fore Line Nh33 Vishwakarma Family Restaurant Ramgarh | 63,296.00 |
| 9 | 10 | 0020000644000M0 | Bhikhmang Miyan | Late Rehman Jolha | Phulsarai Ramgarh | 60,548.00 |
| 10 | 21 | 0140000390000X4 | Indira Pathak | Lakshmi Kant Sharma | Ghutuwa Po Nts Barkakana Ramgarh | 54,579.60 |
| 11 | 25 | 0170000019000M0 | Dhula Karmali | Anda Lohar | Teliyatu, Ramgarh | 46,774.00 |
| 12 | 6 | 0060000247000B4 | Tilu Mahto | Budhu Mahto | Near Hanuman Mandir, Burhakhap, Karma, Ramgarh | 43,375.44 |
| 13 | 10 | 0100000123000M0 | Lalmohmad Miya | Late Bhigmang Miya | Phulsarai Ramgarh | 42,908.00 |
| 14 | 28 | 0280000339000M0 | Gudku Sahu, Chamu Sahu | Nanku Sahu | Chhattar Mandu, Ramgarh | 42,896.00 |
| 15 | 3 | 0200000161000B1 | Lovely Devi Sri Sai Darbar | Gopesh Kumar | Bongawar Near Khana Khazana | 40,824.00 |
| 16 | 2 | 2.00E+12 | Devrath Mishra | Khagendra Nath | Nb Rahat Nursing Home Bharechnagar Sandi - Ramgarh | 39,578.00 |
| 17 | 7 | 0080000757000X4 | Uday Pratap Singh Manoj Kumar Singh | Hardeo Singh | Sewta | 39,144.00 |
| 18 | 26 | 0010000459000X1 | Mahesh Kumar Sahu | Suryanarayan Sahu | Kaitha Chawk .Ramgarh | 39,018.48 |
| 19 | 20 | 0200000342000A1 | Akil Ahmad,Bismillah Khatun,Amin Ahmad | Md Khalil Ansari | Ambatand,Hehal,Ramgarh | 34,524.00 |
| 20 | 27 | 0290000382000X1 | Rita Devi | Basant Choudhary | Huhaha, Kaitha, Ramgarh | 34,236.00 |
| 21 | 2 | 0080000654000B2 | Kailash Saw | Jalendra Saw | Bharechnagar Sandi Tutijharna More Ramgarh | 33,148.00 |
| 22 | 8 | NA-30000351000X2 | Kanti Singh | Kamlesh Singh | Sewta Rauta | 32,192.00 |
| 23 | 1 | 0010001339000M0 | Bhagwan Munda Vagera | | Sandi Urf Tiliya | 31,936.00 |
| 24 | 9 | 0090000144000L1 | Modern Public School (Dilip Singh )Secretary | Ramesh Prasad Singh | Marar Munda Toli Ramgarh | 31,300.00 |
| 25 | 8 | 0040000549000X1 | Sudesh Kaur | Ram Lal Saluja | Near Jagadru Hotel,Ramanagar,Marar | 29,740.00 |
| 26 | 29 | 0290000425000X5 | Ganesh Singh | Raja Ram Singh | Near-Ma Kalyani Hotel Nh 33 Kothar Kaitha Ramgarh | 27,168.00 |
| 27 | 1 | 8.00E+11 | Nand Kishor Prasad | Janaki Saw | Raj Nursing Home Tooti Jharna Road Bharech Nagar Sandi Ramgarh | 26,536.00 |
| 28 | 4 | 0210000092000M0 | Bhuglu Gosai | | Digwar, Ramgarh | 26,052.00 |
| 29 | 26 | 0260000222000A4 | Ghanshiyam Mahto | Thakur Mahto | Kaitha Ramgarh | 25,684.00 |
| 30 | 9 | NA-70000084000A1 | Manish Kumar | Gopal Prasad | S/O Gopal Prasad Ramanagar Marar | 25,392.00 |
| 31 | 9 | 0080000899000A1 | Rajesh Prasad Sahu,Rajesh Prasad Sahu | Baleshwar Saw,Baleshwar Saw | Sahu Tola Marar Ramgarh | 23,520.00 |
| 32 | 10 | 0020000628000M0 | Basir Miyan Wagairah | Riyasat Ali | Phulsarai, Ramgarh | 23,353.00 |
| 33 | 7 | 0180000007000X1 | Naresh Rai ,Patel Ray ,Vikash Ray | Tuni Raj & Birju Raj | B .R .L -Gate Ranchi Road Marar Ramgarh | 22,992.00 |
| 34 | 10 | 0020000643000M0 | Gani Miya | Imam Baks Miya | Phulsarai Ramgarh | 22,862.00 |
| 35 | 31 | 0310000049000M0 | S Jodh Singh | Prem Singh | Murramkala Ramgarh | 22,450.24 |
| 36 | 25 | 0170000378000M0 | Darbari Mahto | Mogal Kurmi | Taliyatu Ramgarh | 22,447.00 |
| 37 | 10 | 0020000639000M0 | Neyamat Ali | Sekh Banshi Bhandari | Phulsarai Ramgarh | 22,152.00 |
| 38 | 10 | 0020000640000M0 | Neyamat Ali | Shekh Banshi Bhandari | Phulsarai Ramgarh | 21,956.00 |
| 39 | 20 | 0200000265000J4 | Md Khalil Ansari, Jahir Ansari | | Ghutwa, Ramgarh | 21,496.00 |
| 40 | 28 | 0280000038000M0 | Sambhu Tiwari Wagerah | 0 | Chhattarmadu Ramgarh | 21,160.00 |
| 41 | 3 | 0030001162000A4 | Bisudev Prasad | | Barwatand Ramgarh | 20,941.52 |
| 42 | 9 | 0090000023000A1 | Yodhan Prasad | Late Dhanpat Saw | Sahu Tola Marar | 20,592.00 |
| 43 | 2 | 0010001449000A1 | Ayodhya Verma | Late Kedar Varma | Sandi Bongawar More | 20,412.00 |
| 44 | 3 | 0030001170000M0 | Janu Devi,Suraj Kushwaha | Bhuneshwar Mahto | Bongabar Fore Line Nh-33 Roshan Line Hotel Ramgarh | 20,008.00 |
| 45 | 32 | NA-80000053000A1 | Chhedi Munda | | S/O Late Lalji Munda .Kurum Rajrappa Project Ramgarh | 19,955.28 |
| 46 | 28 | 0280000321000X1 | Lalita Devi | Ganesh Sahu | Chatar Mandu Ramgarh | 19,952.00 |
| 47 | 2 | 0020000759000A1 | Anant Kumar, Abhishek Kumar & Rishi Kumar | Banshi Prasad | C/O.- Rameshwaram Vatika, Bongabar, P.O- Bharech Nagar, | 19,866.00 |
| 48 | 7 | 0230000829000A4 | Dineshwar Prasad | Nirmal Saw | Sewta, Ramgarh | 19,828.40 |
| 49 | 26 | NA-60000003000X4 | Satyendra Kumar Late Keshar Lal Mahto | | Kaitha Chowk Ramgarh | 19,524.00 |
| 50 | 26 | 0290000373000D1 | Chitranjan Kumar Niraj | Mohan Mahto | Kothar Kaitha | 19,392.00 |
| 51 | 7 | 0070000013000A1 | Ashok Jain | Prem Chand Jain | Sewta Ramgarh | 19,053.60 |

विश्वासभाजन
ह०/–
प्रशासक, नगर परिषद्, रामगढ़।

PR 344675 District(24-25)D

## जिले के तीन स्थलों पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम 22 जनवरी को



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने बताया कि 22 जनवरी को जिले के तीन स्थलों पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बिरसा सांस्कृतिक भवन में आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के दौरान कोडरमा, तिलैया, डोमचांच और मरकच्चो थाना क्षेत्र के आम लोगों से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जाएगा जबकि जयनगर पूर्वी पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में जयनगर, चंदवारा और तिलैया डैम ओपी क्षेत्र से संबंधित मामलों पर सुनवाई की जाएगी। वहीं सतगावां के शिवपुर पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सतगावां, नवलशाही और ढाब थाना से जुड़े मामलों पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं एसपी श्री सिंह ने बताया कि नागरिकों के शिकायतों का त्वरित गति से निष्पादन हो तथा पुलिस एवं नागरिकों के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने के उद्देश्य को लेकर पुलिस मुख्यालय के निर्देश के आलोक में समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में त्वरित गति से समस्याओं का समाधान हो, इसके लिए सभी थाना प्रभारियों और पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है। एसपी ने जिलेवासियों से अपनी समस्याओं को लेकर कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम को लेकर प्रशिक्षण आयोजित

# जनभागीदारी के सहयोग से जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाएं : सीएस

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन 2025 के सफल क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार की अध्यक्षता में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें प्रत्येक सीएचसी से दो-दो चिकित्सक सभी सीएचओ व बीटीटी शामिल हुए। वहीं प्रशिक्षण शिविर को सम्बोधित करते हुए सीएस डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि 10 फरवरी से जिले में चलने वाले कार्यक्रम के दौरान लोगों को जागरूक करें और जनभागीदारी से जिले को फाइलेरिया से मुक्त कराने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया का विलोपन वर्ष 2027 तक निर्धारित है, ऐसे में हमें इसे चुनौती के रूप में लेने की जरूरत है। अभियान के दौरान लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराएं। वहीं जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि जिले में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक एमडीए आईडीए का आयोजन किया जाना है, इस दौरान उम्र के हिसाब से सभी लोगों को दवा खिलायी जाएगी। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया रोधी दवा के सेवन से ही इस रोग से बचा जा सकता है। इसके पूर्व प्रशिक्षण शिविर में सहयोगी संस्था पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह और शंभु कुमार ने राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर माइक्रो प्लान, बूथ प्लान, हाउस टू हाउस सर्वे प्लान, ड्रग सुपरवाइजर प्लान आदि की विस्तृत जानकारी दी। मौके पर विवेकानंद शर्मा, सुनील कुमार पंडित, शंकर कुमार, ललन कुमार राणा, पंकज कुमार, नीरज कुमार आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### पिकअप और बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**चतरा।** सदर थाना क्षेत्र में चतरा-सिमरिया मार्ग पर गेंरवा मोड़ के पास रविवार देर शाम हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान झुमड़ा मोहल्ला निवासी अनुज कुमार (30) (पुत्र- फुलधारी राम) और घांसी मोहल्ला निवासी विशाल कुमार (25) (पुत्र- रब्बानी) के रूप में हुई है। वहीं, घायल युवक गेंरवा गांव के प्रभु भुइंया का 17 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार है। बताया जा रहा है कि तीनों युवक बाइक से चतरा से सिमरिया जा रहे थे। इसी दौरान गेंरवा गांव के पास एक अनियंत्रित पिकअप वाहन ने उन्हें सामने से टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक 10 फीट दूर जाकर एक पेड़ से टकरा गई, जिससे मौके पर ही दो युवकों की मौत हो गई। आसपास के लोगों ने घायल युवक को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज हजारीबाग रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार, उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गिद्धौर में आयोजित हुई गुरु गोष्ठी, शिक्षकों को दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश



**गिद्धौर।** प्रखंड में स्थित मिडिल स्कूल गिद्धौर में सोमवार को गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस बैठक में बीपीओ नीरज कुमार, बीआरसी कर्मी और शिक्षक मौजूद रहे। बैठक के दौरान कक्षा 1 और 2 के बच्चों के पोशाक वितरण की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया गया। साथ ही विद्यालय विकास अनुदान, खेलो झारखंड की राशि का सही तरीके से उपयोग करने के लिए भी चर्चा की गई। कक्षा 3 से 8 तक के डीबीटी से वंचित सामान्य बच्चों की सूची उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया। बैठक में अन्य कार्यों जैसे स्टूडेंट वेरिफिकेशन, स्टूडेंट इनरोलमेंट और आपार मॉड्यूल पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर सीआरपी नवनीत कुमार सिन्हा, राजकुमार राजू, प्रेमचंद कुमार साव और अकाउंटेंट मोहन कुमार समेत अन्य शिक्षक भी उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी सेविकाओं और पोषण सखियों को समर अभियान पर प्रशिक्षण



**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं और पोषण सखियों को समर अभियान और कुपोषण से जुड़ा एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान पोषण सखियों को मोबाइल एप के माध्यम से डाटा एंट्री करने की प्रक्रिया भी सिखाई गई। प्रशिक्षक क्षेत्रीय प्रबंधक शंभू बड़ाईक और बाल विकास परियोजना सुपरवाइजर मंजू कुमारी ने बताया कि राज्य सरकार ने कुपोषण और एनीमिया की समस्या को खत्म करने के लिए समर अभियान शुरू किया है। इसके तहत डोर-टू-डोर सर्वे कर कुपोषित और एनीमिया से पीड़ित महिलाओं व बच्चों को चिन्हित किया जाएगा और उन्हें सही पोषण व इलाज दिया जाएगा। इस अभियान की सफलता के लिए पोषण दल का गठन किया गया है, जिसमें पोषण सखी को विशेष जिम्मेदारी दी गई है। सर्वे के दौरान जिन बच्चों में गंभीर कुपोषण पाया जाएगा, उन्हें सीएमटीसी (बाल चिकित्सा केंद्र) भेजकर उचित पोषण दिलाने की पहल की जाएगी। प्रशिक्षण में कुपोषण और एनीमिया से बचाव के लिए पौष्टिक भोजन के महत्व पर चर्चा की गई। गांवों में उगाई जाने वाली साग-सब्जी, दाल, गेहूं और फलों के सेवन को पोषण सुधार के लिए जरूरी बताया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी सेविका सुनैना देवी, प्रभा सिन्हा और कई पोषण सखियां उपस्थित थीं।

### डोमचांच में अवैध खनन में लगे जेसीबी जब्त



**कोडरमा।** डोमचांच रेंजर रविन्द्र कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर डोमचांच के महकुंडी जंगल में ढिबरा के अवैध उत्खनन कर रहे एक जेसीबी को वन विभाग के टीम ने जब्त किया है। वहीं रेंजर ने बताया कि सूचना मिलने के बाद प्रभारी वनपाल लल्लन किशोर, वनरक्षक इस्लाम अंसारी, रविकांत यादव, अनिल कुमार साव, अभिमन्यु कुमार, राजेश कुमार शर्मा, सुनील दास एवं अन्य वनकर्मी का एक टीम गठित कर महकुंडी जंगल में रविवार की देर रात्री में छापामारी की गई, जहां उत्खनन में लगे एक जेसीबी को देखा गया। वहीं गश्ती टीम देख चालक मौके से फरार हो गया। जिसके बाद जेसीबी मशीन को जब्त कर वन विभाग परिसर लाया गया। वहीं उन्होंने बताया कि धीरज दास पिता मनोज दास ग्राम नावाडीह थाना डोमचांच एवं मुकेश कुमार पिता कार्तिक मेहता ग्राम नावाडीह दोनों जेसीबी के मालिक हैं, वहीं अनिल दास नावाडीह द्वारा ढिबरा खनन कार्य करवाया जा रहा था। जिसपर मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई की जा रही है।

### ढोढाकोला मोटकी सखुआ पुराना माइंस से एक जेसीबी जब्त



**कोडरमा।** वन्य प्राणी प्रक्षेत्र अंतर्गत ढोढाकोला स्थित (मोटकी सखुआ) पुराना माइंस से अवैध उत्खनन कार्य में लगे एक जेसीबी को जप्त किया गया। रेंजर राम बाबू कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर प्रभारी वन पल उस्मान अंसारी, वनरक्षी सिकंदर कुमार यादव, दुर्गा महतो व अन्य वनकर्मियों के द्वारा ढोढाकोला स्थित (मोटकी सखुआ) पुराना माइंस के समीप छापेमारी की गई। जहां अवैध उत्खनन में लगे जेसीबी को जब्त किया गया। इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है।

### गरीब, बेसहारा व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरित



**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान मे कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी के मार्ग दर्शन में एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार के नेतृत्व में गठित प्राधिकार की टीम ने इस कड़ाके की ठंड से ठिठुरते हुए बिना छत के रात भर जीवन बीता रहे गरीब बेसहारा व जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित करते हुए अपनी संवेदनशीलता को प्रकट किया है। उल्लेखनीय है कि प्रधान जिला जज ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव को जिले के अत्यंत सुदूरवर्ती जंगली इलाके में गुजर वसर कर रहे आदिम जनजाति के सदस्यों के बीच कम्बल वितरण करने के निर्देश दिया था। उक्त निर्देश के आलोक में श्री कुमार ने जिले के सुदूरवर्ती जंगली क्षेत्र पहाडों से घिरा हुआ आदिम जनजातियों की बस्ती झरनाकुंड इलाके में देर रात तक घूम-घूम कर ऐसे लोगों की तलाश की जो इस कडाके की ठंड में बिना छत के जीवन व्यतीत करने को विवश हैं। साथ ही झुग्गी झोपडी में रहने वाले ऐसे गरीब, बेसहारा, असहाय सभी लोगों के बीच कम्बल वितरण किया। इससे जहां ठंढ से ठिठुरते लोगों के चेहरे पर खुशी एवं आशा की किरण झलकने लगी। वहीं प्राधिकार की इस संवेदनशीलता की काफी सराहना की जा रही है। मौके पर रंजीत कुमार सिंह, मन्टु कुमार राम समेत कई लोग मौजूद थे।

### नीड्स संस्था के बैनर तले बैठक आयोजित



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत मुर्कमनाय पंचायत स्थित पंचायत भवन में सोमवार को जिला कोऑडीनेटर नुपुरदत्ता की अध्यक्षता में नीड्स संस्था के बैनर तले बैठक किया गया। बैठक का संचालन प्रवासन संसाधन केंद्र के इंचार्ज सागर ठाकुर ने की। बैठक में ग्रामीणों को जागरूक करने और बाहर में काम करने के फस जाने पर प्रवासी मजदूरों को कैसे मदद पहुंचाया जाए उन पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही ग्रामीणों को क्षेत्र में सरकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। वहीं संस्था द्वारा स्वाभिमान परियोजना के तहत आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, स्वास्थ्य कार्ड आदि जैसे योजनाओं से योग्य लाभुकों को निःशुल्क जोड़ने पर राजनीतिक तैयार की गई। वहीं बेरोजगार युवाओं नियुक्तियों को दो माह का प्रशिक्षण देकर रोजगार दिलाने की दिशा में पहल करने पर चर्चा हुई। बैठक में विजय यादव, लखन पासवान, पवन सिंह, कृष्ण गोस्वामी, रोहित कुमार समेत ग्रामीण मौजूद थे।

### प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन

कोडरमा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोडरमा द्वारा प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रखंड कार्यालय कोडरमा परिसर में 22 जनवरी, पीएचसी चंदवारा परिसर में 23 जनवरी एवं डोमचांच रेफरल अस्पताल में 24 जनवरी 2025 को स्वास्थ्य मेला आयोजित होगा। इस स्वास्थ्य मेला में गर्भवती महिलाओं, बच्चों, सभी नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच जैसे टीबी, मलेरिया, नेत्र, बीपी, शुगर, हेमोग्लोबिन, सीबीसी, जांच किया जाएगा, साथ ही आयुष्मान कार्ड भी बनाया जाएगा। इसके अलावा एलोपैथ के साथ आयुर्वेदिक दवाईयां भी उपलब्ध रहेगी।

### दो चापानलों के सामान की चोरी होने से ग्रामीण परेशान

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पहरीडीह में बीती रात अज्ञात चोरों ने दो चापानल का सामान की चोरी कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार दोनों चापानल सरकारी था, जिसे ग्रामीण पानी पीने के लिए उपयोग करते थे। अज्ञात चोरों ने चापानल का उपरी हिस्सा हैंडल सहित चोरी कर लिया। सुबह जब ग्रामीणों ने पानी लाने के लिए चापानल के पास गए, तो हैंडल सेट का उपरी हिस्सा ही गायब था। इस मामले को लेकर मुखिया खुशबू कुमारी ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा सुबह सूचना मिली की दो चापानल का उपर वाला हैंडल सेट चोरों ने चोरी कर लिया, जिससे ग्रामीणों को पानी की दिक्कत हो रही है। चोरी की घटना को लेकर थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया जा रहा है।

### ट्रक की चपेट में आने से 10 वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चाँदडीह के समीप एक 10 वर्षीय बच्ची ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार पड़ोसी राज्य बिहार के नालन्दा जिला अंतर्गत सिलाव प्रखंड के दुलरुआ बिगहा निवासी झूलो महतो के 10 वर्षीय पुत्री खुशी कुमारी को बासोडीह से नवादा की ओर जा रही एनएल01एडी-2197 ट्रक अपने चपेट में ले लिया, जिससे बच्ची का पैर पूरी तरह से जख्मी हो गया। उक्त बच्ची अपनी नानी के श्राद्ध कार्यक्रम में अपने नाना चाँदडीह निवासी मदुसूदन यादव के घर आयी थी। वहीं परिजनों ने घायलावस्था में बच्ची को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं उक्त ट्रक को स्थानीय पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर थाना ले गयी।

## सर्विस रोड पर अवैध रूप से खड़े वाहनों व गुमटियों पर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

- 8-10 वाहनों पर लगाया गया जुर्माना

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह के नेतृत्व में झुमरीतिलैया नगर परिषद् एवं कोडरमा में अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत अतिक्रमणकारियों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए सर्विस रोड पर अवैध रूप से खड़े वाहनों व गुमटियों को हटाया गया। इस अभियान में 8-10 वाहनों पर ऑनलाइन जुर्माना लगाया गया। यह अभियान गायत्री मंदिर से लेकर कोडरमा तक सर्विस रोड पर चलाया गया। वहीं झुमरीतिलैया प्रशासक अंकित गुप्ता ने स्पष्ट निर्देश दिया कि भविष्य में सर्विस रोड पर कोई भी वाहन खड़ा न हो। वहीं एसडीओ रिया सिंह ने वाहन चालकों को बॉंड भरवाया एवं दोबारा इस तरह की गलती नहीं करने की सलाह दी। वहीं उन्होंने कहा सर्विस रोड पर वाहनों के खड़े रहने से जाम की समस्या बनी रहती थी।

राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर बने इस मार्ग पर यातायात सुचारू रखने के लिए एसडीओ रिया सिंह ने अभियान को जारी रखने की बात कही। वहीं उन्होंने कहा कि जाम से निजात दिलाने के लिए यह अभियान जारी रहेगा। वहीं डीटीओ विजय कुमार सोनी ने भी कहा कि सर्विस रोड पर अवैध पार्किंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं सर्विस रोड में रखे गुमटी, ईंटा, गिट्टी एवं वाहन के चक्कों को उठा कर सर्विस लाइन को अतिक्रमण मुक्त किया गया। मौके पर कोडरमा नगर पंचायत प्रशासक शंभू प्रसाद कुशवाहा के साथ सफाई निरीक्षक राजू राम, बलराम यादव, दुलारचंद्र यादव समेत कई कर्मी मौजूद थे।

### मयूरहंड में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला आज

**चतरा।** मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में मंगलवार सुबह 10 बजे से प्रखंडस्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में आंख, कान, गला, दांत, त्वचा, कुष्ठ रोग, टीबी सहित अन्य बीमारियों का निःशुल्क इलाज किया जाएगा। मेले में राज्य के अनुभवी डॉक्टर मरीजों का इलाज करेंगे और दवा का वितरण भी पूरी तरह निःशुल्क किया जाएगा। इस मौके पर ग्रामीणों से समय पर पहुंचकर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की गई है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सुमित जायसवाल ने बताया कि यह मेला लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से अपील की कि वे समय पर पहुंचकर इस निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठाएं।

## झुमरीतिलैया में शिक्षा की नयी पहचान ग्रिजली किड्स

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर का प्रमुख प्ले स्कूल बचपन प्ले स्कूल अब एक नए और शानदार स्वरूप में स्थापित हो चुका है। इसे अब ग्रिज़ली किड्स के नाम से जाना जाएगा। यह नाम न केवल विद्यालय की अलग पहचान को मजबूत करेगा, बल्कि शिक्षा में उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति इसकी प्रतिबद्धता का प्रतीक भी है। ग्रिज़ली चेरिटेबल ट्रस्ट के अंतर्गत वर्षों का अनुभव रखने वाला यह संस्थान, बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है। वहीं विद्यालय की प्रबंधन समिति ने बताया कि यह नाम परिवर्तन हाल ही में शहर में खुले अन्य समान नाम वाले संस्थानों से होने वाले भ्रम को दूर करने और विद्यालय की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के उद्देश्य से किया गया है। वहीं विद्यालय की प्रधानाचार्या ने स्पष्ट किया कि इस नाम परिवर्तन से केवल पहचान बदलेगी, जबकि सभी सुविाएं, संकाय, पाठ्यक्रम और बच्चों की शिक्षा व देखभाल के प्रति प्रतिबद्धता पहले की तरह ही बनी रहेगी। वहीं उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य हमेशा से बच्चों के शैक्षिक और व्यक्तित्व विकास में योगदान देना रहा है और ग्रिज़ली किड्स के रूप में हम इस दिशा में और बेहतर प्रयास करेंगे। ग्रिजली किड्स प्ले ग्रुप से लेकर यूकेजी तक के बच्चों को आधुनिक शिक्षा पद्धति और उच्च गुणवत्ता वाली सुविधाएं प्रदान करता रहेगा।

वहीं ग्रिजली पब्लिक स्कूल इस संस्थान का सीनियर विंग, पिछले कई वर्षों से उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान कर रहा है और अभिभावकों की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए छात्रों के सर्वांगीण विकास में लगातार योगदान दे रहा है। वहीं अभिभावकों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए विद्यालय के प्रयासों की सराहना की।

## ग्रिजली विद्यालय में कैरियर कांऊसलिंग का आयोजन

- रिसोर्स पर्सन ने आइआइटी. जेईई. की प्रवेश परीक्षा में सफलता के लिए दिये कई टिप्स






खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय के सभागार में एक कैरियर कांऊसलिंग का आयोजन किया गया। वहीं रिसोर्स पर्सन आमोल लोहानी एसोसियट ड्राइरेक्टर मोडर्ना, बोस्टन, यूएसए. ने वर्ग एकादश के छात्रों को सम्बोधित करते हुए मौके पर 'इंजीनियरिंग में कैरियर' विषय पर बोलते हुए आइआइटी. जेईई. की प्रवेश परीक्षा में सफलता के लिए छात्रों को कई टिप्स दिए। वहीं उन्होनें बताया कि कॉन्सेप्ट को समझना, समय-प्रबंधन, लक्ष्य के प्रति सम्पर्ण सफलता की अनिवार्य शर्त है। सीएटी, एनएमएटी, एमब्रीए. की प्रवेश परीक्षा के लिए भी उन्होने छात्रों को बहुमूल्य सुझाव दिए। वहीं शीतल कुमारी, सेजल सिन्हा, प्रिंस कुमार द्वारा पूछे प्रश्नों का उन्होने उत्तर भी दिया। वहीं विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता एवं प्राचार्या अंजना कुमारी ने बताया कि ऐसे आयोजन से छात्रों को लक्ष्य की प्राप्ती में प्रचुर लाभ मिलेगा। मौके पर सुधांशु कुमार, आलोक कुमार समेत सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड में पुलिस और वन विभाग की पहल का असर

# ग्रामीणों ने खुद नष्ट की अफीम की फसल



खबर मन्त्र संवाददाता

**हंटरगंज (चतरा)।** पुलिस और वन विभाग की लगातार जागरूकता और विनष्टीकरण अभियान का असर अब ग्रामीणों पर दिखने लगा है। हंटरगंज प्रखंड के करैलीबार पंचायत अंतर्गत कोल्हुआ गांव में ग्रामीणों ने स्वयं पहल करते हुए करीब 2 एकड़ वन भूमि में लगी अवैध अफीम की फसल को नष्ट कर दिया। ग्रामीण कलेश्वर यादव के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने पोस्ता की खेती को नष्ट किया। कलेश्वर यादव ने कहा कि अफीम एक मादक पदार्थ है, जो धीरे-धीरे इंसानों के जीवन को बर्बाद कर देता है। उन्होंने बताया कि कुछ अफीम माफियाओं के बहकावे में आकर उनके नाम पर यह अवैध खेती की गई थी, लेकिन अब उन्होंने खुद ही इसकी विनष्टीकरण प्रक्रिया की निगरानी की। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि ऐसे माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई हो, जो जंगलों में अफीम उगाकर इसे बाहर के बाजारों में बेच रहे हैं।

### वन विभाग ने डेढ़ एकड़ में लगी अफीम की फसल नष्ट की



हंटरगंज (चतरा)। पुलिस और वन विभाग नशे के कारोबारियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रहे हैं। इसी कड़ी में हंटरगंज वन विभाग की टीम ने चकला पंचायत के दुवारपाल गांव में लगभग 1.5 एकड़ वन भूमि पर लगी अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया। मजदूरों और वन विभाग कर्मियों की मदद से यह कार्रवाई की गई। इस अभियान का नेतृत्व प्रभारी वनपाल चंदन कुमार ने किया, जबकि वन क्षेत्र पदाधिकारी सूर्यभूषण कुमार के निर्देश पर कार्रवाई की गई। चंदन कुमार ने बताया कि ग्रामीणों को अफीम के नुकसान और कानूनी कार्रवाई के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इसी का असर है कि पिछले साल की तुलना में इस बार हंटरगंज के कुछ इलाकों में अवैध अफीम की खेती कम हुई है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि यदि किसी ने बहकावे में आकर अफीम की खेती कर ली है, तो वे खुद ही इसे नष्ट कर दें। अन्यथा, कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहें। इस अभियान में वनरक्षी मुकेश कुमार, सुरेश दास और कई मजदूर शामिल रहे। प्रशासन का कहना है कि नशे के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

इस संबंध में प्रक्षेत्र वन पदाधिकारी सूर्यभूषण कुमार ने कहा कि अवैध पोस्ता की खेती करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। अफीम सेहत के लिए बेहद खतरनाक होती है, खासकर बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए यह जानलेवा साबित हो सकती है। उन्होंने चेतावनी दी कि जो लोग अभी भी अवैध रूप से पोस्ता की खेती कर रहे हैं, वे स्वयं ही इसे नष्ट कर दें। अन्यथा एनडीपीएस एक्ट की धारा 18 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को जेल भेजा जाएगा। पुलिस और वन विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के चलते कई गांवों में जागरूकता बढ़ी है। लोग अब खुद ही इस अवैध खेती को नष्ट कर रहे हैं। प्रशासन की ओर से यह अपील की जा रही है कि यदि किसी को भी अपने क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती की जानकारी मिले, तो वे तुरंत इसकी सूचना दें ताकि इस नशे की जहर को पूरी तरह खत्म किया जा सके।

## संघर्ष के बावजूद नहीं छोड़ी पुश्तैनी कला, संतोष प्रजापति बना रहे अनूठी मूर्तियां

- बसंत पंचमी के अवसर पर उनकी बनाई गई मूर्तियों की खास मांग रहती है

पंकज सिंह



**चतरा।** पीढ़ियों से मूर्ति बनाने की कला को जीवित रखे संतोष प्रजापति इन दिनों इटखोरी गांधी चौक में मां सरस्वती की सुंदर मूर्तियां तैयार कर रहे हैं। बसंत पंचमी के अवसर पर उनकी बनाई गई मूर्तियों की खास मांग रहती है। वे अपने पूर्वजों से मिली इस विरासत को पूरी मेहनत और निष्ठा के साथ आगे बढ़ा रहे हैं।

संतोष प्रजापति मिट्टी, प्लास्टर और धातु से देवी-देवताओं की मूर्तियां तैयार करते हैं। इस बार बसंत पंचमी के लिए वे अलग-अलग आकार और डिजाइन में मां सरस्वती की मूर्तियां बना रहे हैं। उनकी कारीगरी को देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं और मूर्तियां खरीदते हैं। बढ़ती लागत, मशीनों से बनी मूर्तियों की प्रतिस्पर्धा और बदलते समय के कारण इस पारंपरिक कला को जीवित रखना एक चुनौती बन गया है। फिर भी, संतोष प्रजापति और उनका परिवार पूरी लगन से इस परंपरा को संजोए हुए हैं। वे अपनी कला को और बेहतर बनाने के लिए नए तरीकों को भी अपना रहे हैं।

संतोष प्रजापति का मानना है कि अगर सरकार और समाज से थोड़ी मदद मिले, तो इस पारंपरिक कला को और संवारकर नए स्तर तक पहुंचाया जा सकता है। वे चाहते हैं कि नई पीढ़ी भी इस कला को सीखे और आगे बढ़ाए, ताकि यह विरासत खत्म न हो। उनकी मेहनत और समर्पण को देखते हुए कहा जा सकता है कि वे न सिर्फ अपनी रोजी-रोटी चला रहे हैं, बल्कि अपने पूर्वजों की धरोहर को भी सहेज रहे हैं।

## स्पीड न्यूज

### लड़कियों की शिक्षा व सशक्तिकरण से समाज और देश को होगा लाभ : उपेंद्र



चैनपुर। चैनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित लूथरन स्कूल में 32वीं बटालियन एसएसबी कमांडेंट के निर्देश पर कंपनी कमांडर उपेंद्र कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत लड़कियों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना और उन्हें देश की सेवा में शामिल होने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में एसएसबी के अजय राय, अमित सिंह, सागर और लूथरन स्कूल की प्रिंसिपल प्रतिमा इक्का भी उपस्थित थीं। उपेंद्र मिश्रा ने अपने संबोधन में लड़कियों को आत्मनिर्भर बनने और विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि लड़कियों की शिक्षा और उनके सशक्तिकरण से समाज और देश दोनों को लाभ होगा। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों के साथ एक संकल्प के साथ हुआ। जिसमें उन्होंने लड़कियों की शिक्षा और उनके विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### जारी प्रखंड में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का किया गया आयोजन



जारी। जारी प्रखंड मुख्यालय के समीप प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन सोमवार को किया गया। जिसके मुख्य अतिथि जिप सदस्य दिलीप बड़ाईक एवं विशिष्ट अतिथि बीडीओ यादव बैठा थे। मौके पर बीडीओ बैठा ने कहा कि किसी भी तरह का बीमारी है तो ईलाज करा लें। अगर आसाध्य जैसी रोगी होगा तो उससे आगे उनका ईलाज होगा। वहीं जिप सदस्य ने कहा कि सभी तरह के बीमारी के जांच हेतु शिविर लगा है। वहां जाकर संबंधित रोगी आपना ईलाज करायें। मौके पर आंगनबाड़ी सुपरवाइजर रेखा वर्णवाल, डॉ अलबन केरकेट्टा, मुखिया फुलमाईत देवी, इन्दु कुमारी, राजेश केरकेट्टा, बसन्ती बेक, मंजू कुजूर सहित सहिया, एएनएम एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय कोचो एक शिक्षक के सहारे संचालित

सिसई। सिसई प्रखंड के राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय कोचो एक पारा शिक्षिका के भरोसे संचालित है। विद्यालय में नामांकित 104 बच्चों का भविष्य अंधकरामय लग रहा है। शिक्षक के अभाव के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रहा है। शिक्षिका सुशांति देवी का कहना है स्कूल के इतने बच्चे बच्चियों को समय पर अलग अलग कक्षा का क्लास लेना काफी कठिन है। एक साथ बैठकर कक्षा लेना पड़ता है। अगर ऑफिस की ओर से बैठक के लिए मुख्यालय बुलाया जाता है तो बच्चो को रसोईया के भरोसे छोङकर जाना पड़ता है। बच्चों को छोड़कर ऑफिस की बैठक में नहीं गये थे ऑफिस से कारण बताओ नोटिस निकाल दिया जाता है। ऐसा में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्कूल में एक और शिक्षक की आवश्यकता है। विभाग इस ओर पहल करे।

### सिसई प्रखंड के लरंगो चैलीटोली में हाथी दिखने से लोग भयभीत



सिसई। सिसई प्रखंड के लरंगो चैलीटोली गांव निवासी जितेंद्र उरांव के घर के समीप बीते रात जंगली हाथी दिखने से लरंगो पंचायत क्षेत्र के लोगों मे डर का महौल बना हुआ है। लोग रात में घरो से निकलना तक मुनासिब नहीं समझते है। जंगली हाथियों के द्वारा कई किसानो का खेत में लगे फसल को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। ग्रामीणो के अनुसार तीन हाथियो का झुंड भ्रमण कर रहा है। अभी उसी क्षेत्र मे हाथी के होने का अंदेशा जताया जा रहा।

### चैनपुर : कोचिंग सेंटर का हुआ उदघाटन

चैनपुर। चैनपुर प्रखंड के कुरूमगढ़ में एके 06 कोचिंग सेंटर का उदघाटन किया गया। इस समारोह में जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा और पंचायत समिति सदस्यों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया। मेरी लकड़ा ने कहा कि कोचिंग सेंटर सुदूर क्षेत्र के बच्चों को अच्छी शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद करेगा। स्थानीय नेताओं ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि, यह पहल बच्चों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य शान्ता टोप्पो, आशा लकड़ा, अनिता एक्का, कृष्ण उरांव सहित कई स्थानीय नेता उपस्थित थे।

### चैनपुर प्रखंड में जंगली हाथी का उत्पात, फसल को पहुंचाया नुकसान



चैनपुर। चैनपुर अनुमंडल कार्यालय के निकट स्थित डेम के पास एक जंगली हाथी ने बेंदोरा पंचायत के करतोडेम क्षेत्र में विनय भगत के खेत में लगे गेहूं, और उनके घर में रखे धान, चावल, और माडुआ को बर्बाद कर दिया। इसके साथ ही जालसू भगत के खेत में लगे आलू को भी नुकसान पहुंचाया और सुरजनाथ भगत के केले के पेड़ पर लगे फलों को बर्बाद कर दिया। विनय भगत ने बताया कि हाथी रात के 12 बजे उनके घर के पास आया और सुबह के 4 बजे तक उनके खेत में घूमता रहा। इस दौरान उन्होंने अपनी जान बचाने के लिए भागने का प्रयास किया। स्थानीय ग्रामीणों में इस घटना को लेकर दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथी कुलाहि होते हुए सारखी जंगल की ओर चला गया। लेकिन इस घटना ने उनके मन में भय पैदा कर दिया है। क्षेत्रीय निवासी अब जंगली जानवरों के हमलों से सुरक्षा की उम्मीद कर रहे हैं और वन विभाग से उचित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### दंत चिकित्सका का किया आयोजन

गुमला। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के 40 वे मंच स्थापना दिवस के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा गुमला शाखा द्वारा सात दिवसीय कार्यक्रम के तहत सोमवार को दंत कैंप का आयोजन राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय टंगरा में किया गया। इस कार्यक्रम में डॉक्टर भास्कर और स्कूल की टीचर नीलिमा ओहदार ने पूर्ण रूप से सहयोग दिया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को चॉकलेट और केला बांटा गया। इस कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष अंचल अग्रवाल, सचिव ज्योति फोगला, सदस्य शकुंतला मंत्री, बीना अग्रवाल, अंबिका अग्रवाल, रचना अग्रवाल उपस्थित थे।

# गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम में होगा आयोजित

**सुबह 09 बजे डीसी करेंगे झंडोतोलन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** जिला प्रशासन द्वारा 26 जनवरी को 74 वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन भव्य रूप से किया जाएगा। इस अवसर पर डीसी की उपस्थिति में जिले के विभिन्न विशिष्ट स्थलों पर झण्डोत्तोलन और माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसके लिए समय का निर्धारण किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में आयोजित होगा। जहां झण्डोत्तोलन का कार्यक्रम 09:00 बजे से प्रारंभ होकर 10:30 बजे तक चलेगा। वहीं उपायुक्त आवासीय कार्यालय में झण्डोत्तोलन का कार्यक्रम सुबह 08:25, टावर चौक स्थित शहीद स्मारक पर 08:30 बजे अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में माल्यार्पण और सलामी दी जाएगी। इंडोर स्टेडियम परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण का कार्यक्रम 08:35 बजे किया जाएगा। वहीं शहीद स्मारक गुमला पर माल्यार्पण सुबह 08:40 बजे, बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण सुबह 08:50 बजे, अनुमंडल कार्यालय गुमला 10:35 बजे, जिला परिषद कार्यालय 10:45 बजे, वन प्रमंडल कार्यालय 10:50 बजे, गृह रक्षा वाहिनी कार्यालयः 10:55 बजे, उपायुक्त कार्यालय चंदाली में 11:15 बजे, पुलिस लाइन चंदाली में 11:35 बजे झंडोतोलन किया जाएगा। इस अवसर पर सभी नागरिकों, सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों व गणमान्य व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे इस राष्ट्रीय पर्व पर अधिकाधिक संख्या में भाग लें और इसे सफल बनाएं। डीसी कर्ण सत्यार्थी के निर्देश के आलोक में जिले के अधिकारियों द्वारा इस आयोजन को सौहार्दपूर्ण और गरिमामय बनाने के लिए तैयारियाँ जोर शोर से किया जा रहा है। सभी कार्यक्रम निर्धारित समय पर आयोजित किए जाएंगे। वहीं गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन व मीडिया एकादश के बीच मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

# लोहरदगा के कुडू में महिलाओं को कानूनी अधिकारों की दी गयी जानकारी

**›› जिला विधिक सेवा प्राधिकार पीड़ित शोषित वंचित महिला को त्वरित एवं सुलभ न्याय देने को तत्पर**

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के बैनर तले जिला के कुडू प्रखंड स्थित जीमा ग्राम में महिलाओं को उनके कानूनी अधिकार के विषय में बताया गया। जिसमें रिसोर्स के रूप में उपस्थित अधिवक्ता प्रवीण कुमार भारती ने कहा कि महिलाओं को उनके कानून में प्रदत्त अधिकारों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हिंदू सक्सेसन एक्ट के तहत महिलाओं को पैतृक संपत्ति में पुरुषों के समान अधिकार है। विगत वर्ष जुलाई से लागू भारतीय न्याय संहिता सहित अन्य महत्वपूर्ण बदलाव आने से अब जल्द न्याय सुलभ हो पाएगा। अब महिला अपने अधिकारों के प्रति जागरूक भी हो रही हैं। जो अच्छा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार जिला के किसी भी पीड़ित शोषित वंचित महिला को त्वरित एवं सुलभ न्याय देने को तत्पर है।

## गुमला डीसी ने सदर अस्पताल स्थित कौशल विकास नर्सिंग कॉलेज का किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सोमवार को सदर अस्पताल परिसर स्थित कौशल विकास नर्सिंग कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कॉलेज की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया और एएनएम (फर्स्ट एवं सेकंड ईयर) की पढ़ाई कर रही छात्राओं से मुलाकात कर उनकी शिक्षा से संबंधित अनुभव साझा किए। उपायुक्त ने कॉलेज की कक्षाओं का निरीक्षण किया और विभिन्न लैब्स में जाकर छात्राओं के ज्ञान एवं कौशल का अवलोकन किया। उन्होंने ओटी और इमरजेंसी सिमुलेशन लैब, समेत 10 अलग-अलग लैब्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने लैब्स में उपलब्ध सुविधाओं और उपकरणों की सराहना की। साथ ही उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि व्यावहारिक ज्ञान को मजबूत करने के लिए आधुनिक लैब्स का अधिकतम उपयोग करें। उन्होंने कॉलेज प्रशासन से छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया एवं छात्राओं को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान कॉलेज के प्रिंसिपल, शिक्षक व छात्राएं उपस्थित थी।

# गुमला पुलिस व कुख्यात झांगुर गुट के बीच मुठभेड़, गोली और हथियार बरामद

**साथियों के साथ बचकर निकल गया सरगना रामदेव उरांव**





बरामद गोली व हथियार।



सर्च अभियान चलाते एसपी व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला पुलिस व झांगुर गुट के बीच रविवार को विशुनपुर के नक्सल प्रभावित क्षेत्र देवरागानी में मुठभेड़ हुआ। इस मुठभेड़ में दोनों ओर से कई चक्र गोलियां चली है। गोलियों की तडतडाहट से देवरागानी जंगल गुंज उठा। मुठभेड़ में पुलिस को भारी पड़ता देख अपराधी भाग निकले हैं। रविवार को पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली कि कुख्यात अपराधी गिरोह झांगुर गुट के सरगना रामदेव उरांव अपने दस्ते के सदस्यों के साथ विशुनपुर थाना क्षेत्र के देवरागानी जंगल के आस-पास भ्रमणशील है। सूचना पर कार्रवाई हेतु जिलाबल के सैट टीम, आईआरबी 5 एवं एसएसबी 32 बटालियन द्वारा छापामारी अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में अचानक देवरागानी जंगल में सुरक्षाबलों पर अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। जिसपर सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग आरंभ की। सुरक्षा बलों को भारी पड़ता देख अपराध कर्मी पहाड़ों का फायदा उठाते हुए भाग निकले। इधर टीम के सदस्य अपराधियों को खदेड़ने के बाद सर्च अभियान चलाया। जिसमें एके 47 का एक रायफल, सेमी ऑटो मुटिक एक रायफल, भारी संख्या में एके 47 व एसएलआर के रायफल की गोली, मोबाईल, पिठु बैग, दैनिक उपयोग के सामान पुलिस ने बरामद किया। पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह के नेतृत्व में समादेष्टा, एसएसबी 32 के साथ मुठभेड़ स्थल से भागे अपराध कर्मियों की गिरफ्तारी हेतु सघन छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। एसपी ने जिले के नक्सलियों व अपराध कर्मियों से अपील की है कि वे झारखंड सरकार के आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाकर समाज के मुख्यधारा में शामिल हो। इधर सूत्रों की मानें तो मुठभेड़ में अपराधियों को गोली लगने की भी आशंका व्यक्त की जा रही है।

## रायडीह में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का किया गया आयोजन



**रायडीह। स्वास्थ्य केंद्र रायडीह में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ गणेश राम, बीडीओ प्रधान हांसदाक प्रखंड प्रमुख ममता सोरेंग, पंचायत समिति सदस्य हिमांशु गुप्ता मौजूद थे। स्वस्थ मेला में यक्ष्मा रोगी योगा परिवार कल्याण समेत कुल 17 स्टॉल लगे हुए थे। बीडीओ ने सभी स्टालों का निरीक्षण किया। इस मेला में यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ गणेश राम ने कहा कि नशा शरीर का नाश करता है। इसलिए किसी भी व्यक्ति को नशा नहीं करनी चाहिए। बीडीओ ने कहा इस आयोजन में बहुत सारे मरीज अपना इलाज अच्छा से करवा सकते हैं। किसी को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। इसमें मेला में सभी तरह के स्टॉल लगाए गए है। इस मेला में कुल 1063 मरीजों ने पंजीकरण कराया।**

## घाघरा में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**घाघरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर घाघरा में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड प्रमुख सविता देवी, बीडीओ दिनेश कुमार, उप प्रमुख शिव देवी, डीपीसी अभिनीत आनंद, चिकित्सा प्रभारी डॉ अरविंद कुशल एक्का, अनिरुद्ध चौबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि स्वास्थ्य मेला का आयोजन होने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य जांच संबंधित लाभ प्राप्त होंगे। आप सभी ग्रामीण इसका लाभ उठाए। बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य जांच होने से किसी भी बीमारी की जानकारी प्राप्त होती है। आप सभी ग्रामीण उक्त स्वास्थ्य मेला का लाभ उठाएं। स्वास्थ्य मेला में स्किल सेल जांच, यक्ष्मा जांच, दंत जांच, तंबाकू नियंत्रण, मलेरिया फाइलेरिया जांच सहित कई जांच स्टाल लगाए गए। जहां आवश्यकता अनुसार पहुंचे ग्रामीणों का चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवा का वितरण किया गया है। वही अतिथियों द्वारा यक्ष्मा मरीजों के बीच पोषण फूड किट का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में चिकित्सक डॉ निधि आनंद, डॉ अनिल कुमार, अमित कुमार,ज्ञान रंजन, बीटीटी सीमा कुमारी, बबीता कुमारी, लक्ष्मण को पारस साहू, संजोती देवी, बीने कुमार, अनिल कुमार, आलोक कुमार, अशोक कुमार सहित कई चिकित्सक, सीएचओ, स्वास्थ्य कर्मी, सहिया ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर का निरीक्षण



लोहरदगा। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में आंतरिक एक दिवसीय शैक्षणिक गतिविधि का निरीक्षण हुआ। विद्या भारती के निर्देश पर निरीक्षण के लिए सुंदरी देवी शिशु मंदिर लोहरदगा के प्रधानाचार्या सुरेश चंद्र पांडे, शिशु विद्या मंदिर बड़की चांपी के प्रधानाचार्य मनोहर मोदी, शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने संयुक्त रूप से वंदना सभा में दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन किया। विद्यालय की गतिविधियों का अवलोकन किया और शिक्षण को प्रभावी बनाने के सुझाव दिए। विद्यालय गतिविधि में प्रातः शारीरिक योग, शून्य कालांश, वदंना सभा, प्रथम कालांश से अंतिम सप्तम कालांश तक की गतिविधि देखी गई। विद्या मंदिर लोहरदगा में आंतरिक एक दिवसीय शैक्षिक निरीक्षण हुआ। विद्या भारती योजना अनुसार अंतर विद्यालय निरीक्षक से विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होता है। इस प्रकार के अंतर निरीक्षण से दोनों विद्यालयों को लाभ मिलता है। वंदना सभा में आगत अतिथियों का परिचय मधुमिता शर्मा ने कराया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, आचार्या मधुमिता शर्मा, राजीव सिंह, एवं सुरेश्वर कुजूर उपस्थिति थे विद्यालय के सभी आचार्य-दीदी एवं कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

## कार-ऑटो की भिड़ंत में आधा दर्जन घायल

कुडू-लोहरदगा। कुडू-लोहरदगा मुख्य पथ एनएच 143 ए कुडू ब्लॉक मोड़ स्थित कन्या मध्य विद्यालय टाकू के समीप आईटेन कार संख्या जेएच08सी- 6163 और ऑटो जेएच01एडी-0179 की आमने सामने की भिड़ंत हो गयी। जिसमे टेंपो चालक थाना क्षेत्र के टाटी निवासी महिंदर लोहरा, पंडरा निवासी सरिता देवी, ननतिलो निवासी सरस्वती देवी पांकी थाना क्षेत्र के गनेशपुर निवासी सुरजदेव और रांची डोरंडा हाथीखाना निवासी असलम अंसारी घायल हो गए। जबकि कार में बैठे लोग पुरी तरह सुरक्षीत हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई।वहीं जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र कुडू में भर्ती कराया। जहां से टेंपो चालक महिंदर लोहरा को रिम्स रेफर कर दिया गया। महिंदर का दोनों पैर टुटने की सुचना है। जानकारी के अनुसार टेंपो लोहरदगा रेलवे स्टेशन से सवारी बैठाकर कुडू आरहा था जबकि कार लोहरदगा की ओर जा रही थी। तभी कार अनियंत्रित होकर टेंपो को अपने चपेट में लेते हुए एक पेड़ से टकरा गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। पुलिस दोनों वाहन को अपने साथ थाना ले गई है।

## पीएम अवार्ड के लिए डीसी को दी बधाई

गुमला। पीएम अवार्ड के लिए गुमला का चयन होने पर कांग्रेस नेताओं ने हर्ष जताया है। कहा है कि इसके लिए उपायुक्त बधाई के पात्र है। जिनके कुशल मार्गदर्शन में जिला विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। राज्य का गुमला ऐसा जिला है। जिसे दूसरी बार इस अवार्ड के लिए चुना गया है। इसके लिए प्रधानमंत्री भी बधाई के पात्र है। बधाई देने वालों में प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी, सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, अकील रहमान, मुरली मनोहर, दीपनारायण उरांव, रोहित उरांव, हेमावती लकड़ा, हिमेश, प्रदीप कुजूर, गुलाम सरवर व कलावती है।

## छात्राओं के बीच किया गया साइकिल का वितरण

रायडीह। प्रखंड मुख्यालय रायडीह में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेंदवाकोना के शैक्षणिक सत्र 2023-24 और 2024-25 के छात्र छात्राओं उन्नति का पहिया योजना के तहत 41 साइकिल का वितरण किया गया। जिसमे बीडीओ प्रधान हांसदाक, कल्याण पदाधिकारी हरे कृष्ण साहू, आभास, एमरेंसिया मौजूद थे।

## सांसद सुखदेव भगत ने साजीद अहमद को बनाया लोहरदगा जिला का प्रतिनिधि

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** सांसद सुखदेव भगत ने पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष साजिद अहमद चंगू को लोहरदगा जिला का अपना सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया। सांसद प्रतिनिधी नियुक्त किए जाने पर साजिद अहमद ने सांसद का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सांसद द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौपी गई है उस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ काम करना है। बधाई देने वालों में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखेर भगत, अभिनव सिद्धार्थ भगत, नेसार अहमद, जगदीप भगत, पवन गौतम, डोमना उराव, राजेश रुद्रा, हाजी सिकंदर अंसारी, सत्यजीत सिंह, मुख्तार अंसारी, दयानंद उराव, फहद खान, मुजम्मिल अंसारी, कुणाल अभिषेक, मनोज सोन तिर्की, नन्द किशोर शुक्ला, यासीन असारी, तेतरा उरांव, गुलाम जिलानी, प्रत्यूष पांडे, कुदुस असारी, हैदर अंसारी, शनिचरवा उरांव, शिव उरांव, गुलाम जिलानी, मुस्लिम अंसारी, विकास सहदेव, मनोज भगत, रवि रौशन बेक, तारिक असारी, सुरेंद्र लोहारा, यासीन अंसारी, उर्शिला कुजूर, शांति उरांव, बसंती उराव आदि ने बधाई दी।

## घाघरा प्रखंड में नल जल योजना फेल नहीं मिल रहा है आम लोगों को पानी

खबर मंत्र संवाददाता



**घाघरा।** प्रखंड कार्यालय घाघरा के सभागार में पंचायत समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख सविता देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कई विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान कई महत्वपूर्ण चर्चा की गई। जिसमें पंचायत समिति के सदस्यों ने कहा कि नल जल योजना पूरी तरह से फेल है किसी के घर में पानी नहीं मिल रहा है। कई जगहों पर आंगनबाड़ी जर्जर अवस्था में है। जिसे मरम्मत करने की बात कही। वृद्धा विधवा विकलांग पेंशन के लाभुकों के लिए बैंक ऑफ इंडिया में एक अलग काउंटर बनाया जाए ताकि उन्हें पैसे निकालने में सुविधा हो। पंचायत समिति से हो रहे कार्यों का समय से भुगतान हो सहित कई निर्देश दिए गए। मौके पर मुख्य रूप से बीडीओ दिनेश कुमार, शिवा देवी, शीला रानी, सतीश बंसल, पंकज साहू, शंकर साहू, बेबी कुमारी, पुष्पा टोप्पो, रेणुका उरांव, सीमा देवी, रामरीत उरांव, रिंकू लोहरा, श्रवण उरांव व प्रधान उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## गुमला : चेंबर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलायी गयी शपथ

**नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उनकी टीम चेम्बर को नयी पहचान दिलाते हुए अपना भवन दिलाएंगे: रमेश**

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** चेम्बर ऑफ कॉमर्स गुमला के सत्र 2025 के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों व नये पदाधिकारियों को मुख्य चुनाव पदाधिकारी रमेश कुमार चीनी के द्वारा स्थानीय नगर भवन गुमला में शपथ दिलवाते हुए चेम्बर व व्यापारी हित में कार्य करने की अपील की गयी। समारोह को सम्बोधित करते हुए रमेश कुमार चीनी ने कहा की चुनाव पदाधिकारी के रूप में चेम्बर को एक अच्छे माहौल में चुनाव सम्पन्न करवा कर चेम्बर के लिए एक यादगार पल बनाया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उनकी टीम चेम्बर को एक नयी पहचान दिलाते हुए अपना चेम्बर भवन के सपनों को साकार करेंगे ऐसी उम्मीद जताई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहायक चुनाव पदाधिकारी सह पूर्व अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने चेम्बर की पुरानी यादों को ताजा करते हुए चेम्बर की गरिमा का बखान किया। वहीं सहायक चुनाव पदाधिकारी सह पूर्व अध्यक्ष हिमांशु केशरी ने भी नये कार्यकारिणी समिति से एक नए जोश व उमंग के साथ कार्य करने की नसीहत दी। कार्यक्रम को पूर्व अध्यक्ष अशोक जायसवाल, शशिप्रिया बंटी, निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, पूर्व सचिव विनोद कुमार सहित कार्यक्रम में उपस्थित निर्मल गोयल आदि ने भी संबोधित करते हुए कहा की चेम्बर अपने स्थापना काल से ही व्यापारियों के लिए कार्य करती है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने कहा की उन्हें जो जिम्मेवारी आज मिली है उस पर वे खरा उतरेंगे। मौके पर उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल (रॉकी), राजेश लोहानी, सचिव बबलू वर्मा, सह सचिव प्रणय कुमार साहू, कोषाध्यक्ष अमित मंत्री (गोलू), पी आर ओ आदित्य गुप्ता व प्रतिक कुमार अग्रवाल (सोनू) को बनाया गया। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित अध्यक्ष व सचिव के द्वारा सभी चुनाव पदाधिकारियों को अंग वस्त्र व एक स्मृति चिन्ह देते हुए सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष सरजू प्रसाद साहू, महेश कुमार लाल, मो सब्बू, पदम कुमार साबु, अनमोल गुप्ता, ओम प्रकाश साहू, विनोद केशरी, सहित पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष दीपनारायण उरांव, निर्मल गोयल, दिनेश गुप्ता, विनोद कारू, रिंकू चौरसिया, नंदकिशोर सिंह, आशु, हर्ष सोनी, बिट्टू कुमार, राजकुमार, रुपेश साहू, राजू अग्रवाल, श्याम गुप्ता, मुनीलाल साहू, सहित सभी नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्य व व्यापारी बंधु, व प्रेस मीडिया के साथी उपस्थित थे।

## किसान, युवा व महिलाएं स्वालंबन स्वरोजगार से जुड़े इस दिशा में कार्य कर रही है संस्था: देवेंद्र





**विकास भारती विशुनपुर का 42वां स्थापना दिवस आयोजित**

खबर मंत्र संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड के उदरंगी पंचायत के उदरंगी गांव में सोमवार को विकास भारती बिशुनपुर के 42वां स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में विकास भारती के जिला समन्वयक देवेंद्र मण्डल ने कहा कि किसान, युवा और महिलाएं स्वालंबन स्वरोजगार से कैसे जुड़े इस दिशा में संस्था द्वारा पिछले 42 वर्षो से कई प्रकार के कार्य किये जा रहे हैं और लोग इससे जुड़कर कार्य भी कर रहे हैं। स्वामी विवेकानंद के जीवन परिचय एवं उनके द्वारा राष्ट्र के युवाओं का कर्तव्य जीवन का लक्ष्य के प्रति विचारों से भी उपस्थित युवाओं को अवगत कराएं। कार्यक्रम में उदरंगी मुखिया परमेश्वर महली ने विकास भारती के कार्यों की सहराना करते कहा की शिक्षा, प्रशिक्षण, स्वास्थ्य और कृषि के क्षेत्र में बहुत ही जनकल्याणकारी कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम मे विकास भारती से जुड़ कर बेहतर बागवानी करने वाले भैसमुंदो के 16 किसान, उदरंगी के 14 किसानो को शॉल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर देवेंद्र मण्डल ने कहा की योग निरोग रहने का साधन है। प्रति दिन योग कर ग्रामीणों पूरी तरह स्वास्थ्य रह सकते है। धन्यवाद ज्ञापन प्रखंड समन्वयक जयराम उरांव ने किया। मौके पर धनो उरांव, एतवा उरांव सहित किसान व ग्रामीण मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**लातेहार।** सड़क सुरक्षा माह के 20 सोमवार को जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा होंडा शोरूम, साहू ऑटोमोबाईल, रॉयल एनफील्ड ऑटोमोबाईल, पूजा टीवीएस ऑटोमोबाईल के कर्मचारियों के साथ सयुंक्त रूप से सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी शोरूम ओनर को नई वाहन के साथ हेलमेट भी देने को कहा गया। साथ ही सभी कर्मचारी को सड़क सुरक्षा, हिट एंड रन, नेक नागरिक से सम्बंधित जागरूकता के साथ साथ सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलवाई गई।

## गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर बैठक आज

**चंदवा।** प्रखंड कार्यालय सभागार में आगामी गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर मंगलवार को बैठक आहूत की गई है। बैठक 11:00 बजे दिन में रखी गई है। उक्त जानकारी देते हुए बीडीओ चंदन प्रसाद ने बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों के अध्यक्षों, सभी विभाग के अधिकारियों, सभी बैंक अधिकारियों सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक समेत मीडिया के लोगों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य गणतंत्र दिवस कार्यक्रम को सफल बनाना है। बैठक में सभी को ससमय शामिल होने की अपील गयी है।

## गणतंत्र दिवस पर साई नर्सिंग होम में लगेगा रक्तदान शिविर

**चंदवा।** एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग स्थित देवनद नदी के समीप साईं नर्सिंग होम परिसर में गणतंत्र दिवस के मौके पर 26 जनवरी को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी संस्थान के संचालक रोहित कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि नर्सिंग होम के बैनर तले रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। जिसमें हेल्प पॉइंट अस्पताल रांची के मेडिकल टीम की देख रेख में रक्तदान कराया जाएगा। उक्त आयोजन में रक्तविरो को आमंत्रित किया गया है।

## छात्राओं को माय भारत पोर्टल के विषय में दी गयी जानकारी

**लातेहार।** राष्ट्रीय सेवा योजना बनवारी साहू महाविद्यालय लातेहार झारखंड के तत्वाधान में माय भारत आउटरीच कार्यक्रम के तहत छात्राओं को माय भारत पोर्टल के विषय में जानकारी दिया गया। वहीं प्रोफेसर इशरत बानो ने छात्राओं को माय भारत पोर्टल की विस्तृत जानकारियां दी। कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने भी अनुभव साझा किया यह कार्यक्रम महाविद्यालय में विभिन्न विषयों के व्याख्याता के द्वारा प्रतिदिन चलाया जा रहा है इसका लाभ छात्रों के बीच देखने को मिल रहा है।

## लातेहार में स्वास्थ्य मेला आयोजित



**लातेहार।** प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉक्टर अवधेश कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख परशु राम लोहारा, बीडीओ मनोज कुमार तिवारी, जीप सदस्य विनोद उरांव समेत अन्य अतिथियों ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया गया। इस मेले में विभिन्न स्टॉल लगाए गए थे, जहां स्वास्थ्य संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इसके अलावा, नि:शुल्क इलाज और दवाइयां भी ग्रामीणों को दी गई। इस मौके पर डॉक्टर अखिलेश प्रसाद, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विवेक विद्यार्थी, आशीष डिन, गौरव दास, सुनील बैम, अजय भारती, बीपीएम समेत अन्य उपस्थित थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं का संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम में हटिया विधायक ने कहा

# बाबा साहब को कांग्रेस ने हमेशा अपमानित करने का काम किया

- भारतीय जनता पार्टी अपने स्थापना काल से ही दलितों, वंचितों व पिछड़ों को साथ लेकर चलने का काम कर रही है : जिला अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता



**लातेहार।** झारखंड प्रदेश द्वारा निर्देशित संविधान गौरव अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष पिंटु कुमार रजक की अध्यक्षता में ग्राम मोंगर के हरिजन टोला मोंगर में सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। किंतु कांग्रेस ने हमेशा उन्हें अपमानित किया। उन्हें चुनाव में दो बार हराने का भी कार्य किया। तत्पश्चात सांसद द्वारा उपलब्ध कराए गए कंबल का वितरण एवं प्रस्तावना को पढ़ा गया।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपनी स्थापना काल से ही दलितो वंचितों पिछड़ों को साथ लेकर चलने का काम कर रही है। जबकि कांग्रेस ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी को हमेशा निचले पायदान पर रखने का काम किया है।

मौके महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रूपा सिंह, जिला महामंत्री अमलेश सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य कल्याणी पांडे, राजीव रंजन पांडे अधिवक्ता, धीरेन्द्र शुक्ला, राजबली भुईयां मंडल अध्यक्ष एससी मोर्चा, भूतपूर्व मुखिया राजेंद्र प्रसाद, ग्राम प्रधान नंदू बैठा, ओबीसी मोर्चा कोषाध्यक्ष विष्णु दयाल प्रसाद, आनंदी सिंह, उषा देवी सुनीता देवी, अर्पणा सिंह, सुकन्या देवी, अजय कुमार प्रसाद वार्ड सदस्य, प्रभादेवी जी आलोक कुमार अकेला, आकाश कुमार सावन, जगनारायण कुमार अकेला, उपस्थित थे। मंच का संचालन जिला मीडिया सह प्रभारी मुकेश कुमार पांडे ने किया।

## जमीन कारोबारी डॉ. सदाकत अंसारी पर चलाई गोली, आरोपी गिरफ्तार, जांच में जुटी पुलिस



**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के रेलवे पंपूकल के पास सोमवार को सुबह करीब नौ बजे जमीन विवाद में डूरुआ निवासी जमीन कारोबारी डॉ. सदाकत अंसारी को एक गोली मार दी। जिसमें वह घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक ईलाज के बाद रिम्स रेफर कर दिया। सदाकत को दाहिना पैर के जांघ में गोली लगी है और सिर में टांगी से प्रहार भी किया गया है। जिससे सिर पर भी गंभीर जख्म हो गया है। घायल सदाकत ने सदर अस्पताल में बताया कि तीन लोग पहुंचे और निशाना बनाकर गोली चला दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरी घटना की जड़ जमीन विवाद बताया जा रहा है। घटना की सूचना पर एसडीपीओ अरविंद कुमार, सदर थाना प्रभारी दुलर चौड़े दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। गोली चलाने वाले आरोपी सागर शर्मा पिता रमेश शर्मा के घर पहुंच कर अग्रेतर कार्रवाई मे जुट गई है। थाना प्रभारी दुलर चौड़े ने बताया कि घटना के आरोपी सागर शर्मा को बालूमाथ के मकईया टांड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जंगली हाथियों ने आधा दर्जन से अधिक घरों को किया क्षतिग्रस्त, वन विभाग से मुआवजे की मांग

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड के चोरहा पंचायत अंतर्गत लाई गांव में सोमवार के रात्रि जंगली हाथियों ने अचानक आ धमके और लाई, चोरहा, डोमाखाड़ में उत्पात मचाते हुए आधा दर्जन अधिक घरो को क्षतिग्रस्त कर दिया है। वहीं डोमाखाड़ में कोयल नदी के समीप उत्क्रमित मध्य विद्यालय को भी हाथी ने क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीण संकर उरांव, राजेन्द्र परहिया, पप्पू उरांव, महेश्वर उरांव, डडू उरांव, हरीशचंद्र उरांव, सूलचंद उरांव, ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार के रात्रि में अचानक जंगली हाथी लाई, चोरहा, व डोमाखाड़ गांव में आ गये और घर के साथ-साथ घर में रखे अनाज को भी चट कर गये। वहीं ग्रामीणों ने लुकवारी और पटाखे की मदद से जंगली हाथी को भगाया। प्रखंड के लाई गांव समेत आसपास के गांवों में दहशत का माहौल बना है। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से उचित मुआवजे की मांग की है।

## स्वास्थ्य मेला को लेकर रेफरल अस्पताल गारु में हुई बैठक

**गारु।** प्रखंड मुख्यालय के रेफरल अस्पताल में बाइस जनवरी को झारखंड सरकार की ओर से प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला लगाने हेतु और स्वास्थ्य मेला को सफल बनाने को लेकर रेफरल अस्पताल गारु में चिकित्सा प्रभारी अमित आजाद के अध्यक्षता में बैठक किया गया। जिसमें गारु अंचलाधिकारी दिनेश मिश्रा ,जिला परिषद सदस्या जीरा देवी और प्रखंड प्रमुख सीता देवी उपस्थित रहे ।जिसमें की चिकित्सा पदाधिकारी अमित आजाद ने बताया कि स्वास्थ्य मेला में सामान्य चिकित्सा,महिला एवं पुरुष, बाल स्वास्थ्य ,आंखों की जांच , दंत चिकित्सा ,पोषण परामर्श ,कुष्ठ नियंत्रण, टीबी नियंत्रण,मलेरिया जांच , टीकाकरण,मातृत्व स्वास्थ्य आयुष्मान भारत हेल्थ कॉर्ड समेत कई बीमारियों का इलाज और परामर्श नि शुल्क प्रदान किया जाएगा ।जिसको लेकर प्रखंड के पदाधिकारी ,जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक किया गया ।जिसमें निर्णय किया लिया गया कि हर गांव और कस्बों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग उपस्थित हो कर इस स्वास्थ्य मेला में पहुंच अपना हर बीमारियों संबंधित परामर्श और चिकित्सा का लाभ उठाए ।वहीं मौके पर गारु अंचलाधिकारी दिनेश मिश्रा ने बताया कि यह स्वास्थ्य मेला का उद्वेश्य है कि राज्य के हर नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया जा सके । और साथ ही प्रखंड निवासियों से आग्रह किए कि उक्त स्वास्थ्य मेला में आकर नि शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा और परामर्श का लाभ उठाएं। और गारु प्रखंड के साथ साथ सरयू प्रखंड में भी चौबीस जनवरी को आयुष्मान आरोग्य मंदिर सरयू में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है। मौके पर बीपीएम संजीव कुमार दुबे ,लिपिक अभिषेक कुमार समेत कई जनप्रतिनिधि और स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## दो हाईवा में हुई टक्कर में चालक की मौत, एक घायल

**बारियातू।** चतरा -रांची मुख्य पथ पर एनएच 22 पर बरनी पेट्रोल पंप के समीप सोमवार सुबह लगभग 7 बजे दो हाईवा के बीच आमने-सामने भीषण टक्कर हो गयी। इस भीषण टक्कर में एक हाईवा चालक की हाईवा में दबकर कर मौत हो गयी। जिसके शव को जेसीबी एवं क्रेन की सहायता से बाहर निकाला जा सका। मृतक की पहचान मो.सुहेल आलम पिता मो.इकबाल ग्राम पांडु थाना केरेडारी हजारीबाग पहचान हुई। वहीं दूसरा चालक मिथलेश साव 22 वर्ष पिता तिरु साव मिश्रोल टंडवा निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका प्राथमिक उपचार बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया और उसे बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार हाईवा संख्या जेएच02 बीपी 5359 पांडु कोलियरी से कोयला लोड कर चंदवा रेलवे साइडिंग जा रहा था। वही विपरीत दिशा से हाईवा संख्या जेएच 09 बीजी 2028 चंदवा साइडिंग से कोयला खाली कर पांडु कोलियरी जा रहा था। इसी दौरान बालूमाथ रांची मुख्य पथ पर बरियातू थाना क्षेत्र के बरनी पेट्रोल पंप के समीप दोनों हाईवा में टक्कर हो गई। घटना के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। अचनाक हुए इस तरह की घटना से परिजनों को रो-रोकर बूरा हाल है।

## डुमारो पंचायत प्रतिनिधियों ने किया कम्बल वितरण

**चंदवा।** प्रखण्ड के सुदूरवर्ती डुमारो पंचायत अंतर्गत काली ग्राम में सोमवार को कम्बल वितरण किया गया। शिविर में चंदवा पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिमा देवी के प्रतिनिधि सह समाजसेवी रोहित यादव, मुखिया सुनीता खलखो व पंसस संगीता देवी व अन्य से संयुक्त रूप से चिन्हित गरीब, असहाय, दिव्यांग व वृद्धजनों के बीच कम्बल का वितरण किया। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने मौजूद ग्रामीणों को संचालित विकास योजनाओं की जानकारी दी व लाभ उठाने की अपील की। कहा पंचायत में जो भी गरीब वंचित हैं, उन्हें कम्बल मुहैया कराने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर कर्मचारी तनवीर आलम, पंसस पति करण कुमार लोहरा, सुशील उरांव, भुनेश्वर तुरी, मिलन उरांव, रवि तुरी, मुन्ना उरांव समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## दुकान व घर से 42 हजार नकद व 15 हजार के सामान की चोरी

**चंदवा।** थाना क्षेत्र में इन दोनों आपराधिक घटनाओं का ग्राफ काफी बढ़ गया है। रविवार की देररात्रि थाना क्षेत्र के सासंग पंचायत अंतर्गत सिकनी ग्राम निवासी नगू उरांव पिता स्व. जितवाहन उरांव के दुकान व घर मे अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। जिसमें चोरो द्वारा दुकान में रखे गए 15 हजार रुपये के सामान, 2 हजार नकद समेत घर मे रखे महिला स्वयं सहायता समूह के 40000 हजार रुपये रखे बक्सा और रजिस्टर सहित चोरी कर रफूचक्कर हो गए। भुक्तभोगी को घटना की भनक सोमवार की सुबह तब हुई जब नगू उरांव अपनी दुकान खोलने पहुंचा तो दुकान का ताला टूटा पाया व नकद समेत काफी समान गायब मिले, जिसके बाद घर के अंदर जाकर देखा तो महिला समूह का पैसा रखा बक्सा भी गया था। मामले में भुक्तभोगी ने चंदवा थाना के नाम लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है।

## कांग्रेस ने सरयू में निकाला अम्बेडकर सम्मान मार्च



**सरयू।** लातेहार जिला के सरयू प्रखंड में सोमवार को जय बापू, जय भीम,जय संविधान कार्यक्रम के तहत सरयू दुर्गा बाड़ी से लेकर सरयू नीलांबर पीताम्बर चौंक तक रोड मार्च किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अख्तर हुसैन ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम एवं कार्यक्रम प्रभारी रविन्द्र राम एवं विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव साथ ही सरयू के विधायक प्रतिनिधि सुनील प्रसाद शामिल हुए वही सविधान की रक्षा एवं बापू के ऊपर कांग्रेस नेता रविन्द्र जी एवं आफताब आलम ने संयुक्त रूप से प्रकाश डाला। रविन्द्र जी ने कहा कि बीजेपी के नेता अमित शाह बाबा साहब का अपमान करते रहते हैं इन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। मौके पर सकलदीप कुमार, बीस सूत्री सदस्य उमेश प्रसाद, असगर हुसैन, गंगेश्वर उरांव, रामसुन्दर उरांव, वाजिद आलम, चरकु सिंह, शौकत अली, साबिर अंसारी, शमीम खलीफा, अवधेश मेहरा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# श्री शनि देव मंदिर में पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने किया भंडारा का आयोजन

- कहा- धार्मिक व आध्यात्मिक आयोजनों से क्षेत्र में सुख व समृद्धि आती है

खबर मन्त्र संवाददाता



**लातेहार।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि धार्मिक व अध्यात्मिक आयोजनो से क्षेत्र में सुख व समृद्धि आती है। आज के इस भौतिकवाद युग में अध्यात्मक व धार्मिक आयोजनों से समाज में समसरता आती है। पूर्व मंत्री राम सोमवार को शहर के बाजारटांड़ के प्राचीन शिव मंदिर परिसर में स्थापित श्री शनि देव मंदिर के पांचवें वार्षिकोत्सव पर आयोजित भंडारा के शुभारंभ के मौके पर बोल रहे थे। उन्होने कहा कि श्री शनि देव मंदिर की प्रतिष्ठा दूर दूर तक है। यही कारण है कि भंडारे मे काफी संख्या में लोग पहुंचे हैं और प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। पूर्व मंत्री श्री राम ने दीप प्रज्जवलित कर और फीता काट कर भंडारा का आयोजन किया। इससे पहले पंडित अनिल मिश्रा के द्वारा हवन व पूणार्हुति करायी गयी। इस अवसर पर बतौर मुख्य यजमान पंकज पांडेय सप्तनीक मौजूद थे। श्री राम ने मौके पर प्रसाद ग्रहण कर भंडारा का शुभारंभ किया।

**हजारों श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण :** भंडारा में लातेहार समेंत आसपास के क्षेत्रों के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर श्री शनिदेव मंदिर के अध्यक्ष निर्मल कुमार महलका, राजधनी प्रसाद यादव, प्रमोद प्रसाद सिंह, विनोद कुमार महलका, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, सुशील कुमार अग्रवाल,संतोष कुमार अग्रवाल, गजेंद्र प्रसाद शौंडिक, महेंद्र प्रसाद शौंडिक, सुनील कुमार शौंडिक, अनूप महलका, मुरारी प्रसाद, मोती प्रसाद सोनी, विनोद अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, राजू अग्रवाल, विजय प्रसाद गुप्ता, अनूप कुमार, मानस कुमार, सुभाष प्रसाद गुप्ता, चंद्रशेखर सिन्हा, रंजीत कुमार, दीपक कुमार आदि मौजूद थे।

## बरवाडीह में एल्यूमिनियम एंड स्टील वर्कशॉप काउदघाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** सोमवार को प्रखण्ड मुख्यालय के बाजार मेन बाजार में फिजा अल्युमिनियम एंड स्टील वर्क शॉप का उदघाटन जिप सदस्य संतोषी शेखर, यूथ कांग्रेस के प्रदेश समन्वयक विजय बहादुर सिंह और बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी के द्वारा सयुंक्त रूप से फीता काट कर किया गया। जिप सदस्य ने कहा कि बरवाडीह बाजार तेजी से विकास कर रहा हैं। बाजारों में स्थानीय युवाओं का व्यवसाय के क्षेत्र में आना काफी अच्छे संकेत हैं। जहा युवाओं का सरकारी नौकरी के साथ स्वरोजगार करना एक बेहतर विकल्प के रूप में उभर रहा हैं। वहीं विजय बहादुर सिंह ने कहा कि प्रखण्ड में ऐसे व्यवसायिक प्रतिष्ठान के खुलने से स्थानीय लोगों को फायदा मिलेगा और उन्हें दूसरे शहर में अपनी आवश्यकताओं के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इस दौरान मौके पर संचालक गुलाम सरवर, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष दीपक राज, पूर्व उप प्रमुख पंकज गुप्ता, कांग्रेस अल्पसंख्यक अध्यक्ष फिरोज अहमद मुन्ना, नूरजहाँ, गुलाम असगर, हिमांशु गुप्ता, मनोज सिंह, गुलाम गोस, हरीश सिंह, पवन सोनी, हसीब अंसारी और रंजन सिंह समेत काफी सख्या में लोग मौजूद थे।

## प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता


**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को एकदिवसीय प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। आयोजित स्वास्थ्य मेला का विधिवत उद्घाटन अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर शोभना टोपनो, चिकित्सा प्रभारी बालूमाथ प्रकाश बड़ाईक, बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी, डॉक्टर अलीशा टोप्पो, सीसीएल से नोडल पदाधिकारी दिग्विजय कुमार, सीसीएल डॉक्टर सूरज कुमार,बीपीएम मृत्युंजय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर जानकारी देते हुए डॉक्टर शोभना टोपनो ने बताया की प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला स्तिथ शिविर में विभिन्न रोग जैसे मलेरिया, टीबी, मोतियाबिंद, दंत चिकित्सा, होम्योपैथी, मातृ स्वास्थ्य जांच, गैर संचारी रोग, कैंसर नियंत्रण, परिवार नियोजन परामर्श एवं सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजना मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, आयुष्मान कार्ड का स्टॉल लगाया गया था। जिसमें लोगों का मुफ्त जांच एवं मुफ्त दवा का वितरण किया गया। नोडल पदाधिकारी दिग्विजय कुमार ने बताया कि सीसीएल द्वारा सामाजिक दायित्व को निभाते हुए पूरे लातेहार जिले में जितने भी टीवी के मरीज चिन्हित हैं उन सभी के बीच जागरूकता एवं मुफ्त खाद्य सामग्रियों का वितरण किया जा रहा है। मौके पर डॉ सुरेंद्र कुमार, सीसीएल डॉ. सूरज कुमार, मृत्युंजय कुमार, एमपीडब्ल्यू अनिल कुमार, मिथिलेश कुमार, दिपांशु कुमार, मुकेश कुमार, एएनएम विमला देवी, सीएचओ समेत कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# महुआडांड़ प्रखंड में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** प्रखंड मुख्यालय में दिन सोमवार को कांग्रेस कार्यकताओं के द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर के सम्मान मार्च निकला गया जो कांग्रेस कार्यालय से शुरू पूरे बाजार क्षेत्र में भ्रमण किया गया इसी बीच कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुर्जर उरांव, विश्वनाथ पासवान एवं कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह उप प्रमुख अभय मिंज के द्वारा लाल बहादुर शास्त्री में माल्यार्पण किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अभय मिंज एवं युवा प्रखण्ड अध्यक्ष अमीर सुहेल के द्वारा किया गया। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कांग्रेस झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि मो इफ्तेखार अहमद ने बताया कि बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर की अपमान और संविधान तथा बापू की लगातार अपमान करने का कार्य भाजपा के द्वारा किया जा रहा है इसके विरोध में यह सम्मान मार्च निकला गया।

मंच का संचालन युवा कांग्रेस नेता अजीत पाल कुजूर के द्वारा किया गया मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुर्जर उरांव,कांग्रेस प्रभारी विश्वनाथ पासवान, प्रदेश प्रतिनिधि मो. इफ्तेखार अहमद, प्रखंड अध्यक्ष अभय मिंज, प्रखंड युवा अध्यक्ष अमीर सुहेल, कांग्रेस वरिष्ठ नेता रामनरेश ठाकुर, रानू खान, नूरूल अंसारी, सकील अहमद, नसीम अंसारी, सत्येंद्र प्रसाद, शहीद अख्तर, शहाबुद्दीन, सफरुल अंसारी, शहीद उर्फ भोलू, तनवीर आलम, राजेश ठाकुर, प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, पंसस निर्मला टोप्पो, मुखिया प्रमिला मिंज, रोशनी कुजूर, सुषमा कुजूर, रीता खलखो, उप मुखिया राजेश कुजूर, पूर्व मुखिया फ्रीदा कुजूर, सुबोध खलखो सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।



फोटो:10 मार्च में उपस्थित लोग

### बालूमाथ में निकाली संविधान सम्मान यात्रा



बालूमाथ। बालूमाथ के बालू ग्राम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला। जिसने पूरे बालू ग्राम का भ्रमण किया इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने जय बापू,जय भीम,जय संविधान के नारे लगाए। आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो.आमिर हयात ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा संविधान पर लगातार हमला किया जा रहा है। हम लोगों को समानता का अधिकार संविधान ने दिया है। मौके पर मंगल देव उराँव, जमशेद खान, प्रदीप उरांव, रविंद्र उरांव, अफजाल अंसारी, रहमूल अंसारी, कर्मदेव उराँव, मोहम्मद साबिर समेत कई लोग मौजूद थे।

# मनिका प्रखंड के कोपे पंचायत सेवक पर 5% घूस मांगने का आरोप

- ग्रामीणों ने बीडीओ को आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की
- आम बागवानी व ईसीबी योजना की सूची में हस्ताक्षर करने पर पैसे की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता





**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत कोपे पंचायत सचिवालय के पंचायत सचिव नागेश्वर रजक पर मनरेगा योजनाओं के सूची में हस्ताक्षर करने के लिए 5% घुस मांगने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया है। वहीं दिन सोमवार को कोपे पंचायत के लगभग आधा दर्जन ग्रामीणों ने लिखित आवेदन देकर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनिका संदीप कुमार से पंचायत सेवक नागेश्वर रजक पर कार्रवाई करने की मांग किया है। वहीं आवेदन के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया है कि रवीना वीवी,पति अख्तर अंसारी,कोपे पंचायत के ग्राम जेरुआ निवासी के नाम से आम बागवानी है जिसका वर्क कोड-00328 है जिसका 24 दिसंबर से 30 दिसंबर तक का एमआर में पेमेंट हुआ था और आज 20 जनवरी को जब ईसीबी योजना के सूची में हस्ताक्षर करवाने के लिए पंचायत सचिव के पास गए तो पंचायत सचिव नागेश्वर रजक के द्वारा आम बागवानी का पिछला बकाया 12 हजार 500 रुपए देने का मांग किया गया। वहीं घुस नहीं देने का जब विरोध किया तो पंचायत सचिव के द्वारा गाली-गलौज करने का भी महिला लाभुक ने आरोप लगाया गया है। मौके पर ग्रामीण रवीना वीवी एवं सरजू सिंह ने बताया कि पंचायत सचिव नागेश्वर रजक के द्वारा 81 मजदूर के एमआर में साइन करने पर 12 हजार 500 रुपए की मांग किया जा रहा है और अभी ईसीबी योजना के एंट्री में 5% घुस मांगा जा रहा है तभी योजना में हस्ताक्षर करने की बात कही जा रही है और पैसे नहीं देने पर पंचायत सचिव के द्वारा एमआर में हस्ताक्षर नहीं किया जा रहा है।

मौके पर ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पंचायत सेवक नागेश्वर रजक बिचौलिए के माध्यम से पैसे लेते हैं,जो लाभुक पैसा नहीं देता है तो उसका काम बीच में ही लटका रहता है,पंचायत सेवक बोलते हैं कि हमें 20 हजार रुपए की चंदा देना है इसलिए आप लोगों को भी योजना में हस्ताक्षर करवाने के लिए पैसे देने पड़ेंगे। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों के द्वारा लिखित आवेदन देकर बीडीओ से मामले की जांच करते हुए उक्त पंचायत सेवक पर कार्रवाई करने की मांग किया गया है।

### पंचायत सेवक से नहीं हो सकी बात

वहीं मामले के संबंध में जब पंचायत सेवक नागेश्वर रजक से दूरभाष के माध्यम से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कई बार कॉल रिसीव करके कट कर दिया।

## चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए ठोस कदम उठाए प्रशासन : दीपक राज

- बरवाडीह में चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने को लेकर व्यावसायिक संघ ने की थाना प्रभारी के साथ बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरवाडीह।** व्यावसायिक संघ ने हाल ही में क्षेत्र में हुई चोरी की घटना को लेकर कार्रवाई तेज करने की मांग की है। इस सिलसिले में सोमवार को व्यवसायियों ने समिति के अध्यक्ष दीपक राज के नेतृत्व में बरवाडीह थाना परिसर में इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह और थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार से मुलाकात की। बैठक में चोरी की घटनाओं पर गंभीरता से चर्चा की गई और जल्द से जल्द इनका उद्भेदन करने की मांग उठाई गई। संघ ने बाजार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई सुझाव दिए। इसमें बाजार के एक दर्जन से अधिक स्थानों पर क्यूआर कोड लगाने का प्रस्ताव शामिल है, ताकि सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और अपराधियों की पहचान में आसानी हो इसके लिए चौक चौराहों पर वरीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से सीसीटीवी कैमरा और सोलर स्ट्रीट लाइट स्थापित लगवाने के साथ-साथ शुक्रवार को हाट बाजार में होने वाली छोटी-मोटी चोरी की घटनाओं पर प्रभावी तरीके से रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की गई। व्यवसायिक संघ ने हड़िया और दारू की दुकानों को शाम 4 बजे तक बंद कराने की भी मांग की। इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी ने संघ की मांगों को गंभीरता से सुना और चोरी की घटनाओं के जल्द उद्भेदन का आश्वासन दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस चोरों की धर पकड़ के लिए लगातार छापामारी अभियान चला रही है।मौके पर पूर्व अध्यक्ष विनोद प्रसाद, कृष्णा कसेरा, विवेक सिंह, बिरेंद्र ठाकुर, फिरोज सिद्दीकी, हसीब अंसारी, स्वरित छाबड़ा, पवन सोनी, मनीष सोनी, पंकज सोनी, मदन प्रसाद, अमित सोनी, सूरज कुमार, गोपाल सोनी और मनोज सोनी समेत कई दुकानदार मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### पीएलवी ने कराया गंभीर बीमारी से पीड़ित युवक का इलाज

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में 90 दिवसीय आउटरीच जागरूकता कार्यक्रम के तहत रंका प्रखंड के बिश्रामपुर पंचायत निवासी पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने गंभीर बीमारी से पीड़ित युवक का इलाज कराया। राजेश के आग्रह पर रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ गोरखनाथ पाण्डेय ने गैंग्रीन नामक बीमारी से पीड़ित गोदारमाना थाना के ग्राम गोदरमाना के श्यामकिशोर प्रसाद के पुत्र अनिकेत कुमार की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाए एवं परिवारवालों को सलाह दिया। साथ ही रिम्स रांची के लिए रेफर की प्रक्रिया शुरू किया गया। मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. मो ईस्रियाक, डॉ. प्रीति सिंह तिवारी, तरुण विश्वास, सत्यप्रकाश कुमार, चिन्ता कुमारी आदि उपस्थित थे।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया जागरूकता शिविर

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में 90 दिवसीय आउटरीच प्रोग्राम के तहत प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय कुरूवादी में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 36 छात्रों एवं 38 छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर पीएलवी मुरली श्याम तिवारी ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, बाल विवाह प्रतिषेद्य अधिनियम 2006, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना आदि की जानकारी दी। पीएलवी रामाशंकर चौबे ने मातृत्व वंदना योजना बाल श्रम प्रतिषेद्य अधिनियम की जानकारी देकर बच्चे, शिक्षक एवं अभिभावकों को जागरूक किया। मौके पर गढ़वा प्रखंड प्रमुख मो. फैजल अंसारी, विद्यालय के शिक्षक विनोद कुमार, अर्जुन राम, अरुण कुमार, मो. हाशिम अंसारी, मो. पाचू चौधरी, अब्दुल मजीद अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

**मझिआंव।** प्रखंड के सभागार में 18 जनवरी से चल रहे तीन दिवसीय पंचायत स्तरीय सहजकर्ता दल के प्रशिक्षण का सोमवार को समापन हो गया। इस अवसर पर उपस्थित बीडीओ श्रीमती कनक एवं प्रशिक्षण दल द्वारा उपस्थित दल के सभी चयनित सदस्यों को प्रशिक्षण के दौरान कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बीडीओ ने सहजकर्ता दल को बताया कि उन्हें किस प्रकार अपने पंचायत के गांवों में ग्राम सभा कर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए योजनाओं का चयन करेंगे। इस संबा में विस्तृत जानकारी दी गई है। साथ ही बताया गया कि प्रत्येक पंचायत के लिए अलग-अलग थीम का चयन किया गया है। थीम के अनुसार ही प्राथमिकता तय कर योजनाएं चयनित की जानी है। योजनाओं के चयन के लिए सरकार द्वारा सहजकर्ता दल का गठन किया गया है। मौके पर मास्टर ट्रेनर महताब आलम, अरुण कुमार पांडेय, प्रखंड समन्वयक पंचायती राज कार्तिक कुमार सहित प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

### मुसहर परिवारों के बीच कंबल वितरण

**गढ़वा।** बीडीओ कुमार नरेंद्र नारायण ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान बीरबांध पंचायत के नवादोहरी टोला में मुसहर परिवारों के बीच ठंड से राहत के लिए कम्बल का वितरण किया। साथ ही वहां के संबंधित डीलर को मुसहर परिवारों के बीच खाद्यान देने का भी निर्देश दिया। इस दौरान अंचला पंचायत के भुईयां टोली में भी कम्बल का वितरण किया गया। इसके पूर्व प्रखंड सभागार में भी एक समीक्षा बैठक किया गया। जिसमें बीडीओ ने सभी प्रखंड कर्मियों के साथ प्रधानमंत्री आवास और अबुआ आवास से संबंधित बैठक की। साथ ही गणतंत्र दिवस की आवश्यक तैयारियों से संबंधितों को दिशा निर्देश दिया। मौके पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सह नियोजन पदाधिकारी नीरज कुमार, अंचला पंचायत का मुखिया मुखराम भारती, बीरबांध पंचायत का मुखिया प्रतिनिधि अजय ठाकुर, कनीय अभियंता अरुणदेव सिंह आदि लोग मौजूद थे।

# पंचायत सरकार भवन बनाने की मांग

## ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पर किया धरना प्रदर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

**नवादा।** पूरे बिहार में जहां मुख्यालय है वहीं पंचायत सरकार भवन बनाने की राज्य सरकार का दिशा निर्देश जारी है, लेकिन प्रखंड स्तर पंचायत हुक्म रानो इस बात को मानने को तैयार नहीं है। इसी कड़ी में सोमवार को लेदहा पंचायत के सैकड़ो ग्रामीणों ने नवादा जिला मुख्यालय में आकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया। लेदहा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य श्रवण यादव, अजय यादव, पुनिया देवी, विनोद राउत, संजय राउत, सुधीर कुमार, ईश्वरी पासवान सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने नवादा डीएम को हस्तलिखित आवेदन देकर लेदहा पंचायत के लेदहा गांव में भूमि गांव वाले दे रहे हैं लेकिन मुखिया व अकबरपुर अंचल कर्मी पंचायत सरकार भवन को चपरेहत गांव में बनवाने की मंशा पाले हुए हैं जो सही नहीं है साजिश को उजागर करने हेतु धरना प्रदर्शन कर डीएम रवि प्रकाश से अविलंब त्वरित कार्रवाई करते हुए पंचायत सरकार भवन लेदहा में ही बनवाने की मांग की है।

## हत्यारा को अपने पड़ोसी महिला से देख लिया था अवैध संबंध बनाते

# लवकुश हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, दो गिरफ्तार

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र के घीवाढार पंचायत के गोविंदापुर पासवान टोली के युवक लवकुश पासवान के हत्या मामले का पुलिस ने उद्भेदन करते हुए हत्या में शामिल दो युवको पकड़ा है। पकड़े गये युवक गोविंदापुर के लक्ष्मण पासवान का पुत्र सोनू व बाबूलाल प्रसाद का पुत्र सोनेलाल पासवान है।

अरेराज डीएसपी रंजन कुमार ने बताया कि 14 जनवरी को गोविंदापुर निमिया माई स्थान के समीप नहरी से लवकुश का शव गड्ढे से खोदकर निकाला गया था। एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर गठित एसआईटी ने मामले का उद्भेदन कर लिया है। पासवान टोली के एक महिला के साथ पन्नालाल प्रसाद को अवैध संबंध



बनाते लवकुश ने देख लिया था। गांव में हल्ला न हो, इसके लिए पन्नालाल ने अपने भाई सोनेलाल व लवकुश के जिगरी दोस्त सोनू के साथ मिलकर उसकी हत्या कर शव को गड्ढे में गाड़ दिया। लवकुश के हत्या के बाद 31 दिसंबर को पन्नालाल शराब मामले में पकड़ा गया। जिसे पुलिस न्यायिक हिरासत में भेज दी है। उन्होंने बताया कि पुलिस जेल में बंद पन्नालाल को रिमांड पर लेगी। छापेमारी टीम में अरेराज सर्किल इंस्पेक्टर पूर्णकाम सामर्थ, थानाध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार सिन्हा, दारोगा रविरंजन कुमार सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे। उल्लेखनीय है, कि 20 दिसंबर से ही लवकुश घर से लापता था। शव मिलने पर उसकी विधवा मां मुन्नी देवी ने थाना में आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराई थी। पकड़े गए दोनो आरोपी को पुलिस न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## 1988-89 से लंबित इस समस्या के समाधान से लाखों नागरिकों को राहत मिलने की उम्मीद

# 36 साल बाद पूर्णिया शहर में, लगान निर्धारण का मार्ग प्रशस्त

एजेंसी

**पूर्णिया।** पूर्णिया के जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में शहरी क्षेत्र के लगान निर्धारण की प्रगति का जायजा आज लिया। 1988-89 से लंबित इस समस्या के समाधान से लाखों नागरिकों को राहत मिलने की उम्मीद है।



अपर समाहर्ता ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के 21 पुराने वार्डों में एमएस सर्वे खतियान के आधार पर लगान निर्धारण का कार्य पूरा कर लिया गया है। विशेष रूप से वार्ड संख्या 9 और 10 में ऐसे रैयतों की जमाबंदी में भी लगान की प्रविष्टि कर दी गई है, जिनकी जमाबंदी तो पहले से कायम थी, लेकिन लगान निर्धारित नहीं था। इस पहल से लगभग 11,000 रैयती खातों में लगान की प्रविष्टि की गई है। अब रैयत बिहार सरकार के परिमार्जन प्लस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और अपनी जमाबंदी में लगान की प्रविष्टि करा सकते हैं। जिलाधिकारी ने इस कार्य को मिशन मोड में पूरा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि इस समस्या के समाधान से न केवल आम लोगों को भू-स्वामित्व प्रमाण-पत्र (एलपीसी) प्राप्त करने और बैंक से ऋण लेने में सुविधा होगी, बल्कि सरकार को भी राजस्व प्राप्ति में मदद मिलेगी।

बैठक में डीआरडीए निदेशक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, भूमि सुधार उप समाहर्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि लगान निर्धारण की प्रविष्टि त्रुटिरहित तरीके से की जाए और इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

# डीएवी मॉडल में साइंस एग्जीबिशन कार्यक्रम



सम्मानित करते निदेशक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के डीएवी मॉडल स्कूल में सोमवार को साइंस एग्जीबिशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक सुशील कुमार केशरी ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने अपने-अपने मॉडल के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया गया। अन्य बच्चों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मौके पर निदेशक श्री केशरी ने कहा कि साइंस एग्जीबिशन कार्यक्रम का आयोजन करने से बच्चों में अध्ययन के साथ-साथ विशेष प्रतिभा का विकास होता है। बच्चों के द्वारा मॉडल बनाने पर उनकी प्रतिभा निखरती हैं। इससे बच्चों के सोचने समझने की क्षमता काफी बढ़ जाती है। प्राचार्य गुलाम सरवर ने बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल की सराहना की तथा उन्हें भविष्य में और अच्छा मॉडल बनाने के लिए प्रेरित किया। मौके पर अंजनी कुमार सिंह, ओम प्रकाश शर्मा, वीरेंद्र कुमार, चंदन कुमार, मदन मोहन द्विवेदी, तान्या कुमारी, शिवानी कुमारी, आरती कुमारी, श्वेता कुमारी, कोमल कुमारी, सिमरन कुमारी आदि लोग उपस्थित थे।

### प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का होगा आयोजन

**मझिआंव।** झारखंड राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला चिकित्सा पदाधिकारी अशोक कुमार के निर्देश पर मझिआंव रेफरल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गोविंद प्रसाद सेठ की देख रेख में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए रेफरल चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि 21 जनवरी को कांडी प्रखंड परिसर, 22 जनवरी को बरडीहा स्वास्थ्य केंद्र परिसर और 24 जनवरी को मझिआंव रेफरल अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मेला में मिलने वाली सभी निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि निर्धारित तिथि को दस बजे समयानुसार इस स्वास्थ्य मेला में क्षेत्र के लोग उपस्थित होकर निशुल्क स्वास्थ्य जांच कराएं। टीवी, समान चिकित्सा, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार नियोजन परामर्श, मलेरिया, टीवी नियंत्रण, गर्भवती महिलाओं की जांच, आयुष्मान कार्ड, आंखों की जांच सहित लगभग सभी प्रकार की जांच कर निःशुल्क दवा दिया जाएगा।

## स्वामी विवेकानंद से प्रेरित होकर

# युवा शक्ति को देश सेवा के प्रति उन्मुख होना चाहिए : निदेशक



उपस्थित बच्चे

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल में विवेकानंद जी का विचार सदैव विश्व युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है विषय पर एक परिचर्चा कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक एवं शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर निदेशक श्री केशरी ने कहा कि आज भी भारत के प्रत्येक युवा को स्वामी विवेकानंद की जीवनी से सबक लेना चाहिए तथा उनसे प्रेरित होकर वर्तमान युवा शक्ति को समाजसेवा और देश सेवा के प्रति हमेशा उन्मुख होना चाहिए। उनका संदेश युवा शक्ति में अपार सामर्थ्य और सही दिशा की ओर अग्रसर होने का संदेश देता है। आज के युवा शक्ति यदि दृढ़संकल्प हो जाए तो समाज और देश में फैले हुए कुरीतियों को साफ कर सकता है और देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। स्वामी विवेकानंद एक युवा संत थे जिन्होंने विश्व पटल पर भारत और सनातन र्मम का पताका फहराया था। मौके पर शिक्षक वीरेंद्र शाह, खुर्शीद आलम, विकास कुमार, निरा शर्मा, सरिता दुबे, नीलम कुमारी, सुनीता कुमारी, रागिनी कुमारी, ज्योति तिवारी, शिवानी कुमारी, पूजा प्रकाश, संतोष प्रसाद आदि लोग उपस्थित थे।

### बसंत बने कृषि सहकारिता, पशुपालन तथा मत्स्य विभाग के जिला विधायक प्रतिनिधि

**मझिआंव।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र 77 के नवनिर्वाचित विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने बरडीहा थाना क्षेत्र के बरछाबांध गांव निवासी स्वर्गीय चेतन चौधरी के पुत्र बसंत कुमार चौधरी उर्फ मंडल कुमार चौधरी को जिला के कृषि, सहकारिता, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग का विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया है। इस संबंध में मनोनीत जिला विधायक प्रतिनिधि बसंत कुमार चौधरी उर्फ मंगल कुमार चौधरी ने कहा कि विधायक के द्वारा मुझे जिस उम्मीद के साथ कृषि, सहकारिता, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग का जिला विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है मैं उनका शुक्रगुजार हूं। उन्होंने कहा कि विभाग से संबंधित सभी किसानों की समस्याओं का तत्काल निदान करवाते हुए सरकार के द्वारा दी जाने वाली है।

# जायन्ट्स परिवार का पद स्थापना समारोह संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में जायन्ट्स परिवार गढ़वा का पद स्थापना समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गढ़वा एसडीओ संजय पांडेय, जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन सेंट्रल कमेटी सदस्य अजयकांत पाठक, स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, अलखनाथ पांडेय, मदन प्रसाद केशरी एवं फेडरेशन के वर्तमान पदाधिकारी नन्दकुमार गुप्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर एसडीओ सहित सात लोगों ने जायन्ट्स की सदस्यता ग्रहण की। यूनिट 2 के निदेशक एसके जोरियार ने सभी सदस्यों को शपथ दिलाई। इसके पूर्व सभी ग्रुप के द्वारा पूरे वर्ष के सेवा कार्यो का विवरण प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने सभी ग्रुपों के कार्यकलाप को सुनने के बाद बहुत प्रभावित हुए और सब



मंचसीन अतिथि

की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि छोटा-छोटा काम ही सही एक-एक काम जोड़कर एक बहुत बड़ा काम हो जाता है। उन्होंने जायन्ट्स से गढ़वा पुस्तकालय को गोद लेने का प्रस्ताव दिया जिसे जायन्ट्स पदाधिकारियों ने सहर्ष स्वीकार किया। सभी ग्रुप के अध्यक्ष द्वारा अपने ग्रुप के सदस्यों को सेवाकार्यों में सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। मौके पर जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के अध्यक्ष राकेश केशरी, उपाध्यक्ष अवधेश कुशवाहा, चंद्रभूषण सिन्हा, प्रशासनिक निदेशक मोजीबुद्दीन खान, वित्त निदेशक अशोक केशरी, सहेली अध्यक्ष सुनीता केशरी, उपाध्यक्ष संगीता गुप्ता, वंदना सोनी, प्रशासनिक निदेशक रीमा स्वरूप, मनोज केशरी, ध्रुव केशरी, अशोक गुप्ता, शौकत खान, रवींद्र जायसवाल, सुनील अग्रवाल, अरुण सोनी, रविन्द्र केशरी, चंदन चंद्रवंशी आदि लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जायन्ट्स ग्रुप गढ़वा के अध्यक्ष कमलेश गुप्ता ने एवं धन्यवाद ज्ञापन दीपक तिवारी ने किया।

### प्रभारी प्रधानाध्यापक के तौर पर दिलीप ने दिया योगदान

**भवनाथपुर।** जमा दो हाई स्कूल का 12वें प्रभारी प्रधानाध्यापक के तौर पर विद्यालय के वरीय शिक्षक दिलीप कुमार उपाध्याय ने सोमवार को योगदान दिया। डीईओ के आदेशानुसार पदमुक्त हुए पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक अंकित त्रिवेदी ने प्रभार सौंपा। प्रभार लेने के बाद बतौर प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार उपाध्याय ने पत्रकारों से कहा कि विभाग के आदेश और का अक्षरशः अनुपालन कर उद्देश्य को पूरा करने का प्रयास के साथ-साथ सभी लोगों के सहयोग से न्याय, समानता और स्वतंत्रता के लक्ष्य को पुरा करने का प्रयास करूंगा। जांचोपरांत कार्यालय के आदेशानुसार ज्ञापक 33 दिनांक 8 जनवरी 2025 को डीईओ ने अंकित त्रिवेदी को पदमुक्त करते हुए दिलीप कुमार उपायाय को प्रभारी प्रधानाध्यापक के प्रभार सौंपने का आदेश पत्र जारी किया था।

## खबर एक नजर में

### सोहराय पर्व पर आयोजित मेला का मंत्री लेसी सिंह ने किया उद्घाटन

**पूर्णियां।** पूर्णियां जिले के धमदाहा प्रखंड स्थित हरिणकोल मैदान में बिहार सरकार द्वारा आयोजित तीन दिवसीय आदिवासी समाज के पवित्र पर्व सोहराय के उपलक्ष्य में मेले का उद्घाटन बिहार सरकार की खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह ने किया। इस अवसर पर मंत्री ने आदिवासी परंपरा के अनुसार पूजा-अर्चना की, जिसमें प्रकृति पूजा और गौ-पूजा शामिल थी। उन्होंने धमदाहा और के. नगर के आदिवासी समाज के नायक, मांझी बाबा तथा उनके कमिटी के सदस्यों को पाग और साल पहनाकर सम्मानित भी किया। मंत्री ने सोहराय पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व प्रकृति प्रेम, पशु-पक्षियों की श्रद्धा और देवी-देवताओं के प्रति विश्वास का प्रतीक है।

### 61 किलो गांजा के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया

**भागलपुर।** वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आर्म्स, मादक पदार्थ और शराब तस्करी के खिलाफ सुल्तानगंज थाना पुलिस गश्ती और छापेमारी क्षेत्र में लगातार कर रही है। इस दौरान सुलतानगंज थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 61 किलो गांजा के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार है। बरामद गांजे की कीमत लाखों रुपया बताई जा रही है। सोमवार की शाम सुलतानगंज थाना परिसर में विधि व्यवस्था डीएसपी चंद्रभूषण ने प्रेस वार्ता के दौरान उक्त जानकारी दी। डीएसपी ने बताया कि सुल्तानगंज थाना पुलिस गुप्त सूचना पर थाना अध्यक्ष विवेक कुमार जायसवाल के नेतृत्व में मुंशीपट्टी गांव पहुंची। इस दौरान पुलिस ने मुकेश मंडल के घर से 61 किलो गांजा बरामद किया। इस मामले में पुलिस ने मौके पर से विकास मंडल और सुनील मंडल को गिरफ्तार किया।

### वीर कुंवर सिंह फुटपाथ दुकानदार संघ ने मनाया स्ट्रीट वेंडर्स दिवस

**सहरसा।** वीर कुंवर सिंह फुटपाथ दुकानदार संघ द्वारा स्ट्रीट वेंडर्स दिवस के अवसर पर वीर कुंवर सिंह चौक पर सोमवार को वेंडर्स दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीर कुंवर सिंह फुटपाथ दुकानदार संघ के शंकर कुमार ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करे भाकपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य कामरेड ओमप्रकाश नारायण ने कहा कि आज का दिन फुटपाथ दुकानदारों के लिए महत्वपूर्ण दिन है। आज ही के दिन फुटपाथ जीविका संरक्षण कानून बना और लागू हुआ। फुटपाथ दुकानदारों के हित के लिए लगातार संघर्ष में भागीदारी देने व फुटपाथ के अधिकार को दिलाने के लिए कृत संकल्पित रहने की बात कही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परिषद उपाध्यक्ष राजद के प्रदेश महासचिव धीरेंद्र यादव ने कहा कि फुटपाथ दुकानदारों के अधिकार की लड़ाई में साथ रहेंगे। फुटपाथ दुकानदारों को यदि कोई बिना बसाए उजाड़ने की कार्यवाही करता हैं तो हम आपके संघर्ष में साथ है।

### तरौना भोजपुर के मुखिया ने डीएम को सौंपा आवेदन

**अररिया।** अररिया प्रखंड के तरौना भोजपुर के मुखिया हर्षवर्द्धन नारायण सिंह ने डीएम अनिल कुमार को सोमवार को एक आवेदन सौंपा। जिसमें उन्होंने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत वार्ड स्तर पर कार्यरत दो स्वच्छता कर्मी में से एक को हटाने के निर्णय पर सवाल खड़ा किया। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह मिशन निदेशक की ओर से जारी संशोधित दिशा निर्देश पर आपत्ति व्यक्त करते हुए कहा कि वार्डों की जनसंख्या तथा कचरे का निष्पादन एक कमी के भरोसे चुनौती पूर्ण है। डीएम को सौंपे गए आवेदन में कहा गया है कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत प्रत्येक वार्ड में दो स्वच्छता कर्मियों का चयन विभागीय निर्देश के आलोक में की गई थी। और चयनित स्वच्छता कर्मी अनवरत बिना पारिश्रमिक प्राप्त किए अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं।

## पेज एक का शेष

### डॉक्टर रेप-हत्या ...

**सीबीआइ की जांच जारी रहेगी :** हालांकि रॉय के खिलाफ सजा की प्रक्रिया पूरी हो गयी, लेकिन मामले में सबूतों से छेड़छाड़ और बदलाव के संबंध में सीबीआई की जांच अभी भी जारी रहेगी। सूत्रों के अनुसार सीबीआई ने विशेष अदालत को पहले ही सूचित कर दिया है कि सबूतों से छेड़छाड़ के मामले में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल करने की गुंजाइश अभी भी खुली है, तथा इस विशेष पहलू पर मामला लंबित है।

**डाक्टर समुदाय भी खुश नहीं :** मेडिकल सर्विस सेंटर के राज्य सचिव डॉ बिप्लब चंद्रा ने कहा, यह एक तरह का मजाक है, हम बिल्कुल भी खुश नहीं हैं, क्योंकि हम सभी जानते हैं कि संजय रॉय अकेला अपराधी नहीं है। इसलिए, हम जानना चाहते थे कि असली अपराधी कौन है। और इस हत्या का मकसद क्या है। हम बिल्कुल भी संतुष्ट नहीं हैं। हमें इस तरह के अन्याय के खिलाफ एक नयी लड़ाई शुरू करनी होगी।

### अमित शाह मामले में ...

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने रांची की एक मजिस्ट्रेट अदालत के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उन्हें मुकदमे के लिए व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने का निर्देश दिया गया था। शीर्ष अदालत के समक्ष याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी ने दलील दी कि इस मामले से शिकायतकर्ता का कोई लेना-देना नहीं है, क्योंकि पीड़ित व्यक्ति (श्री शाह) ने शिकायत दर्ज नहीं करायी है। उन्होंने शीर्ष अदालत के पिछले फैसले का हवाला दिया, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया था कि केवल पीड़ित व्यक्ति ही मानहानि की शिकायत दर्ज करा सकता है।

### पाकुड़ की आधी ...

**क्या है वंचित श्रेणी : वंचित समूह :** वंचित समूह में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, विमुक्त जाति, वनभूमि के पप्ताधारी परिवार और 40 प्रतिशत से अधिक निःशक्तता वाले बच्चे शामिल। कमजोर वर्ग - कमजोर वर्ग में गरीबी रेखा के नीचे के परिवार शामिल।

### लगातार सदन स्थगित...

एक देश एक विधान के लक्ष्य को करेंगे पूरा : ओम बिरला ने कहा कि खुशी है कि आज देश के अधिकतम विधानसभा में डिजिटल काम हो रहा है। अब एक प्लेटफार्म पर विधानसभा और लोकसभा की कार्रवाई होगी तो सार्थक चर्चा हो सकेगी। 2025 में एक देश एक विधान के लक्ष्य को पूरा करेंगे।

**'बिहार शिक्षा और ज्ञान की धरती :** लोकसभा अध्यक्ष ने बिहार के कई विभूतियों का नाम लिया। उन्होंने कहा कि बिहार की धरती शिक्षा और ज्ञान की धरती है। नालंदा विक्रमशिला यहीं था. इसलिए ज्ञान और अनुभव के माध्यम से हमारे लोकतांत्रिक संस्थाओं को नया संदेश इस धरती से जाने वाला है।'इस धरती से देश के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद हुए। जिनकी संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका थी। यह धरती कपूर्री ठाकुर की है, जिन्होंने गरीबों के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया। बिहार की धरती ज्ञान और आध्यात्मिक धरती है। भगवान बुद्ध के करुणा और शांति का संदेश दुनिया भर में पहुंच रहा है। बिहार की धरती हम सबके लिए प्रेरणा की धरती है।

**सीएम और नेता प्रतिपक्ष नहीं आये :** यह सम्मेलन दो दिनों तक चलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के अनुपस्थित रहने की भी चर्चा होती रही। 21 जनवरी को सम्मेलन का दूसरा दिन है।

स्पीड न्यूज

## कोलंबिया में गुरिल्ला समूहों के हमलों में 80 की मौत

**बोगोटा।** कोलंबिया में सप्ताहांत में गुरिल्ला समूहों के हमलों में कम से कम 80 लोग मारे गए और 20 अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया के अनुसार, नेशनल लिबरेशन आर्मी (ईएलएन) गुरिल्लाओं के हमलों और कैटाटुम्बो क्षेत्र में कोलंबिया के विघटित क्रांतिकारी सशस्त्र बलों (एफएआरसी) के असंतुष्टों के साथ संघर्ष में मारे गए थे। लोकपाल कार्यालय ने बताया कि पीड़ितों में लगभग 10 साल पहले शांति समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले सात लोग और समुदाय के नेता कामेली ग्युरेरो शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, हमलों के कारण हजारों लोगों को भागने के लिए मजबूर होना पड़ा और परिवार अपने घरों तक ही सीमित हो गए।

## रूस की वायु रक्षा प्रणालियों ने 31 यूक्रेनी ड्रोन किये नष्ट

**मास्को।** रूस की वायु रक्षा प्रणालियों ने रविवार रात रूसी क्षेत्रों में 31 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया और कई ड्रोनों के हमला करने के प्रयासों को विफल कर दिया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा, कल रात के दौरान, ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने 31 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों को रोका और नष्ट कर दिया ़ मंत्रालय के अनुसार, 14 ड्रोन को ब्रांस्क क्षेत्र में, छह को कलुगा क्षेत्र में, तीन-तीन को बेलगोरोड और कुर्स्क क्षेत्रों में, दो-दो को रियाजान और ओर्योल क्षेत्रों में और एक को तातारस्तान के ऊपर मार गिराया गया।

## गाजा संघर्ष विराम समझौते के तहत तीन महिला बंधक इजरायल सेना के सुपुर्द

**यरूशलम।** इजरायल ने रविवार पुष्टि की कि हमास ने तीन महिला इजरायली बंधकों को गाजा में रेड क्रॉस को स्थानांतरित कर दिया है। बाद में रेड क्रॉस ने इन तीनों को इजरायल रक्षा बल(आईडीएफ) को सुपुर्द कर दिया। इजरायल सरकार ने एक्स रिहा किये गये बंधकों को आईडीएफ को सुपुर्द किये जाने का वीडियों साझा करते हुये कहा, एमिली, रोमी और डोरोन को रेड क्रॉस से आईडीएफ के सदस्यों में स्थानांतरित कर दिया गया है।

## बांग्लादेश में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में दो भारतीय गिरफ्तार

**ढाका।** दो भारतीय नागरिकों और एक बांग्लादेशी दलाल को कुरीग्राम में फुलबारी सीमा के पास गिरफ्तार किया गया है। दोनों पर बांग्लादेश में अवैध रूप से प्रवेश करने का आरोप है। फूलबाड़ी थाना प्रभारी मामुनूर रशीद ने इसकी पुष्टि की। द डेली स्टार की खबर के अनुसार, थाना प्रभारी रशीद ने कहा कि बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के बालारहाट शिविर के बटालियन-15 के सदस्यों ने तीनों को हिरासत में लिया और कल रात फूलबाड़ी पुलिस स्टेशन को सौंप दिया। यह घटना फुलबारी उपजिला के नाओडांगा संघ के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय सीमा स्तंभ संख्या 933 के पास बालाटारी गांव में हुई। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार लोगों की पहचान भारत के पूर्व बर्धमान जिले की 28 वर्षीय रेशमा मंडल और दक्षिण 24 परगना जिले के 18 वर्षीय सौरव कुमार सपुई के रूप में हुई है।

# आग के बाद अमेरिका में अब बर्फबारी से तबाही

## जमा देने वाले तूफान का अलर्ट, 7 करोड़ लोगों को दी गई चेतावनी, 25 सेंटीमीटर तक बर्फबारी पड़ने का अनुमान

एजेंसी

**एपी, बोस्टन।** अमेरिका में ईस्ट कोस्ट के लाखों निवासियों को भारी बर्फबारी का सामना करना पड़ सकता है। इसके बाद उत्तर के मैदानी इलाकों से लेकर मेन प्रांत के आखिरी छोर तक देश के अधिकांश हिस्सों में कड़ाके की ठंड पड़ेगी। राष्ट्रीय मौसम सेवा द्वारा जारी की गई शीतकालीन तूफान की चेतावनी मध्य अटलांटिक के कुछ हिस्सों के लिए पहले ही प्रभावी हो गई है। इस दौरान 15 सेंटीमीटर तक बर्फबारी का अनुमान है।



**सात करोड़ लोगों को दी गई चेतावनी :** न्यू इंग्लैंड में सोमवार दोपहर से ही चेतावनी जारी कर दी है। मैसाचुसेट्स, न्यू हैंपशायर, मेन और कनेक्टिकट के कुछ हिस्सों में 25 सेंटीमीटर तक बर्फबारी हो सकती है। कालेज पार्क मैरीलैंड में राष्ट्रीय मौसम सेवा के मौसम विज्ञानी मार्क चेनार्ड ने अनुमान लगाया है कि आने वाले दिनों में न्यू इंग्लैंड और मध्य-अटलांटिक सहित सात करोड़ निवासियों को किसी न किसी तरह के शीतकालीन तूफान के खतरे की चेतावनी दी जाएगी।

**बर्फबारी के बाद होगी कड़ाके की ठंड :** फिलाडेल्फिया, न्यूयॉर्क और बोस्टन जैसे बड़े शहरों में मंगलवार शाम कई सेंटीमीटर बर्फबारी हो सकती है, जिसमें सबसे ज्यादा बर्फबारी शहरों के बाहरी इलाके में होगी। इसके बाद कड़ाके की ठंड भी पड़ेगी। चेनार्ड ने कहा कि रात के समय देश के बड़े इलाके में निश्चित रूप से सड़कों की स्थिति खतरनाक होगी। मंगलवार सुबह तक जिन सड़कों को साफ नहीं किया जाएगा, उन पर यात्रा करना खतरनाक होगा। हालांकि, यह बर्फबारी अस्त-व्यस्त सप्ताह की शुरूआत मात्र है।

### माइनस 40 डिग्री सेल्सियस की हवाए चल रहीं

अमेरिका के पूर्वी हिस्से के अधिकांश भाग को इस सर्दी के सबसे कम तापमान का सामना करना पड़ेगा। रॉकी पर्वत से लेकर उत्तरी मैदानों तक के क्षेत्र में सोमवार से लेकर आने वाले सप्ताह तक सामान्य से अधिक ठंड रहेगी। सोमवार और मंगलवार को तापमान माइनस 34 डिग्री सेल्सियस से माइनस 48 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। नॉर्थ डकोटा और मिनेसोटा के कुछ हिस्सों में माइनस 40 डिग्री सेल्सियस की ठंडी हवाएं पहले से ही चल रही हैं। ह्यूस्टन आर्कटिक बर्फबारी के लिए तैयार है, जिसमें तापमान शून्य से नीचे चला जाएगा, बफीर्ली हवाएं चलेंगी और अगले सप्ताह की शुरूआत में बर्फबारी की भी संभावना है। इसे देखते हुए पूरे शहर में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। 21 जनवरी को स्कूल बंद रखने का आदेश दिया गया है। आर्कटिक बर्फबारी के दौरान बहुत ठंडी हवाएं चलने और बफीर्ली बारिश होने की संभावना है। इससे कई दिनों तक तापमान फ्रीजिंग प्वाइंट से नीचे रहने की उम्मीद है। सप्ताह के मध्य तक ओले पड़ सकते हैं और हिमपात हो सकता है। ह्यूस्टन शहर के लिए स्थितियां रोमांचक और चुनौतीपूर्ण दोनों होंगी, क्योंकि यहां औसतन हर चार साल में एक बार ही हिमपात होता है। अधिकारियों और निवासियों ने तूफान से बचने के लिए तेजी से कदम उठाया है।

# उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता को मिली मंजूरी, जल्द होगा लागू

## बोले सीएम धामी, देवभूमि से यूसीसी की गंगोत्री पूरे देश में जाएगी

एजेंसी

**देहरादून।** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए धामी मंत्रिमंडल ने सोमवार को इसकी नियमावली को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह फैसला 2022 के विधानसभा चुनाव में जनता से किए गए वादों को पूरा करने की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम है।

सोमवार को सचिवालय में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में यूसीसी का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। हालांकि, निकाय चुनावों के चलते मंत्रिमंडल की ब्रीफिंग आयोजित नहीं हो सकी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हमारी सरकार ने जनता से जो भी वादा किया उसे पूरा किया है। हमने 2022 के विधानसभा चुनाव से पूर्व वादा किया था कि हम प्रदेश में समान नागरिक संहिता लेकर आएंगे। आज ही मंत्रिमंडल की बैठक में हमने सर्वसम्मति से यूसीसी को पारित कर दिया है, जिसे शीघ्र ही प्रदेश में लागू किया जाएगा। हमने जनता की मांग के अनुरूप ही प्रदेश में धर्मांतरण, लैंड जिहाद और थूक जिहाद, दंगा और नकल रोकने के लिए सख्त कानून बनाए हैं।



समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का वेबपोर्टल 21 जनवरी को पहली बार प्रदेशभर में एक साथ उपयोग में आएगा। फिलहाल यह कवायद सरकार के अभ्यास (मॉक ड्रिल) का हिस्सा होगी। इसके बाद यूसीसी को लागू किया जा सकता है। मॉक ड्रिल से सरकार, विशेष समिति और प्रशिक्षण टीम अपनी-अपनी तैयारियों को परख सकेंगी।

यूसीसी लागू होने पर सभी धर्म-समुदायों में विवाह, तलाक, गुजारा भत्ता और विरासत के लिए एक ही कानून। 26 मार्च 2010 के बाद से हर दंपती के लिए तलाक व शादी का पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। हलाला और इद्दत जैसी प्रथा खत्म होगी। महिला का दोबारा विवाह करने की किसी भी तरह की शर्तों पर रोक होगी। कोई बिना सहमति के धर्म परिवर्तन करता है तो दूसरे व्यक्ति को उस व्यक्ति से तलाक लेने व गुजारा भत्ता लेने का अधिकार होगा। लिव इन में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए वेब पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य होगा

ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम, महानगर पालिका स्तर पर पंजीकरण की सुविधा। पंजीकरण न कराने पर अधिकतम 25,000 रुपये का जुमार्ना। पंजीकरण नहीं कराने वाले सरकारी सुविधाओं के लाभ से भी वंचित रहेंगे। विवाह के लिए लड़के की न्यूनतम आयु 21 और लड़की की 18 वर्ष होगी। महिलाएं भी पुरुषों के समान कारणों और अधिकारों को तलाक का आधार बना सकती हैं।

**यूसीसी का सफर:** विधानसभा चुनाव में 12 फरवरी 2022 के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यूसीसी की घोषणा की। धामी मंत्रिमंडल की पहली बैठक में यूसीसी लाने के लिए फैसला लिया गया। मई 2022 में सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में विशेषज्ञ समिति बनी। समिति ने 20 लाख सुझाव ऑफलाइन और ऑनलाइन प्राप्त किए।

## डॉ. जयशंकर ने जापान व ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों से की मुलाकात

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए वाशिंगटन पहुंचे विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री पेनी वोंग से मुलाकात की।



राष्ट्रपति पद के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक होने की रिपोर्ट के बीच डॉ. जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया, जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया से मिलकर अच्छा लगा। हमने अपने द्विपक्षीय सहयोग में हुई प्रगति की समीक्षा की। इसके साथ ही, क्वाड से संबंधित घटनाक्रमों पर भी चर्चा की। डॉ. जयशंकर ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, आज वाशिंगटन डीसी में क्वाड सहयोगी एवं ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग से मिलकर बहुत खुशी हुई। उनसे हमेशा की तरह ही विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर आनंददायक चर्चा हुई। श्री ट्रम्प ने श्री मार्को रुबियो को विदेश मंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है।

## फिल्म 'छावा' के पोस्टर पर कैटरीना कैफ ने दी प्रतिक्रिया

**विक्की कौशल** की लीड रोल वाली फिल्म 'छावा' का मोशन पोस्टर हाल ही में रिलीज हुआ है। इस पोस्टर में विक्की कौशल छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म 'छावा' के इस पोस्टर पर विक्की कौशल को देखकर सोशल मीडिया पर सेलिब्रिटीज और फैन्स के रिएक्शन आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर इस पोस्टर पर विक्की की पत्नी और मशहूर एक्ट्रेस कैटरीना कैफ का आया रिएक्शन भी चर्चा में है। कैटरीना कैफ ने विक्की कौशल की 'छावा' का पोस्टर शेयर कर फायर इमोजी शेयर कर अपना खास रिएक्शन दिया। कुल मिलाकर, कैटरीना को विक्की का लुक पसंद आया। कैटरीना को उनकी फिल्म 'छावा' की शुरूआत से ही सपोर्ट कर रही हैं। फिल्म 'छावा' का ट्रेलर जल्द ही लॉन्च किया जाएगा। इस बार विक्की के साथ कैटरीना नजर आने वाली हैं।



फिल्म 'छावा' का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर 22 जनवरी को रिलीज होगा। इस ट्रेलर से पता चलेगा कि छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका में नजर आएंगे। 'छावा' में रश्मिका मंदाना को येसुबाई और अक्षय खन्ना को औरंगजेब के रूप में दिखाया जाएगा। फिल्म 'छावा' 14 फरवरी को रिलीज हो रही है। 'छावा' का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया है। वह इससे पहले 'मिमी', 'लुका छुपी' जैसी फिल्में डायरेक्ट कर चुके हैं।

## कांच उद्योग भारत की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है : जितेंद्र

एजेंसी

**कोलकाता।** केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत के भविष्य की आर्थिक प्रगति में कांच उद्योग की भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने कांच उद्योग के विकास के लिए शिक्षाविदों, अनुसंधान एवं विकास केंद्रों और निजी क्षेत्र के बीच बेहतर समन्वय और जागरुकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। वे कोलकाता में आयोजित ₹अंतरराष्ट्रीय कांच कांग्रेस₹ में शामिल हुए जिसका आयोजन सीएसआईआर-सेंट्रल ग्लास एंड सेरामिक रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा किया गया। मंत्री ने कहा कि कांच उद्योग में रीसाइक्लिंग क्षमता है, जो इसे स्थिरता के लिए आवश्यक बनाता है। उन्होंने 'एक संस्थान, एक थीम' के दृष्टिकोण को अपनाने का सुझाव दिया ताकि बेहतर समन्वय और परिणाम प्राप्त किए जा सकें। इसके साथ ही उन्होंने कांच उद्योग के योगदान के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक राष्ट्रीय अभियान की आवश्यकता पर भी जोर दिया। जितेंद्र सिंह ने शैक्षणिक संस्थानों, स्टार्टअप और उद्योगों के बीच सहयोग बढ़ाने की जरूरत बताई। उन्होंने मुंबई में स्थापित नए सीएसआईआर इनोवेशन कॉम्प्लेक्स का जिक्र करते हुए कहा कि यह भारत की स्टार्टअप यात्रा के एक महत्वपूर्ण समय में स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा, भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है, जिसमें 100 से अधिक यूनिकॉर्न शामिल हैं।

## आशीष मिश्रा पर गवाहों को प्रभावित करने का आरोप, सुप्रीम कोर्ट ने दिया जांच का आदेश

लखीमपुर खीरी हिंसा

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2021 में किसान आंदोलन के दौरान लखीमपुर खीरी में आठ लोगों की हत्या से संबंधित मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा द्वारा संबंधित गवाहों को प्रभावित करने के आरोपों की जांच करने का सोमवार को उत्तर प्रदेश पुलिस को निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने संबंधित पक्षों को निर्देश दिया कि वे (गवाहों को कथित तौर पर धमकाने) आरोपों से संबंधित सभी दस्तावेज संबंधित पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत करें। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही पुलिस अधिकारी को चार सप्ताह के भीतर रिपोर्ट दाखिल करने का भी निर्देश दिया।



पीठ के समक्ष मृतक के परिवार के सदस्यों की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने दावा किया कि आरोपी की ओर से अपनी जमानत शर्तों का उल्लंघन करते हुए गवाहों को प्रभावित किया जा रहा है। इसके विपरीत आरोपी के वकील सिद्धार्थ दवे ने तर्क देते हुए कहा कि आवेदक मीडिया की सुर्खियां बटोरने के लिए ऐसे आरोप लगाते रहे। उन्होंने दावा किया कि जहां तक ??आरोपों (गवाहों को प्रभावित करने) का सवाल है, प्रतिवादी मौके पर मौजूद भी नहीं था। इस पर पीठ ने कहा, ह्लऐसी सामग्रियों की सत्यता, वास्तविकता और विश्वसनीयता की जांच पुलिस द्वारा की जा सकती है, जिसे एक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी चाहिए। गौरतलब है कि शीर्ष अदालत ने जनवरी 2023 को इस मामले में आशीष मिश्रा को अंतरिम जमानत दी थी और उसे जेल से रिहा होने के एक सप्ताह के भीतर उत्तर प्रदेश छोड़ने का भी निर्देश दिया था।

यह आदेश (जिसे शुरू में कई बार बढ़ाया गया) बाद में भी लागू रहा। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में अक्टूबर 2021 में आठ लोगों की उस समय मौत हो गई थी।

# संवाद के बिना अभिव्यक्ति अधूरी है : धनखड़

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि लोकतांत्रिक राजनीति संवाद पर पनपती है और संवाद के बिना अभिव्यक्ति अधूरी है। श्री धनखड़ यहां भारतीय विद्या भवन के परिसर में नंदलाल नुआल भारत अध्ययन केंद्र के भवन की आधारशिला रखने के बाद एक समारोह को संबोधित करते हुए कि लोकतांत्रिक राजनीति संवाद पर पनपती है। अभिव्यक्ति और संवाद लोकतंत्र के लिए मौलिक हैं। उन्होंने कहा , ह्लअगर हमें अभिव्यक्ति का अधिकार नहीं है तो हम लोकतंत्र में रहने का दावा नहीं कर सकते और संवाद के बिना अभिव्यक्ति अधूरी है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि संवाद का अभाव सर्वनाश कर सकता है। संवाद का अभाव लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए मृत्यु की घंटी हो सकता है। अलग-अलग दृष्टिकोणों पर विचार करना लोकतंत्र का अमृत है। लोकतंत्र भय या उपहास से मुक्त समावेशी संवाद के माध्यम से पनपता है। उन्होंने कहा, हमारी भारतीय संस्कृति पर एक नजर डालने से पता चलता है कि संवाद मुद्दों को हल करने का केंद्र था।



हमारे शास्त्र और इतिहास इस बात पर जोर देते हैं कि संवाद संघर्षों को हल करता है और समाज को बनाए रखता है। श्री धनखड़ ने कहा कि जब कोई सभ्यता स्वदेशी भूमि के माध्यम से अपनी जड़ों को फिर से खोजती है, तो वह न केवल जीवित रहती है, बल्कि दुनिया के भविष्य को भी आलोकित करती है। उन्होंने कहा, एक राष्ट्र के रूप में विश्व शांति और सद्भाव में योगदान देना हमारी नियति में हैं। यह राष्ट्र वसुधैव कुटुम्बकम में निहित सभी के कल्याण की भावना को आगे बढ़ाने के लिए विलक्षण तरीके से खड़ा है ।ह्व उन्होंने कहा कि वेदांत, बौद्ध धर्म और जैन धर्म भारत की समावेशी दार्शनिक परंपराओं को प्रदर्शित करते हैं। वेदांत, बौद्ध धर्म, जैन धर्म और अन्य दार्शनिक विचारधाराओं ने हमेशा संवाद और सह-अस्तित्व को प्रोत्साहित किया है। आज की ध्रुवीकृत दुनिया में ऐसे सिद्धांत बहुत ही मूल्यवान हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया का कोई भी देश दूसरों के लिखे गए इतिहास और परंपराओं का अध्ययन और उनकी व्याख्या करके आगे नहीं बढ़ पाया है। भारतीय इतिहास का पहला मसौदा उपनिवेशवादियों ने लिखा था। उनके पास भारत के ग्रंथों और परंपराओं को देखने का बड़ा ही विकृत दृष्टिकोण था। उनका एक ही उद्देश्य था कि इतिहास में हमारे उन प्रतिष्ठित व्यक्तियों को उल्लेख से दूर रखा जाए जिन्होंने अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा, औपनिवेशिक शासन ने हमारी शिक्षा प्रणाली पर एक बाहरी ढांचा थोप दिया और इतना ही नहीं, उन्होंने स्वदेशी परंपराओं को अवैज्ञानिक और अप्रासंगिक बताकर तिरस्कारपूर्वक खारिज कर दिया। यह उनकी मानसिक खामी और अदूरदर्शी सोच थी। वे हमारे ज्ञान-विज्ञान की गहराई और तर्कसंगतता की सराहना नहीं कर सके। इसने न केवल भारतीयों को बौद्धिक जड़ों से अलग कर दिया, बल्कि सहस्त्राब्दियों से पनप रही ज्ञान प्रणाली के जैविक विकास को भी बाधित कर दिया।

